आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* गंगा दशहरा”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 130 | उज्जैन, मंगलवार 26 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 10 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## महाराष्ट्र में 800 फीट गहरी खाई में गिरी कार, 8 लोगों की मौत

### मोबाइल से लोकेशन मिली, कर्नाटक में नदी में डूबने से एक ही परिवार के 11 लोगों की गई जान

एजेंसी ▸▸ रायगढ़

महाराष्ट्र और कर्नाटक में दो हादसों में 19 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के रायगड में पोलादपुर-महाबलेश्वर रोड के अंबेनली घाट इलाके में रविवार सुबह एसयूवी कार 800 फीट गहरी खाई में गिर गई। घटना में 8 लोगों की मौत हो गई। पीड़ित परिवारों की शिकायत पर पुलिस ने मृतकों के मोबाइल की लास्ट लोकेशन ट्रेस की। तब जाकर घटना की जानकरी मिली।

इधर, कर्नाटक के भटकल में रविवार दोपहर तट्टीहक्कल नदी में सीप इकट्ठा करते समय डूबने से एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई। कुल 14 लोग थे, जिनमें से 3 का रेस्क्यू किया गया था। एनडीआरएफ के मुताबिक, घटना की जानकारी रविवार शाम 5 बजे मिली थी, 10 शव आज बरामद हुए।



**घटना के 24 घंटे बाद मोबाइल से लोकेशन मिली**

पुलिस ने बताया कि सभी 8 लोग रविवार रात 2 बजे एसयूवी कार से डापोली के हार्नै से सतारा के लिए रवाना हुए थे। जब वे सतारा नहीं पहुंचे, तो उनके परिजनों ने दोपहर में उनकी तलाश शुरू की। जब कुछ पता नहीं चला तो पुलिस से संपर्क किया। जांच के दौरान कार में सवार लोगों के मोबाइल फोन की लास्ट लोकेशन ट्रेस की गई। सभी की आखिरी लोकेशन पोलादपुर के पास ट्रेस हुई। इसके बाद अंबेनली घाट इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सोमवार सुबह पुलिस को 800 फीट गहरी खाई में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कार मिली। इसके बाद लोकल की रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। इसके बाद खाई में उतरा गया। 2 शव रेस्क्यू किए गए। 3 शव की लोकेशन मिली। बाकी शवों की तलाश जारी है। शवों को एहतियात के साथ खाई से निकाला गया।

**कर्नाटकः एक-दूसरे को बचाने में बह गए**



कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के भटकल में रविवार को एक ही परिवार के 11 लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें 9 महिलाएं शामिल हैं। परिवार के 14 लोग तट्टीहक्कल कालिनट्टी स्ट्रीम में सीपियां (क्लैम्स) इकट्ठा करने गए थे। पुलिस के मुताबिक, शरदाहोले गांव का परिवार सीपियां इकट्ठा करने उस जगह गया था, जहां स्ट्रीम अरब सागर से मिलती है। सीपियां इकट्ठा करना इस इलाके का मौसमी काम माना जाता है। जब सभी स्ट्रीम में उतरे, तब पानी का बहाव कम था, लेकिन जैसे ही वे गहराई में उतरे तो हाई टाइड की वजह से पानी का बहाव तेज हो गया। स्ट्रीम में ज्यादा गाद होने से लोग तुरंत पानी से बाहर नहीं आ सके। इन लोगों को तैराना भी नहीं आता था। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी ने एक-दूसरे हाथ पकड़े रहे लेकिन तेज बहाव में बहते चले गए।

## देश विदेश

### चीन ने कहा भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले से दूर रहे

**बीजिंग।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं। दलाई लामा भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

### मोदी मेरे दोस्त, भारत मुझ पर 100% भरोसा कर सकता है : ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को अपना महान दोस्त बताया और कहा कि वे मोदी के बहुत बड़े फैन हैं। ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका पर 100% भरोसा कर सकता है। अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में ट्रम्प ने अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर को फोन करके लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- मुझे भारत से प्यार है। आपको (एम्बेसडर गोर) हमारे देश के प्रतिनिधि के तौर पर अच्छी स्पीच देनी होगी। मैं सबको गुड इवनिंग कहना चाहता हूं। मुझे प्रधानमंत्री से प्यार है। पीएम मोदी महान हैं, वह मेरे दोस्त हैं। मोदी को हैलो कहो। मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं।

### अमृतसर में कपिल शर्मा के घर पर फायरिंग का दावा



**2 राउंड फायरिंग की, पुलिस का इनकार**
**कनाडा में कैफे पर भी चल चुकी गोलियां**

**अमृतसर।** कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के अमृतसर स्थित घर के बाहर सोमवार को फायरिंग होने की खबर आई। कपिल के परिवार से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि हमलावर बाइक पर आए और 2 राउंड फायरिंग करके भाग गए। अभी तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। एसीपी कमलजीत सिंह औलख ने कहा- गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। अमृतसर के पॉश इलाके हॉली सिटी में कपिल शर्मा का घर है। पुलिस ने इलाके को सील कर दिया। आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए। घर और आसपास के वीआईपी घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया। इस घर में कपिल की बहन और जीजा रहते हैं, जबकि कपिल शर्मा फिलहाल परिवार के साथ मुंबई में हैं। इससे पहले उनके कनाडा में स्थित कैफे पर 3 बार फायरिंग हुई थी। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि फायरिंग की घटना को लेकर कुछ गैर-जिम्मेदार लोग अफवाहें फैला रहे हैं। सभी से अपील है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सोर्स से जारी सही जानकारी पर ही भरोसा करें। कपिल शर्मा का कैप्स कैफे कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सरे में है। इस पर जुलाई, अगस्त और अक्टूबर 2025 में भी फायरिंग हुई थी। जुलाई में हुए हमले में हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की थी। तब हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लाडी ने ली थी। इसके बाद अगस्त में कैफे पर फायरिंग की गई। इसमें कैफे की खिड़कियों में छह गोलियों के निशान और टूटा हुआ शीशा दिखाई दिया था। तब लॉरेंस गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लों का एक पोस्ट वायरल हुआ था, इसमें कपिल के कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली गई थी। तीसरी बार अक्टूबर में कैफे पर फायरिंग हुई। फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर सिद्धू नेपाली ने ली थी।

### सेंसेक्स 1074 अंक चढ़कर 76,489 पर बंद

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स 25 मई को 1074 अंक (1.42%) की तेजी के साथ 76,489 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 312 अंकों (1.32%) की तेजी रही, ये 24,032 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में ऑटो, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही, जबकि निफ्टी एफएमसीजी में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में दावा किया था कि ईरान जंग खत्म करने का समझौता 'लगभग फाइनल' हो चुका है। दोनों देशों के बीच अभी आखिरी डिटेल्स पर काम चल रहा है। खाड़ी देशों के नेताओं और इजरायली प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद ये समझौता फाइनल हो रहा है। ट्रम्प ने कहा कि समझौते के तहत स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को फिर से खोला जाएगा।

### ट्रम्प मुस्लिम देशों से बोले इजराइल को मान्यता दो

**वॉशिंगटन।** ईरान युद्ध को खत्म करने की बातचीत के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब सिर्फ सीजफायर या शांति समझौते तक सीमित नहीं रहना चाहते। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह पूरे पश्चिम एशिया की राजनीतिक तस्वीर बदलने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प का मकसद यह है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म होने के बाद ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम और अरब देश इजराइल को आधिकारिक मान्यता दें और अब्राहम अकॉर्ड्स (समझौते) में शामिल हों। इससे पाकिस्तान जैसे देशों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। ट्रम्प ने शनिवार को कई मुस्लिम और अरब देशों के नेताओं के साथ एक हाई-लेवल कॉन्फ्रेंस कॉल की। इसमें सऊदी अरब, यूएई, कतर, पाकिस्तान, तुर्किए, मिस्र, जॉर्डन और बहरीन के नेता शामिल थे।

## गुलमर्ग रोपवे अचानक रुका, 300 पर्यटक फंसे

### रस्सियों के सहारे निकाला गया, श्रीनगर से 51 किमी दूर बना है दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रोपवे

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

दुनिया के दूसरे सबसे ऊंचे गुलमर्ग केबल कार रोपवे (गुलमर्ग गोंडोला) पर सोमवार को तकनीकी खराबी आ गई। इससे रोपवे के सभी केबिन बीच में रुक गए। 300 से ज्यादा पर्यटक फंस गए, इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हैं।

कई पर्यटक घबराकर रोने और चिल्लाने लगे। घटना की सूचना मिलते ही श्रीनगर से स्पेशल रेस्क्यू टीमें मौके पर भेजी गई। रोपवे पर 62 केबिनों (ट्रॉली) में से 10 को खाली करा लिया गया है। कई लोगों को रस्सियों के सहारे नीचे उतारा।

श्रीनगर और गुलमर्ग गोंडोला की दूरी 51 किमी है। सेना के साथ एसडीआरएफ-एनडीआरएफ टीमें भी मौके पर मौजूद हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। यह जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग को अफरवात पीक से जोड़ता है। इसमें कुल 108 केबिन कार हैं। एक बार में एक केबल कार में 6 लोग बैठ सकते हैं।



**सीएम बोले- पर्यटक सुरक्षित, एलजी ने कहा- हालात पर मेरी नजर**

- घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। सभी केबिन और उसमें फंसे पर्यटक सुरक्षित हैं। लोगों को बाहर निकालने के लिए प्रशिक्षित टीमें ऑपरेशन चला रही हैं। घबराने की कोई जरूरत नहीं है।
- जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा- केबल कार के केबिनों में फंसे पर्यटकों के रेस्क्यू ऑपरेशन पर मैं नजर रख रहा हूं। मैंने डीजीपी को घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया है। पुलिस, सेना, एसडीआरएफ, डीसी और एसएसपी की जॉइंट टीम मौके पर मौजूद है।
- गुलमर्ग रोपवे एशिया का सबसे ऊंचा और सबसे लंबा केबल कार प्रोजेक्ट है। यह दुनिया की दूसरी सबसे लंबी और दूसरी सबसे ऊंची केबल कार है। यह दो फेज में गुलमर्ग के आधार से कोंगदोरी और फिर अफरवत चोटी तक जाती है।

## चांदी 5,100 रु. बढ़कर 2.71 लाख रु. पहुंची

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने-चांदी के दाम में 25 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 740 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 5,100 रुपए बढ़कर 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

## धार के भोजशाला में बनेगा सरस्वती लोकः सीएम यादव

### भोज शोध संस्थान भी बनाएंगे, आंदोलन में 3 शहीदों के परिवारों को 5-5 लाख की सहायता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को धार पहुंचे। उन्होंने ऐतिहासिक भोजशाला में मां वाग्देवी के दर्शन-पूजन किए। यहां सरस्वती लोक और भोज शोध संस्थान बनाने की ऐलान किया। उन्होंने भोजशाला आंदोलन में शहीद हुए तीन बलिदानियों लक्ष्मण सिंह पंचघाटी, बनसिंह अमझेरा, अंतर सिंह के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। भोज शोध संस्थान बनाने का ऐलान भी किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि साढ़े सात सौ साल के संघर्ष के बाद भोजशाला को लेकर जो निर्णय आया है, उसके लिए धारवासी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने जय जय सियाराम के उद्घोष के



साथ भाषण की शुरूआत की और कहा कि गंगा दशहरा पर उन्हें भोजशाला में मां वाग्देवी के दर्शन का सौभाग्य मिला।

सीएम ने भोजशाला आंदोलन में शहीद हुए तीनों बलिदानियों के परिजनों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक नीना विक्रम वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**तेल की कीमतों में फिर वृद्धि**

## पेट्रोल-डीजल ने 10 दिन में चौथी बार दिया झटका




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट के हालात के चलते पेट्रोल डीजल ने एक बार फिर झटका दिया है। इस बार पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा हुआ है। महीने में यह चौथी बार जब पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़े हैं। बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में सोमवार 25 मई को लगातार चौथी बार बढ़ोतरी हुई है। डीजल 2.71 रुपये और पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके बाद दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है।

## महिला को मारकर खाने वाले बाघ की भी हुई मौत



दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपूर

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक महिला को मारकर खाने वाले बाघ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामला पनपथा रेंज के खेरवाटोला गांव का है, जहां रविवार, 24 मई को तड़के जंगल से भटककर पहुंचे एक नर बाघ ने महिला पर हमला कर दिया था, हमले में महिला की मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य घायल हो गए थे। वहीं मृत बाघ (टाइगर) को पोस्ट मार्टम के लिये सोमवार 25 मई को जबलपुर के वेटरनरी अस्पताल लाया गया। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौत के कारणों की जांच करेगी। बताया जाता है कि घटना के बाद बाघ करीब छह घंटे तक मृतका के शव के पास बैठा रहा। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम रेस्क्यू के लिए पहुंची और बाघ को ट्रेंकुलाइज किया, इसके कुछ देर बाद बाघ की भी मौत हो गई। एक्सपर्ट का कहना है कि बाघ की मौत की वजह ओवरडोज या फिर एंटीडोज देने में देरी से हुई हो सकती है।

**एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में**

## रिटायर्ड जज सास को हाईकोर्ट का नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने आरोपी सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस राज्य सरकार और ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की उस याचिका पर जारी हुआ, जिसमें ट्रायल कोर्ट से मिली गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत का विरोध किया गया है।

सोमवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा कि गिरिबाला जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। वहीं, गिरिबाला सिंह के वकील मृगेंद्र सिंह ने कहा- यह कहना गलत है कि हम जांच में सपोर्ट नहीं कर रहे हैं। हमें पिटीशन के दस्तावेज नहीं मिले हैं, इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

सोमवार सुबह सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी आरोप लगाया था कि ट्विशा की सास और पूर्व जज गिरिबाला सिंह जांच में बाधा डाल रही हैं।

वहीं भोपाल जिला कोर्ट ने रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह मामले की सुनवाई मंगलवार तक के लिए टाल दी है। पुलिस प्रतिवेदन नहीं मिलने के कारण सुनवाई स्थगित की गई।

**सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से पूछा-पिछली गलती से क्या सीखा, कोई सबक नहीं लिया, ये दुखद**

## नीट पेपर लीक पर केंद्र-सीबीआई से भी जवाब मांगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- यह दुखद है कि एनटीए ने पहले हुए पेपर लीक मामले से कोई सबक नहीं लिया।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच सोमवार को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन, यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट औरअन्य याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा, यह मामला 2024 में भी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था।




कोर्ट ने निर्देश दिया कि एनटीए गुरुवार तक हलफनामा दाखिल करे और बताए कि 2024 में दिए गए निर्देशों और मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए। साथ ही केंद्र सरकार और सीबीआई से भी जवाब मांगा है।

**एफएआईएमए की याचिका में मांगें**

नीट-यूजी कराने के लिए एनटीए की जगह एक मजबूत और स्वायत्त व्यवस्था बनाई जाए या फिर इसकी पूरी संरचना बदली जाए। क्योंकि बार-बार पेपर लीक होने से 22.7 लाख से ज्यादा छात्रों के मौलिक अधिकारों पर सीधा असर पड़ा है। ई संस्था बनने तक एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी बनाई जाए, जो दोबारा परीक्षा की निगरानी करे। इसमें रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज को चेयरमैन बनाया जाए, साथ ही साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट और फोरेंसिक साइंटिस्ट को शामिल किया जाए, ताकि पेपर लीक से रोका जाए।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## धोखेबाजों से बचाने की रणनीति बने...

बाबा की नगरी में बाबा के दर पर धोखेबाजी के मामले कोई नई बात नहीं बची है। ये आए दिन का मामला हो चुका है। देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं में से न जाने कितने ही अब तक इसका शिकार हो चुके हैं। कुछ ने इस धोखेबाजी के खिलाफ आवाज उठाई और कुछ बगैर आवाज उठाए ही यहां से चले गए। आए दिन ऐसे मामले इस बात का द्योतक हैं कि हम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोई ऐसी स्ट्रेटेजी नहीं बना पा रहे हैं कि वे आएं और धोखेबाजों का शिकार हुए बगैर पूरी सुरक्षित तरीके से अपनी यात्रा को अंजाम देकर लौट जाएं और धोखेबाज हाथ मलते रह जाएं।




हाल ही में पास के लाल मिट्टी के जिले में माई के दरबार में भी ऐसे ही धोखेबाजों के मामले उठे हैं। वहां मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए कहा है कि कुछ अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा मंदिर परिसर में घूम-घूमकर श्रद्धालुओं को हवन-पूजन कराने के नाम पर निजी स्थानों पर ले जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही हवन कराने हेतु अनावश्यक दबाव भी बनाया जा रहा है। समिति ने इस कृत्य को पूर्णतः अनुचित एवं समिति के नियमों के विरुद्ध बताया है। समिति द्वारा बताया गया कि मंदिर में हवन-पूजन की समस्त व्यवस्थाएं अधिकृत रूप से मंदिर परिसर में ही संचालित की जाती हैं। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि हवन, पूजन अथवा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए केवल मंदिर कार्यालय से ही संपर्क करें तथा मंदिर समिति द्वारा जारी अधिकृत रसीद प्राप्त करने के उपरांत ही पूजन कार्य सम्पन्न करवाएं। खुसूर-फुसूर है कि हाईटेक युग में बार-बार ऐसे मामलों का सामने आना यह दर्शा रहा है कि हम आम श्रद्धालु तक अपनी पहुंच नहीं बना पा रहे हैं। या यूं कहें की हमारे प्रयास श्रद्धालुओं को धोखाधड़ी से बचाने में नाकाफी हैं। कई महत्वपूर्ण मंदिरों ने अपनी व्यवस्था अब हाईटेक करते हुए एक सिंगल नंबर जारी किया है। इस पर जिस नंबर से काल किया जाता है उसी नंबर के व्हाटसप पर मंदिर से संबंधित लेटेस्ट जानकारी मिल जाती है। इसी तरह का कोई सुरक्षित उपाय हमारे यहां के देव स्थानों पर भी अपनाया जाना चाहिए और उसके साथ ही देश स्तर पर मंदिर प्रबंध समिति के अधिकृत नंबर एवं वेब साईट का प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए। जिससे श्रद्धालुओं को ज्यादा से ज्यादा जानकारी हो सके। वर्तमान में मोबाईल नंबरों पर सरकारी कंपनी अपने संदेश भेजती है वैसे ही देश भर में श्रद्धालुओं को सर्विस संदेश भेजकर अधिकृत वेब साईट एवं अधिकृत नंबर भेजकर इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए।

## न्यूज कॉलम

### पुरुषोत्तम मास में गौ माता को खिलाए 55 प्रकार के फल और सब्जियां



**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री वल्लभ वैष्णव मंडल द्वारा विशेष मनोरथ सप्ताह के अंतर्गत रविवार को गौ चारण मनोरथ का आयोजन किया गया। इस दौरान गौ माता की शोभायात्रा निकाली गई और सुरभि गार्डन में उन्हें 55 प्रकार के फल व सब्जियों का गौ ग्रास कराया गया। इसके साथ ही महाप्रभुजी की बैठक पर माखन चोरी के मनोरथ के विशेष दर्शन आयोजित किए गए। मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में गोधूलि वेला में महाप्रभुजी की बैठक से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें ग्वाल बैलगाड़ी पर सवार होकर सुरभि गार्डन पहुंचे। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मार्ग में सैकड़ों वैष्णवों ने कृष्ण स्वरूप और ग्वालों पर पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम के मुख्य मनोरथी विजय तिवारी ने सर्वप्रथम गौ माता का पूजन किया। इसके पश्चात सुरभि गार्डन में सजे 55 प्रकार के फल और सब्जियों के स्टॉल पर वैष्णवों व ग्वालों ने अपने हाथों से गौ माता को भोजन कराया। गौ ग्रास के पश्चात सुरभि गार्डन में छाक लीला महोत्सव मनाया गया। इसमें बच्चे और बड़े मटकी लेकर शामिल हुए और ठाकुर जी का प्रसाद सभी वैष्णवों में वितरित किया गया।

### प्रभारी मंत्री टेटवाल ने गयाकोठा ऋषि तलाई से किया शुभारंभ

# गंगा दशमी पर 10 लाख पौधारोपण का श्रीगणेश

## नगर निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में 3 लाख गड्ढे किए, 7 लाख के लिए स्थान चयनित






### गंगा दशहरा पर क्षिप्रा घाटों पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान साधु-संतों ने की पूजा-अर्चना

उज्जैन में गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को श्रद्धा और आस्था का माहौल रहा। पवित्र क्षिप्रा नदी के घाटों पर सुबह से ही स्नान और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। साधु-संतों, महामंडलेश्वरों और देश-विदेश से आए अनुयायियों ने विधि-विधान से मां गंगा और क्षिप्रा नदी का पूजन कर पुण्य स्नान किया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रवींद्र पुरी और महामंत्री हरिगिरि महाराज सहित कई संतों ने क्षिप्रा में डुबकी लगाई। उन्होंने सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गंगा दशमी पर नगर निगम के 10 लाख पौधारोपण का श्री गणेश किया गया है। प्रभारी मंत्री ने गयाकोठा ऋषितलाई से इसका शुभारंभ किया है। इसी के साथ यहां श्रमदान भी किया गया। इस अवसर पर आईईसी एजेंसी के सदस्यों द्वारा मानव श्रृंखला बना कर जल संरचनाओं के संवर्धन का संदेश दिया गया।

इसी के साथ ही उपस्थित अतिथियों द्वारा ऋषि तलाई पर वृहद पौधारोपण अभियान का आरंभ करते हुए पौधारोपण किया गया। जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा अंकपात मार्ग गायकोटा स्थित ऋषि तलाई पर वृहद पौधारोपण एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक अनिल जैन कालीहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल आयुक्त अभिलाष मिश्रा के विशेष अतिथि में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ ऋषि तलाई के गहरीकरण कार्य हेतु श्रमदान किया गया गया आयोजन के अवसर पर फ्लेक्सी पेवमेंट का डेमो दिया गया।

### लक्ष्य 10 लाख का गड्ढे 3 लाख

उज्जैन शहर को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत रखते हुए आगामी समय में निगम द्वारा 10 लाख से अधिक पौधों को लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में 03 लाख से अधिक गड्ढों को विभिन्न क्षेत्रों में किया जा चुका है। ऐसे स्थानों का चयन किया गया है जहां वृहद स्तर पर पौधारोपण किए जा सकते हैं।

### ये जगह पौधा रोपण के लिए चयनित

पौधारोपण के अंतर्गत निगम द्वारा जो प्रमुख स्थान चयनित किए गए हैं जिसमें विक्रम विश्वविद्यालय, एमआर 5 ट्रांसफर स्टेशन, मेघदूत पार्किंग के पीछे, चकोर पार्क, शक्तिपथ रोड, शहर के वार्डों में स्थित 400 से अधिक उद्यान, शहर के विभिन्न मार्गो, सड़क किनारे, संस्थानिक भूमि और अन्य सरकारी कार्यालय, सभी जलाशयों के किनारे, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कपिला गौशाला, काल भैरव मंदिर, गोंदिया टेचिंग ग्राउंड इत्यादि क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य स्थानों पर भी वृहद स्तर पर पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्षा ऋतु के आरंभ होने पर पौधारोपण कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। सभी पौधों को जिओ टेग किया जाना है।

### माधव कालेज प्राचार्य पर मनमानी का आरोप, थाने में आवेदन दिया

# बगैर प्रक्रिया पूर्ण किए अजा छात्र को कॉलेज से किया निष्काषित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शासकीय माधव महाविद्यालय प्राचार्य पर एम ए द्वितीय सेमेस्टर दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी एवं शाजापुर निवासी अखिलेश पिता शंकरलाल अस्तेय ने जातिगत आधार पर दुर्भावना पूर्वक कॉलेज से निष्काषित करने का आरोप लगाया है। छात्र ने इसे लेकर अजाजजा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग रखी है। साथ ही कहा कि प्राचार्य श्रीमती डॉ. कल्पना सिंह ने नियम कानून को ताक में रखकर ऐसा किया है।

छात्र ने बताया कि वह 8 मई को शैक्षणिक कार्य से कालेज गया था। इस दौरान प्राचार्या कुछ विद्यार्थियों को विशेष सुविधा के हिसाब से अलग कमरे में परीक्षा दिलवा रही थी । इस पर मैने आपत्ति ली थी। परीक्षा दे रहे ऐसे विद्यार्थियों का वीडियों अपने मोबाइल से बनाया था। इस पर नाराज




हुई और जाति सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए कहा कि तुम्हे ज्यादा नेतागिरी चढ़ रही है। अभी पुलिस में नकल में मदद करने तथा शासकीय कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने का मुकदमा दर्ज करवा दूंगी। सब नेतागिरी धरी रह जाएगी, भविष्य बर्बाद हो जाएगा। इस दौरान छात्र हिमांशु शुक्ल एवं रोहित लश्करी भी उपस्थित थे। इसके बाद 13 मई को मुझे बुलाकर पुनः धमकाया गया। शासकीय कार्य में बाधा व परीक्षार्थियों को नकल करवाने का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देकर एक शपथ पत्र का प्रोफार्मा कम्प्यूटर से निकाल कर दिया और स्टाम्प पर इसे लाकर देने का कहते हुए प्राचार्या ने रूपए 200/- भी दिए। मैडम के द्वारा दिए गए प्रोफार्मा अनुसार शपथ पत्र तैयार कर मैडम को दिया गया। इसके उपरांत 20 मई को महाविद्यालय पहुंचने पर एक माह के निलंबन का पत्र मुझे दिया गया। इस पर प्राचार्या को निलंबन की प्रक्रिया के पालन के संबंध में कहा गया तो प्राचार्य ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए धक्के देकर कॉलेज से निकाल दिया और बोला कि आज के बाद कॉलेज में नजर आया तो तुझे पुलिस में रिपोर्ट डालकर जेल भिजवा दूंगी तेरा भविष्य खराब कर दूंगी तूने अभी नेट व सेट की जो एक्जाम दी है भविष्य में कहीं भी नौकरी करने लायक नहीं छोड़ूंगी। सभी घटना कॉलेज में लगे सी सी टीवी कैमरों में कैद हुई है जिनको जब्त कर साक्ष्य देखे जा सकते हैं।

### ये है निष्कासन की प्रक्रिया

विधि के जानकारों के अनुसार किसी भी विद्यार्थी को विद्यालय / महाविद्यालय से दंड स्वरूप निष्कासन की प्रक्रिया में नियमों का पालन किया जाना आवश्यक है। इस प्रक्रिया के बगैर निष्कासन विधिमान्य नहीं होता है। ऐसे मामलों में निष्कासन को न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।

1. **शिकायतः** टीचर, वार्डन या दूसरे छात्र लिखित शिकायत करते हैं।
2. **शो-कॉज नोटिसः** कॉलेज 7-15 दिन में जवाब मांगता है। क्यों न आपको निकाला जाए?
3. **जांच कमेटीः** प्रॉक्टर / अनुशासन समिति गवाह बुलाती है, सबूत देखती है।
4. **सुनवाईः** छात्र को अपना पक्ष रखने का मौका मिलता है। वकील ले जा सकते हो।
5. **फैसलाः** प्रिंसिपल / वीसी फाइनल ऑर्डर निकालते हैं।

### तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर

# आशा कार्यकर्ताओं का कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन

## भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग की आशा एवं उषा कार्यकर्ताओं ने तीन माह से भुगतान नहीं मिलने के विरोध में सोमवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचीं आशा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि पिछले तीन महीनों से वेतन और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। कई परिवारों के सामने रोजमर्रा के खर्च चलाने तक की समस्या खड़ी हो गई है।

**काम के बदले दाम नहीं मिल रहा-** आशा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष निर्मल यादव ने बताया कि वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा हर साल एक हजार रुपये बढ़ाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक उसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि समय पर किसी प्रकार का इंसेंटिव नहीं मिलता और आयुष्मान कार्ड बनाने का भुगतान भी अब तक लंबित है। उन्होंने बताया कि जनवरी, फरवरी और मार्च का भुगतान अधूरा है, जबकि अप्रैल और मई का इंसेंटिव अभी तक जारी नहीं किया गया। लाखों रुपये का बजट आने के बावजूद आशा कार्यकर्ताओं को भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

### परिवार चलाने में हो रही परेशानी

आशा कार्यकताओं ने बताया कि लगातार भुगतान अटकने से उनकी आर्थिक स्थिति नाजुक हो चुकी है। कई महिलाएं विधवा और परित्यक्ता हैं तथा पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। ऐसे में घर चलाना और बच्चों का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कम मानदेय में काम करने के बावजूद उन्हें समय पर भुगतान नहीं मिल रहा, जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पूर्ण भुगतान तक जारी रहेगी हड़ताल

आशा एवं उषा कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनका पूर्ण भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि भुगतान होने तक कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा।

## आरबीआई से बैंकों में मांग की तुलना सिर्फ 25 प्रतिशत मिल रहा केश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पिछले कुछ दिनों से बैंकों में नकदी की शार्टेज की समस्या खड़ी हो गई। डिमांड की तुलना आरबीआई से 25 प्रतिशत नकदी मिल पा रही है। ऐसे में बैंक ग्राहकों को परेशानी होना शुरू हो गई। अधिकारी नकदी के बजाय आरटीजीएस करने की सलाह देने लगे हैं। पिछले करीब 10-12 दिनों से अचानक बढ़ी केश की डिमांड को लेकर बैंक अधिकारी भी पसोपेश में है। ज्यादातर बैंकों ने आरबीआई को पत्र भेजकर ज्यादा नकदी की मांग भी की। डिमांड के मुताबिक केश की उपलब्धता नहीं होने के कारण बैंक अफसरों को अपने स्तर से ही मैनेज करना पड़ रहा है। हर दिन मिलने वाली केश की उपलब्धता के आधार पर अधिकारियों ने केश की लिमिट तय करना शुरू दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को नकदी मिल जाए।

## शिप्रा का अस्तित्व बचाने के लिए आज से आमरण अनशन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक और अधिवक्ता आचार्य सत्यम सत्यनारायण पुरोहित(75) ने केंद्र और राज्य सरकार पर पौराणिक शिप्रा नदी सहित देश की नदियों के अस्तित्व को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गाय, गंगा, गौरी और पर्यावरण संरक्षण को लेकर पिछले 14 सालों से लगातार अनदेखी की जा रही है। इसी के विरोध में उन्होंने मंगलवार सुबह 10 बजे से नृसिंह घाट पर आमरण अनशन शुरू करने का निर्णय लिया है। आचार्य सत्यम ने बताया कि आमरण अनशन और सत्याग्रह की सूचना राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, स्थानीय प्रशासन और विपक्ष के नेताओं को भेज दी गई है।

### रीवा में साध्वियों के साथ हुई घटना के विरोध में समाजजनों ने निकाली मौन रैली

# राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में सकल जैन समाज ने सोमवार को विशाल मौन रैली निकाली। यह रैली रीवा में जैन साध्वियों के साथ हुई घटना के विरोध में आयोजित की गई थी। समाजजनों ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने की मांग की।

फ्रीगंज से शुरू हुई यह रैली घंटाघर पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं और युवा शामिल हुए। शहर के विभिन्न जैन समाजों, महिला मंडलों, युवा संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के हजारों लोगों ने शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से भाग लिया।

### मौन रहकर हाथों में बैनर और तख्तियां लिए आगे बढ़े

रैली की शुरुआत फ्रीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर से हुई। पूज्य आचार्यों और संतों के मार्गदर्शन में समाजजन मौन रहकर हाथों में बैनर और तख्तियां लिए आगे बढ़े। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए घंटाघर पहुंची, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम में पूज्य आचार्य डॉ. मुक्तिसागरसूरिजी महाराज, पूज्य डॉ. संयमरत्नविजयजी महाराज और पूज्य आर्यिका ज्ञेयमतिमाताजी संसघ विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों में जबकि श्राविकाएं केशरिया वस्त्र धारण कर शामिल हुईं।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि रीवा की घटना से पूरा जैन समाज आहत है। समाज की मांग है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, देशभर में जैन संतों, साध्वियों और आर्यिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करे।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
# दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 26 मई, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### दो सत्रों में करीब 72 प्रतिशत परीक्षार्थी सम्मिलित हुए

**इंदौर।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को इंदौर के 27 परीक्षा उप केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। दो सत्र में प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे (प्रथम सत्र) एवं दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक (द्वितीय सत्र) सफलतापूर्वक आयोजित की गई। उक्त परीक्षा में कुल 12,103 परीक्षार्थी थे। जिनमें प्रथम सत्र में 8766 (72. 42 प्रतिशत) उपस्थित हुए तथा द्वितीय सत्र में 8675 परीक्षार्थी (71.67 प्रतिशत) उपस्थिति हुए। इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने पहली बार बने परीक्षा केन्द्र सेंट पॉल हाई सेकेण्डरी स्कूल पर पहुँचकर परीक्षा केन्द्र प्रभारी से उपस्थिति और अनुपस्थिति के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। परीक्षा समन्वयक अधिकारी के सहयोग हेतु श्रीमती शैली कनाश, संयुक्त आयुक्त (लिटिगेशन) इंदौर संभाग, इंदौर को प्रभारी परीक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया था। परीक्षा के प्रारंभ होने के पूर्व परीक्षार्थियों की फीस्किंग के उपरांत आयोग द्वारा परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में नियत समय पर प्रवेश दिया गया।

### जल प्रदाय व्यवस्था से जुड़े समस्त अमले के अवकाश पर प्रतिबंध

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेयजल व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों को पेयजल संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण और प्रतिदिन मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये हैं। इस क्रम में नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई, जल निगम आदि विभागों के पेयजल व्यवस्था से जुड़े समस्त अमले के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने रविवार को कलेक्टर्स एवं नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई और नगर निगम के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने कलेक्टर्स से कहा है कि वे सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाएं और पेयजल उपलब्धता के लिए अधिकारियों की समिति बनाकर प्रतिदिन समीक्षा करें। यह सुनिश्चित करें कि टैंकर से पेयजल आवश्यकता वाले क्षेत्रों में वितरित हो और किसी भी तरह की अनियमितता नहीं हो। उन्होंने टैंकर के दुरूपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये।

### गिद्ध गणना में लगभग 10 हजार 742 गिद्ध पाये गये

**इंदौर।** प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना-2026-27 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन गणना 22 मई से 24 मई 2026 तक सूर्योदय से प्रातः 9 बजे तक प्रदेश के सभी 16 वृत्त, 9 टाईगर रिजर्व, वन विकास निगम के क्षेत्रों एवं अन्य संरक्षित क्षेत्रों में गिद्ध गणना का कार्य वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त स्वयंसेवकों के सहयोग से गिद्ध गणना ऑनलाइन ऐप के माध्यम से किया गया है, जिससे आंकड़ों का संकलन शीघ्र हो पाया है। मध्यप्रदेश में प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना की शुरूआत वर्ष 2016 से की गई थी, जिसमें 7,028 गिद्धों का आंकलन किया गया था। विगत वर्ष 2025 में शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना की गई थी। इस वर्ष 2026 में भी शीतकालीन गणना की गई है। इस वर्ष ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना ऐप के माध्यम से ऑनलाइन की गई। गणना का कार्य विभिन्न वनमंडलों एवं टाईगर रिजर्व/राष्ट्रीय उद्यानों में सभी स्थानों पर कार्य किया गया। गिद्ध गणना में लगभग 10 हजार 742 गिद्ध पाये गये, जिसमें 9394 वयस्क एवं 1348 किशोर गिद्ध पाये गये। इस वर्ष 10 हजार 742 गिद्ध की संख्या पिछले वर्ष की गिद्ध संख्या 9509 से लगभग 1200 संख्या में ज्यादा है, जो कि बेहतर संरक्षण को इंगित करती है। गिद्धों की गणना के लिये 'ऑनलाइन ऐप' तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से गिद्धों की गणना की गई। 'ऐप' के माध्यम से गणना किये जाने पर आंकड़ों के संकलन एवं रिपोर्ट तुरंत लाइव प्राप्त होने से कार्य क्षमता में वृद्धि हुई है।

### करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन और लोकार्पण

**इंदौर।** विरासत से विकास₹ की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर कल, 25 मई 2026 (सोमवार) को धार जिला मुख्यालय पर एक विशाल जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। जिला प्रशासन, धार द्वारा आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री, म.प्र. शासन श्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की जाएगी। मोतीबाग चौक स्थित सब्जी मण्डी प्रांगण में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री (महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार) श्रीमती सावित्री ठाकुर, मंत्री (पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग, म.प्र. शासन) श्री प्रहलाद सिंह पटेल, धार विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, धरमपुरी विधायक श्री कालूसिंह ठाकुर तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदारसिंह मेड़ा उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही, सदस्य (जिला विकास सलाहकार समिति, धार) एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहेंगे। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान धार जिला अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण (लोकार्पण व शिलान्यास) भी मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा संपन्न किया जाएगा।

भारतीय पत्रकार संघ ने नारेबाजी के साथ कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

# उद्दंड, अनुशासनहीन कर्मी कपिल पर कार्रवाई नहीं तो जनसंपर्क का घेराव होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सोमवार को अपनी घोषणा के अनुसार भारतीय पत्रकार संघ ने बडी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति में जनसंपर्क विभाग के उद्दंड, अनुशासनहीन, परीविक्षाधीन कर्मी कपिल मिश्रा के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर कलेक्टर के प्रतिनिधि को संघ के अध्यक्ष किशोर दग्दी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान पत्रकारों ने साफ कहा कि अगर बदमिजाज कर्मी पर प्रशासनिक नकेल नहीं कसी गई तो पत्रकारों का अगला कदम जनसंपर्क विभाग का घेराव एवं धरना होगा।

पत्रकारों एवं जनसंपर्क विभागीय अधिकारियों से अभद्रता का आदि हो चुका बदमिजाज जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा की उदद्ंडता पर लगाम कसने के लिए भारतीय पत्रकार संघ ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को इस कर्मी के विरूद्ध कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं आयुक्त जनसंपर्क के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दग्दी ने बताया कि जनसंपर्क विभाग के परीविक्षाधीन कर्मी कपिल मिश्रा की पत्रकारों एवं विभागीय कर्मियों एवं अधिकारियों के साथ बढ़ती उद्दंडता एवं अनुशासनहीनता को लेकर संघ ने यह ज्ञापन दिया है। हाल ही में षड्यंत्रों के साथ कपिल मिश्रा ने दैनिक अवंतिका में पहुंचकर वहां बगैर अनुमति के रहवासी परिसर में विडियोग्राफी जैसे आपराधिक कृत्य को अंजाम दिया है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने अगर जल्द ही इस बदमिजाज कर्मचारी पर नकेल कसने की कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया तो ऐसी स्थिति में इसके हौंसले बढेंगे और सिंहस्थ के दौरान इसके इन्ही कृत्यों से यह शासन प्रशासन की बदनामी का एक बड़ा कारण बनेगा।



### विभागीय अधिकारी से की थी अभद्रता

कपिल मिश्रा ने उज्जैन कार्यालय में ज्वाईन करने के बाद से ही विवादित रूप ले लिया है। पूर्व में विभागीय अधिकारी सहायक संचालक रोमिल उईके के साथ इसने अनुशासनहीनता करते हुए अभद्रता की थी। जिसकी शिकायत जनसंपर्क के वरिष्ठालय को हुई थी लेकिन कई जांचों को दबाने वाले संचालनालय में अधिकारी एक युवा अजजा अधिकारी के अपमान के मामले को भी घोलकर पी गए। पूरे मामले को दबाने के बावजूद वरिष्ठ अधिकारी इसके आचरण में सुधार नहीं ला सके। इससे इसके हौंसले बुलंद होने लगे और कपिल मिश्रा आए दिन पत्रकारों एवं विभागीय कर्मचारियों से उलझने का आदि हो गया है।

### मनमानी की नौकरी कर रहा

कपिल मिश्रा विभागीय नियमों एवं कर्मचारी आचरण संहिता को ताक में रखकर शासकीय कार्य करने का आदि है। उज्जैन जिला मुख्यालय पर यह निवास नहीं करता है । देवास से अपडाउन करना इसकी आदत बनी हुई है। इसके साथ ही कार्य की लापरवाही के हाल यह हैं की जनसंपर्क विभाग के सोश्यल मीडिया व्हाटसएप अकाउंट पर खबरों को डालने के बाद कई बार डिलीट करते हुए उनमें करेक्शन कर देता है। ऐसी स्थिति में समाचार पत्रों में प्रकाशित विभाग की सूचना एवं समाचारों पर सवालिया निशान के हालात बनते हैं। एक बार समाचार प्रकाशन के लिए जारी करने के बाद उसे डिलिट किए जाने में संशोधन का उपयोग भी नहीं करता है। प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण के समाचारों में अन्य विभागीय अधिकारियों को अपमानित करने वाली भाषा एवं उद्देश्य के साथ समाचार का लेखन करता है जबकि यह खुद ही परीविक्षाधीनकर्मी है।

### सिंहस्थ ऐसे कर्मियों की उपस्थिति में होगा?

श्री दग्दी के अनुसार वर्ष 2028 में सिंहस्थ का महाआयोजन होने वाला है। उसकी जानकारी के लिए देश भर के मीडियाजन वर्तमान में जनसंपर्क विभाग से संपर्क साधने में लगे हैं। ऐसे में इस उद्दंड और बदमिजाज कर्मचारियों की वजह से शहर और जिले की व्यवहारिकता एवं अनुशासन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। श्री दग्दी ने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन का सिंहस्थ ऐसे कर्मचारियों की उपस्थिति में पूर्ण करवाने का लक्ष्य है।

डिजिटल जनगणना...

## मप्र में उम्मीद से 1.44 लाख ज्यादा मिले मकान; गांव 100 प्रतिशत के पार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मप्र में डिजिटल जनगणना (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक फील्ड वर्क) अपने आखिरी पड़ाव पर है। 23 मई की सुबह तक के आधिकारिक आंकड़ों ने प्रदेश के विकास और प्रशासनिक कार्यशैली की एक चौंकाने वाली तस्वीर पेश की है। राज्य ने सामूहिक रूप से 100.61% की ऐतिहासिक प्रगति हासिल कर इतिहास रच दिया है। केंद्र और राज्य सरकार ने पुराने रिकॉर्ड के आधार पर अनुमान लगाया था कि पूरे मप्र में कुल 2 करोड़ 36 लाख 74 हजार 662 मकान होंगे, लेकिन जब 1.24 लाख से ज्यादा प्रगणक जमीन पर उतरे तो अब तक 2 करोड़ 38 लाख 19 हजार 058 मकान मिल चुके हैं। यानी सरकारी फाइलों के मुकाबले जमीन पर 1 लाख 44 हजार 396 ज्यादा मकान दर्ज किए गए हैं, जो यह साबित करता है कि पिछले कुछ सालों में नए मकानों और कॉलोनियों के निर्माण की रफ्तार सरकारी अनुमानों से कहीं ज्यादा तेज रही है।

मप्र के 1.37 लाख ब्लॉकों में से 2 में काम शुरू नहीं हुआ, ये दोनों भोपाल के छोटे जिलों ने महानगरों का गुमान तोड़ा खंडवा के ग्रामीण अमले ने कमाल करते हुए 107.55% लक्ष्य हासिल किया और पूरे प्रदेश में टॉप पर है, जबकि उज्जैन नगर निगम क्षेत्र महज 94.51% के साथ सबसे निचले पायदान पर है। छिंदवाड़ा से अलग होकर बना नया जिला पांढुर्णा सीमित अमले के बावजूद 102.39% पर है। वहीं, भोपाल जिला केवल 98.14% पर ही पहुंच सका है।

# इंदौर में जैन समाज ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**रीवा में साध्वियों को कार से कुचलने का विरोध; राजवाड़ा से निकाली मौन रैली**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रीवा में दो साध्वियों की सड़क हादसे में मौत के विरोध में सोमवार को इंदौर में जैन समाज ने मौन रैली निकाली। बड़ी संख्या में समाजजन राजबाड़ा से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को सीधे ज्ञापन देने की मांग पर अड़ गए। समाज प्रतिनिधियों ने कलेक्टर शिवम वर्मा से स्वयं उपस्थित होकर ज्ञापन लेने की मांग की। प्रशासन की ओर से समाज के कुछ पदाधिकारियों को ऊपर बुलाकर ज्ञापन देने का प्रस्ताव दिया गया, लेकिन समाजजन इस पर सहमत नहीं हुए। उनका कहना था कि मामला समाज की आस्था और सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए ज्ञापन कलेक्टर को ही सौंपा जाना चाहिए समाजजन दोपहर 1.30 बजे तक कलेक्टर को नीचे बुलाकर ज्ञापन देने की मांग पर डटे रहे।




### कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे समाजजन

मांग पूरी नहीं होने पर समाजजन कलेक्टर कार्यालय परिसर में जमीन पर बैठ गए। कई लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए वहीं डटे रहे। समाजजन लगातार कलेक्टर से सीधे मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने की मांग करते रहे।

### हाथों में तख्तियां लेकर निकली रैली

राजबाड़ा से निकली मौन रैली में शामिल समाजजन हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। इन पर ह्यहम न्याय चाहते हैंह्ल, ह्यसंतों की सुरक्षा के लिए प्रोटोकॉल लागू करोह्ल और ह्यअहिंसा का मार्ग दिखाने वाले असुरक्षित क्योंह्ल जैसे संदेश लिखे थे। समाज प्रतिनिधियों ने प्रशासन से साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू करने और इस दिशा में ठोस कार्रवाई का आश्वासन देने की मांग की है।

## डॉक्टरों में बढ़ रहा तनाव... एमपी में हर महीने 50 से ज्यादा नीट स्टूडेंट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मरीजों का इलाज करने वाले डॉक्टर अब खुद मानसिक तनाव और अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। मेडिकल शिक्षा का बढ़ता दबाव, लगातार प्रतिस्पर्धा, परिवार से दूरी और निजी रिश्तों में तनाव अब मेडिकल विद्यार्थियों और युवा डॉक्टरों की मानसिक सेहत पर गहरा असर डाल रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि इंदौर और ग्वालियर स्थित टेलीमानस सेल में हर माह 50 से अधिक फोन नीट विद्यार्थियों और डॉक्टरों के आ रहे हैं।

इनमें ज्यादातर छात्र पढ़ाई के तनाव, चिंता, अवसाद, रिश्तों की समस्याओं और अकेलेपन से परेशान हैं।

# हरसिद्धि चौराहा से शुरू की महाकाल दर्शन व्यवस्था

**समर वैकेशन के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इंतजाम किए**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में हरसिद्धि चौराहा से महापर्वों की तरह नई दर्शन व्यवस्था लागू कर दी गई है। विक्रम टीले के समीप जूता स्टैंड, शीघ्र दर्शन टिकट, लड्डू प्रसाद काउंटर तथा खोयापाया केंद्र जैसी सुविधा भी उपलब्ध हैं। इस प्रकार की व्यवस्था अब तक नागपंचमी, महाशिवरात्रि पर की जाती थी। यह पहला अवसर है जब समर वैकेशन के लिए मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इतने वृहद पैमाने पर इंतजाम किए हैं।



विस्तारीकरण के काम जैसे-जैसे पूरे हो रहे हैं, इनका फायदा भक्तों को मिलना शुरू होता जा रहा है। श्रद्धालु चारधाम मंदिर से महाकाल टनल, कार्तिकेय मंडपम से होते हुए गणेश मंडप से भगवान महाकाल के दर्शन कर रहे थे।

### श्रावण-भाद्रपद से पहले शुरू कर दी व्यवस्था

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया इन दिनों समर वैकेशन चल रहे हैं। इधर 30 जुलाई से श्रावण-भाद्रमास की भी शुरूआत हो जाएगी। इसलिए महापर्व पर की जाने वाली सुगम दर्शन व्यवस्था को अभी से लागू कर दिया गया है। इससे भक्तों को सुविधा पूर्वक भगवान महाकाल के दर्शन हो रहे हैं। गर्मी में भक्तों के लिए मेटिन, छांव के लिए शामियाने तथा शीतल पेयजल के इंतजाम किए गए हैं। अब श्रावण-भाद्रपद मास तक श्री महाकाल महालोक तथा हरसिद्धि चौराहा दोनों स्थानों से सुगम दर्शन की व्यवस्था चलती रहेगी।

### बड़ा गणेश के पास बन रहा विजिटर फैसिलिटी सेंटर

ज्योतिर्लिंग महाकाल श्रद्धालुओं की सुविधा के मामले में देश के प्रमुख मंदिरों की सूची में अव्वल रहने वाला है। मंदिर में भक्तों को विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने के कई प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं। इनमें बड़ा गणेश मंदिर के समीप बन रहा विजिटर फैसिलिटी सेंटर-3 भी शामिल है। यहां भक्तों की सुविधा के लिए फाइवस्टार वेटिंग रूम, टिकट व प्रसाद काउंटर, खानपान व पेयजल के इंतजाम रहेंगे। भस्म आरती दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को यहां प्रतिक्षालय में घर जैसा आराम मिलेगा। फैसिलिटी सेंटर के सामने 24 मीटर सड़क रहेगी।

दो दिव्यांग श्रद्धालुओं को विशेष व्यवस्थाओं के साथ भगवान श्री मंगलनाथ के दर्शन कराए गए

# मंदिरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्थाएं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक नगरी उज्जैन में दिव्यांग श्रद्धालुओं को मंदिरों में सुगम और सम्मानजनक दर्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने विशेष कार्ययोजना लागू करना शुरू कर दिया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निदेर्शानुसार मंदिरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इसी क्रम में मंगलनाथ मंदिर प्रशासन द्वारा दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मंदिर की सचिव एवं तहसीलदार शैफाली जैन ने बताया कि मंगलवार और शुक्रवार को दो दिव्यांग श्रद्धालुओं को विशेष व्यवस्थाओं के साथ भगवान श्री मंगलनाथ के दर्शन कराए गए।

मंदिर प्रशासन के अनुसार 19 मई




मंगलवार को दर्शन के लिए पहुंचे एक दिव्यांग श्रद्धालु को मंदिर के निर्गम द्वार से विशेष रूप से ले जाकर सुगम दर्शन कराए गए। केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि श्रद्धालु की आस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन और आचार्यगणों द्वारा उन्हें कलश से हाथ लगवाकर भगवान को जल अर्पित भी करवाया गया।

इसी तरह 22 मई को बिहार के धनबाद से उज्जैन पहुंचे दिव्यांग श्रद्धालु को भी विशेष व्यवस्था के तहत दर्शन कराए गए। मंदिर प्रशासन ने उन्हें भी प्राथमिकता के साथ मंदिर में प्रवेश दिलाया और आचार्यगणों की उपस्थिति में धार्मिक विधि-विधान अनुसार भगवान श्री मंगलनाथ को जल अर्पित करवाया। दिव्यांग श्रद्धालुओं और उनके परिजनों ने मंदिर प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

### अन्य प्रमुख मंदिरों में भी की जाएगी व्यवस्था



प्रशासन का कहना है कि आगामी समय में महाकाल क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक और विशेष जरूरत वाले श्रद्धालुओं के लिए ऐसी व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि सभी श्रद्धालु बिना किसी बाधा के धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर सकें।

## 1040 बोतल पैकेज्ड पेयजल जब्त, जांच हेतु नमूने लिए गए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेय पदार्थों एवं खुले बाजारों में विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम टिकरिया राव स्थित एक्वा विंग पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर यश प्रेमचंदानी उपस्थित मिले।

जांच में पाया गया कि प्रिंटिंग मशीन खराब होने के कारण पानी की बोतलों पर बैच नंबर एवंउपयोग संबंधी आवश्यक जानकारी अंकित नहीं की जा रही थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा पानी के नमूने जांच हेतु लिए गए तथा बिना बैच एवं दिनांक अंकित 1040 बोतलें मौके से जब्त की गईं। साथ ही संबंधित विक्रेता का कारोबार प्रिंटिंग मशीन पुनः चालू होने तक तत्काल प्रभाव से बंद करवाया गया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

न्यूज कालम



## माय केयर मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक कला का शुभारंभ हुआ

**मंडलेश्वर।** स्व. श्री बालाराम जी गलबल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर माय केयर मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक कला टावर बड़वाह रोड नर्मदापुरम कॉलोनी मंडलेश्वर के तत्वाधान मे निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 24 मई रविवार को संपन्न हुआ! शिविर मे इंदौर से विभिन्न क्षेत्रो विशेषज्ञ चिकित्सक ने 180 मरीजों का स्वास्थ्य परिक्षण किया प्रख्यात परम आदरणीय पं श्याम सुंदर महाराज, डॉ प्रत्युश गुप्ता हड्डी व घुटना रोग शल्य चिकित्सक, डॉ मिलन झवर काबरा चर्म रोग, डॉ मनन झवर नाक कान गला विशेषज्ञ,क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव, समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष गुलाब चंद पाटीदार, समाज के तह. अध्यक्ष महेश पाटीदार, विष्णु यादव, दिनेश काका यादव, महेश कुशवाह मधु शुदन पाटीदार माय केयर क्लिनिक के डायरेक्टर सुशील वर्मा परिक्षण लैब इंदौर के नागर रेड क्लिक लैब के सावन पटेल व टीम, योगेश पुनासिया, डॉ अशोक पटेल, नर्मदा होटल सभी डायरेक्टर्स इंजीनियर युगल पाटीदार, प्रशांत पाटीदार व भगवान जी पाटीदार चरक व परिवार जनों ने स्व बालाराम के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारम्भ किया। अंत मे भगवान जी पाटीदार चरक ने सभी का आभार मना।

## खेतों में से विद्युत केबल चोरी होने से किसानों ने थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन



**जावरा ।** नगर हो या आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में भी इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ा हुआ है। चोरियों की ऐसी घटनाओं से आमजन एवं किसान परेशान हो रहे हैं ।चोरी की घटना को लेकर किसानों ने शहर थाना प्रभारी को सोमवार को ज्ञापन दिया। समीप ग्राम सेजावता में रविवार रात्रि में करीब 25 किसानों के कुएं से एक साथ ट्यूबवेल की मोटर से केबल चोरी कर किसानों को खेतों में पानी पिलाने से वंचित कर दिया ।ग्राम के किसान जब सोमवार को प्रातः अपने अपने खेत पर पहुंचे तो वहां ट्यूबवेल एवं मोटर की केबल चोरी हो गई ।जिससे खेतों में लगी उपज में पानी नहीं पिला सके। ग्राम के किसानों ने एकत्रित होकर सोमवार को शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई को ज्ञापन देकर उक्त चोरी की घटनाओं से अवगत करवाया तथा चोरियों पर अंकुश लगाकर चोरी का पता लगाने की मांग की ।इस मौके पर किसान नेता रमेश धाकड़, शिवनारायण, बाबूलाल धाकड़, जितेंद्र, रामचंद्र धाकड़, कमलेश, हीरालाल ,मुकेश, सुरेश नायमा, जगदीश ,भेरूलाल, धाकड़ बाबूलाल ,निर्भय राम धाकड़, गोवर्धन लाल, बलराम धाकड़, कैलाश ,रतनलाल नियमावली, सूर्य प्रकाश, कैलाश धाकड़,बलराम, गोविंदराम ,आशीष माहेश्वरी ,भेरूलाल मेहता ,आदि कृषक गण उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उपलाई में कलश यात्रा, व जल संरक्षण

**जावरा ।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर म. प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसायटी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपलाई के सानिध्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता-बहनों द्वारा कलश यात्रा से हुआ। इसके पश्चात भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। इस मोके पर जनसमुदाय को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सरपंच शंभू कुंवर सोलंकी, उपसरपंच चम्पालाल राठौर, सहायक सचिव नारायण ठन्ना, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष महेश धाकड़, कोषाध्यक्ष बबलु मेहता, सदस्य लक्ष्मी नारायण मेहता, श्यामलाल मेहता, विनोद मेहता, राजेश मेहता,राकेश मेहता, समाजसेवी रामरतन चोधरी, जगदीश अटोलिया,शान्तिलाल अटोलिया, सत्यनारायण मेहता, विरेन्द्र नायमा, प्रभुलाल मेहता, परमानन्द बोड़ाना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## आबकारी दल ने 14 पेटी देशी विदेशी शराब जप्त कर आरोपी को जेल भेजा

**खरगोन।** जिले में कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त जिला-खरगोन के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार विशेष अभियान के तहत आबकारी वृत्त- खरगोन के बिष्टान क्षेत्र में दबिश में आज दिनांक 25 मई को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष के मार्गदर्शन में ग्राम महू माण्डली के साली फालिया में आरोपी अंतर सिंह पिता दारा सिंह बडोले जाति बारेला उम्र 27 वर्ष के रिहायसी मकान से 14 पेटी देशी-विदेशी मदिरा बरामद कर जप्त की गई, जिसमें 10 पेटी माउंट 6000 बियर केन, तीन पेटी देशी मदिरा प्लेन एवं 1 पेटी लंदन प्राइड व्हिस्की की जप्त की गई। जप्त मदिरा की कुल मात्रा 149.2 लीटर है।

# सकल जैन समाज ने विहाररत साधु संतों की रक्षा के लिए प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने की माँग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद




सकल जैन समाज सनावद के द्वारा आज प्रातः श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से मौन रेली निकाल कर स्थानीय पुलिस थाने सनावद पहुंच कर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार महोदय को जैन समाज के साधु संतों की पद विहार करने पर शासन सुरक्षा प्रदान करे इस लिए ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन का वाचन सुनील के जैन ने किया।समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया की विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति एवं आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की माँग की जाए साथ ही हॉल ही में ह्रदय विदारक दुर्घटना की और ध्यान आकर्षित कराते हुवे बताया की दिनांक 20 मई 2026 प्रातः 6.30 रीवा म.प्र. शहर में निहार क्रिया से निवृत होने के पश्चात जब दो माताजी वापस आ रहे थे, तभी एक तेज गति से आती हुई, कार के ड्राइवर ने आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी व आर्यिका श्री उपशममति माताजी को जोरदार टक्कर मारकर कुचल दिया व फरार हो गया, इस दुर्घटना में माताजी गंभीर रूप से घायल हो गई व कुछ ही समय बाद दोनों माताजी का समाधि मरण हो गया। यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है।

अतः इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच की मांग समस्त सकल जैन समाज ने की सरल जटाले ने बताया कि जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएँ एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यन्त चिंताजनक विषय हैं।

इस अवसर पर समाज के मुकेश जैन, पवन धनोते, वारिश जैन, सुनील पावणा, सुधीर जैन, हेमंत काका, अक्षय जैन, हर्षित जैन,आशीष झाझरी, हेमचंद पाटोदी, राकेश जैन,पवन गोधा, शैलेश पारेख,शांति लाल जैन, शैलेश लाठीयां, भागचंद जैन, सहित युवा संघ,बहु मंडल, महिला महा समिति ,भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महा सभा के सदस्यों सहित सभी समाजजन उपस्थित थे अंत में सभी का आभार प्रशांत चौधरी ने माना।



## उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए अनिता जैन को मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित

**सनावद।** लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 की 9 वीं मल्टीपल कन्वेंशन 'उर्विश'का आयोजन इंदौर में किया गया।कन्वेंशन में लायंस क्लब के एमसीसी ला.मनीष शाह ने क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित किया। अतिथियों ने जैन के सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि जैन ने लायनवाद के आदर्शों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण,नारी सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन, बालिका शिक्षा और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं। कन्वेंशन में मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़ और राजस्थान के लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जैन एवं लायन सदस्यों ने ला.कुलभूषण मित्तल को इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी निर्वाचित किए जाने पर बधाई दी। इस दौरान इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट मनोज शाह,डीजी ला.अनिल खंडेलवाल,पीआईडी ला.कमलेश जैन,वीके लड्ढा,पीडीजी ला.अजय सेंगर,ला.ईश्वर मूंदड़ा,डीजी इलेक्ट ला.जयप्रकाश त्रिपाठी,फर्स्ट वाइस इलेक्ट ला.राम जाट,सेकंड वीडीजी इलेक्ट ला. डॉ.राजेंद्र सोडानी,ला.रश्मि गुप्ता,पीएमसीएस ला. परविंदरसिंह भाटिया,पीडीजी रणवीरसिंह चावला,ला.योगेन्द्र रूनवाल, ला.साधना सोडानी,लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन,ला.हेमंत दातार,ला.रजनीश जैन उपस्थित थे।

# साध्वियों के साथ हुई घटना के विरोध में सकल जैन समाज ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



विगत बुधवार को रीवा में विहार कर रही जैन साध्वियों पर एक कार चालक ने साध्वी जी को जोरदार टक्कर मारकर एक साध्वी मौके पर ही एवं एक साध्वी जी का का इलाज के दौरान देवलोक गमन हो गया। एक साध्वी जी का इलाज चल रहा है ।उक्त घटना से जैन समाज में जमकर विरोध व्याप्त है। इसके विरोध में सोमवार को सकल जैन समाज ने घंटाघर चौराहा से काली पट्टी बांधकर वाहनों से मोन जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया।

समाज जनों ने कहा कि जैन साधु साध्वियों के साथ दुर्घटना होना एवं प्राण घातक हमले भी हो चुके हैं। लेकिन रीवा में जो कार चालक ने घटना की वह एक सोची समझी साजिश प्रतीत होती है ।जैन समाज ने उक्त घटना की कड़े शब्दों में निंदा कि। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो एवं जैन साधु साध्वियों को बिहार के दौरान सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उक्त घटना के विरोध में नगर में सकल जैन समाज ने विरोध स्वरूप काली पट्टी हाथों में बांधकर घंटाघर चौराहा से एक मौन वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया ।ज्ञापन की प्रति संसद एवं विधायक को भी प्रेषित की गई ।

इस मौके पर राजनीतिक दल एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया। त्रिस्तुतिक श्री संघ अध्यक्ष प्रकाश चौरडिया ,पंकज काठेड, रितेश जैन, अनिल पोखरना ,पवन पाटनी ,अजय डोषी ,शिखर धारीवाल ,नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ,प्रकाश कोठारी, नेपाल सिंह डोडिया, हिम्मत सिंह श्रीमाल ,कमल नाहटा, अनिल धारीवाल, संदीप राँका , आदि बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# नेपा लिमिटेड में सौ दिवसीय आयुष्मान आरोग्य निक्षय अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड स्थित प्राथमिक उपचार केंद्र परिसर में 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य निक्षय अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने कहा, "स्वस्थ कर्मचारी ही किसी भी औद्योगिक संस्थान की वास्तविक शक्ति होते हैं। टीबी उन्मूलन एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान समाज और उद्योग दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।"

मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु नेपा प्रबंधन सदैव प्रतिबद्ध है। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता स्वस्थ कार्य संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि कलेक्टर हर्ष सिंह के निदेर्शानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में मिल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की टीबी स्क्रीनिंग, चेस्ट एक्स-रे, बलगम जांच, एचआईवी जांच, बीपी एवं शुगर जांच की गई। साथ ही आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में कुल 131 ओपीडी पंजीकृत की गईं।

शिविर में जिला क्षय अधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, एसटीएस राजू राठौड़, सीएचओ रंजना पांडे, संजना कुशवाहा, रेणुका डावर, फार्मासिस्ट मोहम्मद दानिश, रेडियोग्राफर कल्पना शाक्यवार, पीटर मेडा, एएनएम माधुरी हटकर, अरुणा तायडे, सुपरवाइजर संजय कोकटनूर तथा कुष्ठ रोग विभाग से प्रवीण श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

# जिले में आए तेज आंधी, तूफान एवं खराब मौसम से खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



24 मई को जिले में आए तेज आंधी, तूफान एवं खराब मौसम ने किसानों की मेहनत पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया। लोनी, हतनूर, गव्हाना, नागुलखेड़ा, नेर एवं बादखेड़ा सहित कई गांवों में खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह प्रभावित हो गईं। किसानों की पीड़ा देख विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं और खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया।

श्रीमती चिटनिस ने ग्राम गव्हाना में किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। खेतों में बड़ी संख्या में गिरे केले के पौधे, बर्बाद फसलें और परेशान किसानों की स्थिति देखकर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सर्वे करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्रीमती चिटनिस ने कहा, "किसान पूरे वर्ष मेहनत कर फसल तैयार करता है, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उसकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है। ऐसे समय में प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।"

**केला संवेदनशील फसल, खड़े पौधे भी मृतप्राय**

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कलेक्टर हर्षसिंह से चर्चा कर राजस्व, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल सर्वे कराने की बात कही। उन्होंने कहा, "कई स्थानों पर केले की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर चुकी है। कुछ पौधे बाहर से सुरक्षित दिखने के बावजूद अंदर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।"

उन्होंने समझाया, "केला इतनी संवेदनशील फसल है कि एक बार पेड़ हिल जाए तो भी ग्रोथ रुक जाती है। जो पेड़ जमीन पर सो गए हैं वे मृत हैं और जो खड़े दिख रहे हैं वे भी मृतप्राय हैं, दो-चार दिन में समाप्त हो जाएंगे। सर्वे दल खोड की गणना न करते हुए अनिवार्य रूप से प्रतिशत में क्षतिपूर्ति का आंकलन करें।"

**50 प्रतिशत नुकसान पर 2 लाख मुआवजा**

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि किसानों की हितैषी भाजपा सरकार द्वारा 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर 2 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजे का प्रावधान किया गया है। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि आरबीसी 6/4 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने के लिए हर स्तर पर सतत प्रयास किए जाएंगे।

**अधिकारी पहुंचे खेतों में**

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, एसडीएम अजमेसिंह गौड़, तहसीलदार प्रवीण ओहरिया सहित योगेश महाजन, विनोद कोली, भास्कर पाटिल, गोपाल गहुले, मनोहर पाटिल व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने खेतों में पहुंचकर नुकसान का आकलन किया तथा किसानों से विस्तृत जानकारी ली।

## विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग

**बड़वानी।** उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि हम समस्त जैन समाज अत्यन्त दुःख




एवं गहरी वेदना के साथ आपका ध्यान हाल ही में विहाररत आर्यिका माताजी के साथ हुई अत्यन्त दुखद घटना की ओर आकर्षित करना चाहते हैं, जिसमें संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। अतः इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच अत्यन्त आवश्यक है। जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएँ एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यन्त चिंताजनक विषय हैं।

## गांजा तस्करो पर न्यायालय का सख्त प्रहार नशे के सौदागरों को कडी सजा

**बड़वानी ।** विशेष न्यायाधीश एल.डी. सोलंकी ने पारित आदेश में गांजे के पौधे बिना वैध अनुज्ञप्ति के लगाने वाले आरोपी दंगल पिता दारख्या भंडारी निवासी-गौरी खेडा थाना पानसेमल को 4 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10 हजार के अर्थ दण्ड से दण्डित किया। घटना 14 नवम्बर 2024 को पुलिस थाना पानसेमल मे पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गौरीखेडा मे संदेही के खेत मे कपास की फसल के बीच - बीच मे गांजे के पौधे लगे हुए है, जिसकी तस्दीक हेतु विवेचना अधिकारी ने सर्च वारंट प्राप्त करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों से सम्पर्क करने पर नही होने से तलाशी वारंट प्राप्त करने मे होने वाले विलम्ब की अवधि मे संदेही गांजे के पौधो को उखाडकर रफा-दफा कर सकता था।

# जीवनखेड़ी सिकंदरी नवीन मार्ग की गति तेज कर मार्ग के दोनो साईट पौधा रोपण करें-संभागायुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के तहत श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात प्रबंधन के लिए नवीन मार्ग निर्माण और ब्रिज निर्माण किए जा रहे है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन में परेशानी न हो।

रविवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जीवनखेड़ी से सिकंदरी तक मार्ग निर्माण कार्य और दताना-मताना में ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जीवनखेड़ी से सिकंदरी तक निमार्णाधीन मार्ग निर्माण के दौरान मार्ग के दोनो साईट पौधे लगाने का कार्य करें। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे।

संभागायुक्त और कलेक्टरने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा मास्टर प्लान 2035 में प्रावधानित एमआर- 21 ग्राम जीवनखेड़ी-सिंकदरी का डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां पर 4.8 किलोमीटर लंबे और 30 मीटर चौड़े सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने जानकारी दी कि सड़क के एक ओर से सर्विस रोड़ का निर्माण प्रगतिरत है।

संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के दौरान मार्ग के दोनो साईट पौधे लगाए जाएं। मार्ग में फूटपाथ भी तैयार किया जाए। इसके बाद संभागायुक्त श्री सिंह ने देवास रोड़ के ग्राम दताना-मताना में निमार्णाधीन ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# स्कूल और महाविद्यालयों के 500 मीटर में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में जिला एन कोर्ड समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यालयों, महाविद्यालयों के 500 मीटर में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। औषधि जागरूकता क्लब के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को नशे के खिलाफ जागरूक करें। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर " जीवन को हां, नशे को ना " थीम पर नागरिकों को जागरूक करें। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई और 26 मई को विश्व नशा निवारण दिवस पर नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से नशा मुक्ति के संदेश नागरिकों को दें। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक की कार्यवाही विवरण जानकारी संबंधित पोर्टल पर आज कार्य दिवस में अपडेट करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि ब्रामोकॉल की सप्लाई चैन पर विशेष ध्यान दें। नारकोटिक्स और छात्रों को साथ लेकर सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन "ड्रग के सेवन से होने वाले नुकसानों" के संबंध में करें।

बैठक में जानकारी दी गई कि अप्रैल 2026 में नारकोटिक्स संबंधित 20 प्रकरणों में 31 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। 11 अपराधियों को वर्ष 2026 में एनडीपीएस एक्ट में जिलाबदर किया गया है। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन मानस का नंबर 1933 के बारे में जानकारी भी दी गई।

## सभी 130 पंचायतों के शासकीय भवनों में कराई रूफ वाटर हार्वेस्टिंग

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सभी जिलों में जलसंरक्षण के लिए हर वर्ष जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष जो यह अभियान 19 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसहयोग से पानी की एक एक बूँद बचाने का प्रयास है।जिले में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कुमट द्वारा अभियान में सभी जनपद में अमृत सरोवर ,कूप रिचार्ज ,चेकडेम , स्टॉपडेम ,खेत तालाब ,नाला ट्रेन्चिंग के कार्य किए जा रहे हैं एवं पुराने कार्यों में गाद निकालने ,बावड़ी सफाई आदि कार्यों की पूर्णता की दिनरात मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में खाचरौद जनपद में प्रथम चरण में सभी 130 पंचायतों में कम से कम एक शासकीय भवन में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग करवाई गई है। इसके लिए पिछले एक हफ्ते से प्लानिंग की गयी ,तत्पश्चात सभी नोडल ,सचिव ,सहायक सचिव को वर्कशॉप के माध्यम से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की ट्रेनिंग दी गयी। इसके बाद हर 3 पंचायत पर जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को नोडल बनाया गया जिनकी उपस्थिति में पंचायत के सरपंच ,सचिव ,जीआरएस के सहयोग से सभी 130 पंचायत में उपयोगी एवं गुणवत्तापूर्ण वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया।

## न्यूज -कॉलम

### 4 माह की पुत्री के साथ 2 साल बाद मिली युवती

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम नीमखेडा कपेली से 11 मई 2024 को लापता हुई युवती को 2 साल बाद पुलिस ने राजस्थान से खोज निकाला। युवती 4 माह की पुत्री के साथ मिली। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि लापता होने के दौरान युवती को बालिग होने में कुछ माह शेष थे। परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी और अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की बात कहीं थी। लगातार तलाश के 2 साल बाद पता चला कि लापता युवती राजस्थान के रामगंजमंडी में निवास कर रही है। एक टीम दस्तयाबी के लिये रवाना की गई। जहां उक्त युवती 4 माह की पुत्री के साथ मिली। उसे माकडोन लाया गया। जहां तराना से महिला अधिकारी को बुलाकर बयान दर्ज किये गये। युवती ने बताया कि माता-पिता उसकी इच्छा के विरूद्ध शादी करना चाहते थे। जिसके चलते नाराजा होकर घर से बिना बताये चली गई थी। राजस्थान पहुंचने पर परिचित युवक गोविंद चौहान द्वारा उसके रहने में सहायता की, समय गुजरने पर मार्च 2025 में उसने गोविंद से विवाह कर लिया। दोनों की 4 माह की पुत्री है। युवती ने अपने साथ कोई जबरदस्ती नहीं होना बताया। उसने पति के साथ रहने की बात कहीं। थाना प्रभारी के अनुसार युवती के न्यायालय में बयान दर्ज कराकर उसे पति के साथ भेजा गया है।

### हाथ भट्टी की शराब ठिकाने लगाने निकले थे युवक

**उज्जैन।** बाइक पर सवार होकर 2 युवक हाथ भट्टी पर बनी जहरीली शराब ठिकाने लगाने के लिये निकले थे। भाटपचलाना थाना पुलिस को सूचना मिली कि बाइक सवार रूनिजा की ओर आ रहे है। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने टीम के साथ गजनीखेडा तिराहे पर नाकाबंदी की। तभी बाइक से 2 युवक आते दिखाई दिये, जिनके पास एक प्लास्टिक की केन थी। दोनों को पुलिस टीम ने रोका और केन को कस्टडी में लेकर उसकी जांच की। केन में जहरीली कच्ची शराब भरी होना सामने आई। दोनों युवको को हिरासत में लिया गया और बाइक जप्त कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उनके नाम विनोद पिता प्रभुलाल बामनिया 32 साल और राजु उर्फ राजेश पिता कालूराम गामड 22 साल निवासी ग्राम बिसाहेडा थाना बडनगर होना सामने आये। 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद होने पर दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश मिलने पर उपजेल ब?नगर भेजा गया है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली 2 बच्चों की मां की मौत

**उज्जैन।** अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खाने वाली 2 बच्चों की मां सोनू पति जितेन्द्र तोमर 30 साल निवासी अंजुश्री कालोनी मक्सीरोड की रविवार रात मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि पति रिक्शा चलाता है। घर में कोई वाद-विवाद नहीं था, सबकुछ अच्छा चल रहा था। सोनू तोमर के मायके खरगोन से परिजन भी उज्जैन पहुंच गये थे। उन्होने भी किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया, उनका कहना था कि हर 3-4 दिन में बात होती थी, सोनू ने कभी कोई परेशानी नहीं बताई। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार फिलहाल कारण सामने नहीं आने पर मामला जांच में लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### इंदौर में हुई टक्कर, उज्जैन आकर की मारपीट

**उज्जैन।** रायल ट्रेवल्स की इंदौर-उज्जैन के बीच यात्री बस चलाने वाले चालक के साथ इंदौररोड पर कार चालक ने बस रोक अपने साथियों के साथ मारपीट की। चरक अस्पताल में भर्ती बस चालक संजय पिता श्यामलाल 42 साल सांवेर ने बताया कि वह इंदौर से बस लेकर उज्जैन आ रहा था। इस दौरान सामने चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दिये थे। पीछे से बस टकरा गई थी। उस दौरान कहासुनी हुई और मामला शांत हो गया। उज्जैन आने पर उक्त कार चालक ने इंदौररोड पर बस रोक ली और साथियों को बुलाकर डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वह मारपीट करने वालों का नाम से नहीं जानता है। मामले में पुलिस ने घायल बस चालक के बयान दर्ज कर मारपीट करने वालों की तलाश शुरू की है।

### शाजापुर के बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** माकडोन के रूपाखेडी-घौंसला मार्ग सामानेरा फंटा पर 20 अप्रैल को हुई दुर्घटना में वैशाली पति राहुल शर्मा 30 साल निवासी राजगढ़ की मौत हो गई थी। वहीं पुत्र तनीष्क शर्मा 10 साल, पार्थ शर्मा 6 साल और रिश्तेदार घनश्याम पिता भंवरलाला शर्मा 53 साल रतलाम घायल हो गये थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। एक माह बाद जांच पूरी होने पर बाइक क्रमांक एमपी 42 झेडबी 2672 के चालक की लापरवाही सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया है। बाइक चालक शाजापुर का रहने वाला सामने आया है। जिसकी गिरफ्तारी कर बाइक जप्त की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 557-7 | 255-2 |
| मेन बाजार | 226-0 | 147-2 |
| कल्याण नाइट | 890-7 | 457-6 |
| मिलन डे | 679-2 | 400-4 |
| मिलन नाइट | 170-8 | 158-4 |
| मधुर डे | 390-2 | 359-7 |
| मधुर नाइट | 128-1 | 266-4 |
| शुभांक | 7 3 | 5 |

# मकान का सौदा कर शातिर मां-बेटो ने हड़पे 6 लाख

## पूर्व में 2 लोगों को बेच चुके थे, दलाल के साथ गिरफ्त में आने पर भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शातिर मां-बेटे ने अपने मकान का सौदा कर 6 लाख रूपये हड़प लिये। दोनों के साथ मकान का सौदा कराने वाला दलाल भी मिला हुआ था। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मां-बेटे के साथ दलाल का गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों को जेल भेजा गया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सांदीपनी नगर में रहने वाले भगवतीसिंह परमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपना मकान बेच दिया था और दूसरा मकान खरीदने की तलाश में था। उसकी मुलाकात नीरज श्रीवास्तव से हुई। जिसने मकान दिलाने पर 2 प्रतिशत दलाली की बात कहीं। उसके द्वारा तिरूपतिधाम कालोनी कानीपुरा में मकान दिखाया गया। पसंद आने पर मकान मालिक जयश्री पति स्व. कैलाश मालवीय और उसके पुत्र राहुल मालवीय से फरवरी माह में एग्रीमेंट किया गया। सौदा 17 लाख में किया गया था।

6 लाख रूपये एडवांस चैक के माध्यम से दिये गये और शेष राशि रजिस्ट्री के दौरान देना तय हुआ। दलाल नीरज ने भी 2 प्रतिशत दलाली के 34 हजार रूपये ले लिये। जयश्री मालवीय और उसके पुत्र से मकान संबंधित दस्तावेज मांगे और लेकिन दोनों ने नहीं दिये।

मकान की रजिस्ट्री कराने को कहा तो अनाकानी करने लगे। दोनों से एडवांस राशि वापस मांगी गई तो एक माह बाद देने की बात कहीं गई, लेकिन अप्रैल माह तक राशि वापस नहीं लौटाई गई। दबाव बनाने पर मां-बेटे ने कहा कि दलाल नीरज राशि वापस लौटा देगा। नीरज ने एक्सिस बैंक का चैक दिया लेकिन उसके खाते में बैलेंस नहीं था। बोलने पर दूसरा चैक दिया वह भी बाउंस हो गया। एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद मामले में मां-बेटे और दलाल के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया और तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### एक के नाम रजिस्ट्री, दूसरे से लिया एडवांस

भगवतीसिंह परमार के साथ हुई धोखाधड़ी की जांच में पता चला कि जयश्री मालवीय और उसका पुत्र राहुल शातिर प्रवृति के है। उन्होने कुछ समय पहले उक्त मकान का सौदा अंकित वर्मा नामक व्यक्ति कर 5 लाख रूपये से अधिक प्राप्त कर लिये है। यहीं नहीं उक्त मकान की रजिस्ट्री 2022 में संदीप गुप्ता के नाम से की जा चुकी है। आशंका जताई जा रही है कि मां-बेटे की धोखाधड़ी का शिकर कुछ लोग ओर सामने आ सकते है।

### चाय की दुकान पर काम करता था राहुल

बताया जा रहा है कि उक्त राहुल मालवीय कुछ साल पहले काफी चर्चा में आया था। जब वह चाय की दुकान पर काम करता था। उसी दौरान उसके खाते में करोड़ों का ट्रांजेक्शन पाया गया था। तब पुलिस जांच में खाते में ट्रांजेक्शन से ही राहुल ने तिरूपतिधाम कालोनी में मकान खरीदना बताया था और खाता इंदौर से जुड़े लोगों द्वारा संचालित करना बताया था। यहीं नहीं राहुल मालवीय उसके बाद से कई मामलों में चिमनगंज थाने पहुंचा, उसके द्वारा आये दिन शिकायत की जाती है, यहीं नहीं उस पर भी कई आरोप लगते रहते है।

### कथा का सामान लेने जा रहे ग्रामीण को मारा चाकू

**उज्जैन।** कथा का सामान लेने पुत्र के साथ जा रहे ग्रामीण का पुराने विवाद में 4 लोगों ने रास्ता रोक चाकू मार दिया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तराना थाना क्षेत्र के ग्राम कनासिया में रहने वाले कैलाशचंद्र पिता रामचरण 42 साल को सोमवार शाम चरक अस्पताल लाया गया। कैलाशचंद्र के सिर पर चाकू का घाव था। घायल के परिजनों ने बताया कि पुत्र आदित्य के साथ कथा के लिये पूजन सामग्री लेने जा रहे थे। रास्ते में बाइक रोककर सदानंद पटेल और उसके 3 साथियों ने चाकू से हमला किया है। सदानंद से जमीन को लेकर विवाद विवाद चला आ रहा है। वहीं मामले में तराना पुलिस का कहना था कि उनके पास कैलाशचंद्र के साथ हुई चाकूबाजी की जानकारी नहीं है। सदानंद पटेल ने कैलाशचंद्र के खिलाफ रास्ते की बात को लेकर चाकू मारना बताया है। सदानंद के हाथ पर चाकू लगा है। जिसकी शिकायत पर कैलाशचंद्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले को लेकर कैलाशचंद्र के परिवार का आरोप था कि सदानंद ने खुद के हाथ पर चाकू मारा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार कर खोला क्लीनिक

## स्वास्थ्य विभाग ने किया था सील, प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को सील किये गये क्लीनिक को सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार कर सोमवार को खोल लिया गया। स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली तो दोबारा सील करने की कार्रवाई कर क्लीनिक की डॉक्टर के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि उज्जैन से स्वास्थ्य विभाग की टीम इंगोरिया बीएमओ डॉ. विजेन्द्रसिंह अजनार के साथ शाम को थाने आई थी। टीम द्वारा बताया कि आजाद चौक में कमला की दवा निस्वार्थ सेवा संस्था नामक क्लीनिक को बिना अनुमति संचालित किये जाने पर सील किया था। बिना अनुमति क्लीनिक की डॉ. पल्लवी मंडल की शिकायत दर्ज कराई। मामले में बीएमओ डॉ. अजनार की शिकायत पर डॉ. पल्लवी मंडल के खिलाफ धारा 223 का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं संदेही सरोज मंडल की भूमिका के साथ अन्य की विवेचना शुरू की गई है। विवेचना के बाद धाराओं का इजाफा किया जा सकता है। जानकारी यह भी सामने आई है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लीनिक सील किये जाने के बाद संचालक द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार की खबर फैलाई गई कि परिवार में कार्यक्रम होने पर क्लीनिक बंद है। जिसे सोमवार से खोला जायेगा। वहीं मामले में स्वास्थ्य विभाग टीम के डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि क्लीनिक बीएचएमएस डिग्री धारक पल्लवी मंडल द्वारा संचालित किया जा रहा था। लेकिन वह खुद क्लीनिक पर नहीं बैठती है। उनका भाई आने वाले मरीजों का एलोपैथी पद्धति से उपचार करता है। जो सही नहीं है। विदित हो कि कुछ समय पहले मंछामन कालोनी स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में 11 साल की बालिका का अपेंडिक्स ऑपरेशन किया था। बालिका की मौत हो गई थी, जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल के निर्देश पर पूरे जिले में प्रायवेट अस्पतालों और क्लीनिकों की जांच शुरू की गई है। जिसमें अधिकांश गलत तरीके से संचालित होना सामने आ रहे है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम सील करने की कार्रवाई कर रही है।

# कांग्रेस ने घेरा चिमनगंज थाना, 2 पुलिसकर्मी लाइन अटैच

## आरोपी के चाचा से आरक्षकों द्वारा मारपीट का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



कांग्रेस ने सोमवार सुबह चिमनगंज थाने का घेराव कर दिया। मामला आरोपी के नहीं मिलने पर उसके बेगुनाह चाचा से मारपीट करने और परिवार की महिलाओं से अभ्रदता का था। मामला संज्ञान में आते ही एसपी ने 2 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया और जांच के आदेश जारी किये।

रविवार रात शहीदनगर प्रकाशसिंह चौहान और क्षेत्र के रहने वाले पवन डागर के बीच विवाद हो गया था। प्रकाशसिंह ने चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने पर आरोपी पवन दोबारा साथियों के साथ प्रकाशसिंह के घर पहुंचा और गर्दन पर चाकू रख घर में तोड़फोड़ की। मामले की जानकारी लगते ही चिमनगंज थाना पुलिस शहीदनगर पहुंची। पवन और उसके साथी भाग निकले थे। पुलिसकर्मियों ने पवन के पीएचईकर्मी चाचा योगेश डागर को पकड़ लिया। जिसके चलते विवाद की स्थिति बन गई। पुलिसकर्मियों ने योगेश को पीट दिया, बीच-बचाव के लिये परिवार की महिला पहुंची तो उन्होने भी पुलिसकर्मियों पर अभ्रदता करने के आरोप लगाना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मी योगेश डागर को थाने लेकर आ गये। सुबह इस बात की जानकारी शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी को लगी तो वह नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय और अन्य साथ आरोपी के नहीं मिलने पर बेवजह उसके चाचा के साथ हुई मारपीट के विरोध में थाने का घेराव करने पहुंच गये। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पुलिस अपनी कार्रवाई करें लेकिन बिना वजह किसी के साथ मारपीट ठीक नहीं है। योगेश डागर को छोड़ा जाये। मामला गरमाता देख सीएसपी पुष्पा प्रजापत थाने पहुंची। मामला एसपी प्रदीप शर्मा के संज्ञान में आ गया। उन्होने तत्काल प्रभाव से आरक्षक जगदीश गेहलोत और अभिषेक राठौर को लाइन अटैच कर जांच के आदेश जारी कर दिये। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने योगेश डागर का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने से छोड़ दिया। जिसके बाद कांग्रेस द्वारा घेराव प्रदर्शन समाप्त किया गया।

### पवन डागर और साथियों की तलाश

थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि प्रकाश चौहान की शिकायत पर पवन डागर और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। विवादित स्थल शहीद नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे गये है। जिसमें पवन प्रकाश चौहान की गर्दन पर चाकू रखता दिखाई दे रहा है। मारपीट और तोड़फोड़ कैमरे में दिखाई दी है। पवन की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है, उसके हिरासत में आने पर 4 अन्य साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी। चौहान और डागर परिवार के बीच विवादित मामला पूर्व से चला आ रहा है।

# दूसरे दिन दर्ज कराई चाकूबाजी की शिकायत

**उज्जैन।** रविवार देर शाम हुई चाकूबाजी में आधा दर्जन से अधिक चाकू लगने पर युवक गंभीर घायल हो गया था। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया गया। लेकिन सोमवार देर शाम मामले में शिकायत दर्ज करा दी गई।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के राजीव रत्न मल्टी में रविवार को घूरकर देखने की बात पर मोनू चौहान का मल्टी में रहने वाले सोनू मराठा, गोलू मराठा, जीतू मराठा, छोटू उर्फ टंकी सहित अन्य से विवाद हो गया था। विवाद होता देख सोनू की मौसी का लड़का प्रेम पिता तिलक कुरवाड़िया बीच-बचाव करने आ गया। जिस पर विवाद कर रहे युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। प्रेम आधा दर्जन से अधिक चाकू लगने पर खून से लथपथ हो गया। उसे परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार चल रहा है। विवाद में चाकू मारने वाले पक्ष के कुछ युवक भी घायल हुए। मामला नीलगंगा थाने पहुंचा तो पहले दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया और चले गये। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि रविवार को शिकायत दर्ज कराने से मना करने के बाद सोमवार शाम घायल के परिजन वापस थाने आये और शिकायत दर्ज कराने की बात कहीं। मामला चाकूबाजी का होने और युवक के घायल होने पर मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### गर्मी मे पानी पीने को तरस रही जनता मताधिकार का प्रयोग कर पछतावा

**उज्जैन।** मक्सी नगर में भीषण गर्मी में पानी की गंभीर समस्या एवं नगर की खस्ताहाल सड़के,सफाई व्यवस्था सहित नगर की अनेक मूलभूत सुविधाओं लिए नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आज इसी के विरोध में नगर के प्रबुद्धजनों एवं मात्रशक्ति के साथ नगर परिषद का घेराव कर कुंभकरण की नींद सोती नगर परिषद की जगाने का काम किया।भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रही मक्सी की जनता के लिए मसीहा बनकर सामने आए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान पटेल।

जनता की आवाज बनते हुए मेहरबान पटेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नगरवासियों के साथ नगर परिषद मक्सी का घेराव कर जोरदार मटका फोड़ आंदोलन किया। उन्होंने कहा कि जब तक नगरवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। पानी संकट से परेशान लोगों ने भी मेहरबान पटेल के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 01-श्री राजेन्द्र दीक्षित पिता श्री मनमोहन दीक्षित, 02-श्रीमती मंजू दीक्षित पति श्री राजेन्द्र दीक्षित, दोनों निवासी-सी. एम. सेकण्ड 357 सुखलिया इन्दौर (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-12/3 श्रेणी ल.ई.ग. जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की संत कबीर नगर योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन की पैमाईश में भवन के सामने 5.00 मीटर, पीछे 5.00 मीटर, एक बाजू 10.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 10.00 मीटर के माप का होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-50.00 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में-9.00 मीटर चौडी सडक, पश्चिम दिशा में प्राधिकरण की भूमि, उत्तर दिशा में भवन क्रमांक-12/4 एवं दक्षिण दिशा में-भवन क्रमांक-12/2 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशनं के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक-25/05/2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है किमेरे पक्षकारविनोद शर्मा पिता श्री रामअवतार शर्मा की माताजीश्रीमती सीता शर्मा पति श्रीरामअवतार शर्मा ने भूखण्ड क्रमांक 06 स्थित अहिल्यानगर,जनकपुरी, गाँधीनगर के पास नानाखेडा उज्जैन कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्ग मीटर को विधिवत क्रय किया। श्रीमती सीता शर्मा जी की मृत्यु उपरान्त उनके उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त भूखण्ड के स्वामी उनके पति 1. श्रीरामअवतार शर्मा पिता स्व. बद्रिलाल जी शर्मा व पुत्रगण 2.विनोद शर्मा व 3.राहुल शर्मा हुए। इनके अतिरिक्त श्रीमती सीता शर्मा जी का अन्य कोई उत्तराधिकारी नहीं है। पश्चात श्रीराम अवतार शर्मा व राहुल शर्मा ने उक्त भूखण्ड में उन्हें प्राप्त समस्त स्वामित्व, स्वत्व, हक, हित, आधिपत्य, अधिकार व सुखाधिकार का परित्याग विनोद शर्मा के हित में पंजीकृत है त्याग पत्र द्वारा कर दिया। वर्तमान में उक्त भूखण्ड विनोद शर्मा के एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य का है। उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो अथवा उक्त भूखण्ड अन्यत्र कहीं रहन, बय या दान किया हुआ हो अथवा किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित या अधिकार हो और उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि व्यतित होने के बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो दिनांक 26.05.2026

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट**
**4 ए महावीर नगर सावेंर रोड उज्जैन**
**मो. 9406886383**


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 01-श्री अशोक कुमार नायक पिता श्री शांताराम नायक, 02-श्रीमती मंजू नायक पति श्री अशोक कुमार नायक, दोनो निवासी-64/3 जवाहर मार्ग, खातेगांव देवास (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-12/4 श्रेणी ल.ई.ग. जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की संत कबीर नगर योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन की पैमाईश में भवन के सामने 5.00 मीटर, पीछे 5.00 मीटर, एक बाजू 10.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 10.00 मीटर के माप का होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-50.00 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में-9.00 मीटर चौडी सडक, पश्चिम दिशा में प्राधिकरण की भूमि, उत्तर दिशा में-भवन क्रमांक-12/5 एवं दक्षिण दिशा में-भवन क्रमांक-12/3 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक-25.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

# महात्मा गांधी का यह व्यवहार जानकर रह जाएंगे हैरान



महात्मा गांधी उन दिनों सेवाग्राम आश्रम में रहते थे। एक दिन वह सुबह टहल कर लौटे तो एक कार्यकर्ता ने आकर कहा, पास की गौशाला के पास फकीर जैसा एक आदमी बैठा है। वह किसी से कुछ बात नहीं कर रहा, लेकिन उसके चेहरे से लाचारी झलक रही है। बापू उठकर उस व्यक्ति के पास पहुंचे तो चौंक उठे। बोले, आप तो साबरमती आश्रम से अपने घर गए थे। यहां कैसे और वह भी इस अवस्था में? सीधे मेरे पास क्यों नहीं आए? आगंतुक ने कहा, बापू मुझे कुछ रोग हो गया है। समाज मुझे अपनाने को तैयार नहीं। आपके आश्रम में रहने की बात कहते भी मुझे संकोच हो रहा है। मैं बस आपके आसपास रहते हुए मरना चाहता हूं। बापू बोले, आप ऐसी बात न करें। आपको यूं मरने नहीं दिया जाएगा। इतना कहकर बापू उस समय तो अपनी कुटिया में लौट आए, पर उनके अंदर द्वंद्व शुरू हो चुका था। आश्रम में अन्य लोग भी रह रहे थे। उनकी सहमति-असहमति का भी सवाल था। दूसरी तरफ मानवता की सेवा का उनका व्रत था।

काफी सोच-विचार के बाद बापू ने फैसला किया कि किसी भी सूरत में वह अपने व्रत से पीछे नहीं हटेंगे। सो, उन्होंने अपनी कुटिया से थोड़ा हटकर एक नई कुटिया बनवाई। वहां उन आगंतुक को रखा गया। बापू ने उनके शरीर से मवाद साफ करने का कठिन काम अपने हाथ में रखा। अन्य आश्रमवासी भी उनकी सेवा में हाथ बंटाने लगे। सबकी सेवा से उनकी हालत सुधरने लगी। अब वह खाली समय में आश्रम के बच्चों को संस्कृत पढ़ाया करते। वह रोगी और कोई नहीं बल्कि संस्कृत के प्रकांड पंडित परचुरे शास्त्री थे। उन्हें बचाया नहीं जा सका, लेकिन उनके जरिए बापू ने यह संदेश जरूर दिया कि असाध्य रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों के साथ मानव समाज को कैसा व्यवहार करना चाहिए।



**सम्पादकीय**

## भीषण गर्मी

पिछले कुछ समय से मौसम वैज्ञानिकों के हवाले से ये खबर आ रही है कि इस साल भीषण गर्मी पड़ने वाली है। इस खबर से सबसे ज्यादा चिंता कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को है। ऐसी भविष्यवाणियां की जा रही हैं कि इस साल भी गर्मी विकराल रूप ले लेगी जिससे सूखे जैसे हालत पैदा हो सकते हैं। खरीब की फसल पर तो इसका बुरा असर पड़ेगा ही, पर रवी की ऊपज पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमरीका और ईरान युद्ध के चलते पहले ही ऊर्जा संसाधनों पर महंगाई का असर दिखने लगा है और यदि गर्मी ने भी अपना असर दिखाया तो हालत बेकाबू हो सकते हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बढ़ती गर्मी के कारण गेहूं का उत्पादन काफी कम रहेगा। इसके साथ ही फल और सब्जियों के उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नतीजतन खाद्य पदार्थों के दामों में काफी बढ़ौतरी की संभावना है। कितना असर होगा ये आने वाले समय पर ही पता चल पाएगा दरअसल गर्मी बढ़ने का एक प्रमुख कारण सर्दियों में होने वाली बारिश का लगातार कम होते जाना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिसंबर, जनवरी और फरवरी में औसत तापमान से एक या दो डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया है। इतना सा तापमान बढ़ने से बारिश की मात्रा घट गई है। ये तो रही कृषि उत्पादनों की बात लेकिन अगर शहरी जीवन को देखें तो ये समस्या और भी बड़ा विकराल रूप धारण करने जा रही है। हमारा अनुभव है कि गर्मियों में जब ताल-तलैये सूख जाते हैं और नदियों में भी जल की आवक घट जाती है तो सिंचाई के अलावा सामान्य जन-जीवन में भी पानी का संकट गहरा जाता है। नगर पालिकाएं आवश्यकता के अनुरूप जल की आपूर्ति नहीं कर पाती। इसलिए निर्बल वर्ग की बस्तियों में अक्सर सार्वजनिक नलों पर संग्राम छिड़ते हुए देखे जाते हैं। नलों में पानी बहुत कम देर के लिए आता है। मध्यम वर्गीय परिवारों को भी अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पानी एकत्र करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। राजनेताओं, अधिकारियों और संपन्न लोगों को इन विपरीत परिस्थितियों में भी जल संकट का सामना नहीं करना पड़ता। क्योंकि ये लोग आवश्यकता से कई गुना ज्यादा जल जमा कर लेते हैं। असली मार तो आम लोगों पर पड़ती है। भीषण गर्मी पड़ने के साथ लोग कूलर या एयर कंडीशनर की तरफ भागते हैं। इससे जल और विद्युत दोनों का संकट बड़ जाता है।

**26 मई 2026 गंगा दशहरा पर्व व गंगा लहरी कथा पर विशेष**

# आध्यात्मिक ज्ञान व मन शुद्धि के लिए पौराणिक पर्वों का महत्व



हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)



दस पापों को नष्ट करने वाला शुभ योग का संयोग के साथ ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर पूरे देश में गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। इस दिन मां गंगा के स्वर्ग से धरती पर अवतरण की खुशी से यह पर्व का अपना अलग महत्व है। हमारे यहां नदियों को भी मां कहते हैं गंगा दशमी के दिन गंगा मां के घाट पर स्नान करने से दस प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। सनातन संस्कृति की मजबूती इन्हीं सभी पर्व व त्यौहारों की आस्था के कारण बनी हुई है। हिंदू धर्म में इस दिन सूर्य उदय के पूर्व गंगा नदी में स्नान पुण्य कर्मों के उदय और मनोकामनाएं पूर्ण करने हेतु बहुत श्रेष्ठ गंगा दशमी को यानी गंगा दशहरा पर्व को माना गया है। गंगा दशहरा पर हम सभी कोई भी नदी हो उसमें मां गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाये, और प्रकृति पर्यावरण और जल संरक्षण हेतु भी संकल्पित होना हम सभी का फर्ज है। आत्मचिंतन के साथ आध्यात्मिकता से मन में शुद्ध भाव व सच्चे विचार आते हैं। वर्तमान समय में आदमी भागदौड़ भरी जीवनशैली के कारण मानसिक शांति को तलाशता है। ऐसे पर्व पर आत्मचिंतन के कारण मन प्रफुल्लित होता है। दान-पुण्य के साथ परोपकार भाव बहुत जरूरी है। हम कितने भी आधुनिक हो जाएं, धर्म-कर्म ध्यान व आत्मिकता के साथ साथ वैचारिक चिंतन व संवाद बहुत जरूरी है। क्योंकि हम भारतीय हैं और सभी धर्म संस्कृति का मान-सम्मान करना हमारे संस्कारों में है।

यह कौन चित्रकार है ? जिसने नदियां पर्वत धरती बनाई है, अपनी वसुंधरा मे प्रकृति की हरियाली अविरल प्रवाह से बहती हुई नदियां आंनद को उल्लास के रंग में प्रफुल्लित करके एकजुट करती है। हम इससे दूर ना जाये तो ही इस रंगबिरंगी हरियाली व पहाड़ नदियों का वह स्नेह व वात्सल्य की सार्थकता को जीवन में उतार सकते हैं। हमे दैनिक जीवन शैली मे अब प्रकृति फल फूल रंगबिरंगे पेड़-पौधे व नदी और इस मिट्टी से जुडना ही होगा क्योंकि समय हर एक चीजों का महत्व समझा देता है । यह बहुत जरूरी है हम बहुत ज्यादा आधुनिकता की और बढ गये ,ईट पत्थरों के बडे बडे ताजमहल बना लिये , पर फिर भी हमे वृक्षों, पेड़-पौधों की प्रंसग और नदियों का अपना महत्व अब याद आ रहा है नीम पीपल के वृक्षों का महत्व अब समझ आ रहा है , पर्यावरण व प्रकृति और नदियों को दूषित करके सब बिगड़ दिया है। हमें प्रकृति के दोहन का खामियाजा भुगतना ही पड़ेगा ? प्रकृति ने हमे जंगल खेत खलिहान हराभरा रंग-बिरंगा संसार दिया ,पर हमारी ज्यादा की जरूरतो ने लालच का मूँह खोल कर ईट पत्थरों के आशियाने बना लिये ? पर चलो देर से आये पर ठीक आये दुरुस्त आ गये ।अब पर्यावरण व प्रकृति से जुड़ गए, हमें मालूम हो चुका है कि यहां हमारे मित्र है हमे स्नेह व प्यार के साथ साथ स्वास्थ जीवन व सकारात्मक ऊर्जा की संजीवनी बूटी यानि आक्सीजन भी देती है । नदियां हमें पानी देती है और धर्म संस्कृति व सनातन संस्कारों को जीवित रखती है। तभी तो गंगा दशहरा पर्व हम सभी इसलिए मानते हैं कि हमारी भारतीय संस्कृति व संस्कारों का स्तर उच्च रहना चाहिए और पाप से मुक्त होकर धर्मध्वजा लहराती रहें।

वहीं मध्यप्रदेश की प्राचीनतम नगरी व मां अहिल्याबाई होलकर की कर्मभूमि महेश्वर के पावन तट गंगा दशहरा पर विशेष रूप से पंडित महान कवि जगन्नाथ मिश्र द्वारा लिखित संस्कृत की इस रचना का वाचन इन दोनों होता है। इसलिए लोक माता अहिल्याबाई होलकर ने महेश्वर के प्रचीन घाट पर जिसे वर्तमान में अहिल्या घाट के नाम से जाना जाता है वहीं पर मां गंगा मंदिर की स्थापना की थी। लोकमान्यता है कि गंगा लहरी की कथा के दौरान गंगा माता व मां नर्मदा से मिलने आती है, तब नर्मदा मैया का जलस्तर में अपने आप वृद्धि हो जाती है। ऐसे तो सदियों से नर्मदा नदी के तट पर गंगा दशहरा पर्व घंटे घड़ियाल शंखध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच भक्तिभाव से पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है। गंगा लहरी कथा और इसका संस्कृत भाषा में उच्चरण साहित्य के महान कवि राज पंडित जगन्नाथ मिश्र द्वारा सबसे पहले काशी के दशमेश घाट पर किया गया था। उस समय पंडित जी का समाजिक बहिष्कार किया गया था। तभी उन्होंने मां गंगा की स्तुति संस्कृत 52 श्लोक में की गई थी। जैसे जैसे व प्रत्येक श्लोक का करते हुए उन्होंने गंगा मां को आगे बढ़ते हुए देखा था। जैसे ही 52 श्लोक उन्होंने बोला, उसके बाद अपनी पत्नी सहित मां गंगा की गोद में जलसमाधि में वह लीन हो गए थे। उसी प्राचीनतम गंगा लहरी कथा का वाचन गंगा दशहरा महापर्व पर किया जाता है। और 52 किलो की चने की दाल का भयडा.का महाप्रसादी को बांटा जाता है। कुलमिलाकर यहां गंगा अवतरण का पर्व जिसे हम सभी गंगा दशहरा के रूप में सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे महान व पवित्र पर्व पर हम सभी नदियों को दूषित होने से बचाएं। वर्तमान समय में पर्यावरण प्रकृति और नदियों का संरक्षण बहुत जरूरी है, हमें इस जीवंत धरोहर को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचना होगा। क्योंकि अध्यात्मिक ज्ञान व मन शुद्धि के लिए ऐसे पौराणिक पर्वों का अपना महत्व है।

## हाँ साहब हम कॉकरोच हैं

सुबह के ठीक सवा छह बजे थे। अलार्म ने चिल्ला कर अपनी ड्यूटी पूरी की मगर चादर के भीतर से जो हाथ मोबाइल को स्नूज करने निकला, वह सामान्य हाथ नहीं था। उसमें ढेर सारे बारीक काटेंदार पैर थे। कबीर जो रात को एक अदद बेरोजगार, रील स्क्रॉलर और जिंदगी से हारा हुआ इंसान बनकर सोया था, सुबह उठते ही एक चमकीले कत्थई कॉकरोच में तब्दील हो चुका था। उसकी रीढ़ की हड्डी अब एक कड़े खोल में बदल चुकी थी और सिर पर दो एंटीना हवा में किसी अदृश्य वाईफाई सिग्नल को ढूंढने की नाकाम कोशिश कर रहे थे। एक ऐसा युवा जिसके पास कल तक केवल एक पुराना लैपटॉप और रिज्यूमे की ढेरों रिजेक्शन मेल थीं, आज उसके पास छह पैर थे। उसने करवट लेने की कोशिश की, मगर उसकी पीठ का वह नया कड़ा कवच जमीन से चिपक गया। यह ठीक वैसा ही था जैसे कोई मिडिल क्लास लड़का अचानक से किसी कॉरपोरेट कंपनी के एग्रीमेंट में फंस जाए, जहां से बाहर निकलने का रास्ता सीधे एचआर के केबिन की तरफ जाता है, मगर रास्ता हमेशा बंद मिलता है। कबीर ने खिड़की से आती धूप को देखा जो अब उसे जीवन की रोशनी नहीं, बल्कि एक बड़ा सा सर्चलाइट लग रही थी जो उसकी बेबसी को पूरी दुनिया के सामने एक्सपोज करने के लिए बेताब थी।

कमरे का दरवाजा खुला और मां चाय का कप लेकर अंदर आईं। उन्होंने बिस्तर पर एक बड़े से कीड़े को छटपटाते देखा तो उनकी चीख निकल गई। कबीर कहना चाहता था कि मां, डरो मत, यह मैं ही हूं, आपका अपना कबीर, जो कल रात तक सरकारी नौकरी के फॉर्म भरने की फीस मांग रहा था। मगर उसके मुंह से सिर्फ एक अजीब सी सरसराहट निकली जो किसी बिना नेटवर्क वाले फोन के स्पीकर जैसी थी। मां ने तुरंत चाय का कप साइड में रखा और हाथ में झाड़ू थाम ली।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 मई 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:46 सूर्यास्त 19:02
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - एकादशी दिन पूर्ण उपरांत एकादशी
नक्षत्र - हस्त दिन पूर्ण उपरांत हस्त
योग - सिद्धि 03:10 उपरांत व्यतिपात
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 08 तारिख

**मेष-** प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं।

**वृषभ-** समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी।

**मिथुन-** यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी दूसरे व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप न करें। विवाद होगा।

**कर्क-** मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**सिंह-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या-** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला-** नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी।

**धनु-** कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर-** विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**मीन-** घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। धनहानि भी आशंका है। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे।

**गंगा दशहरा पर विशेष**

## गंगा अवतरण उजियारा

गंगा अवतरण का पावन पर्व,
लेके आया है शुभ उजियारा।
श्रद्धा, भक्ति और आस्था से,
गूंज उठा हैं हर घाट किनारा।
यूं ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन,
इस धरती पर गंगा आई थीं।
भगीरथ की कठोर तपस्या से,
माँ सबका उद्धार कराई थीं।
गंगा जल की ये निर्मल धारा,
यहाँ पे पापों को हर लेती है।
गर मन में सच्ची श्रद्धा हो तो,
ये जीवन के हर सुख देती है।
दीप जलाकर, दान-पुण्य कर,
सूर्य देवता को 'अर्घ्य' चढ़ाएँ।
माँ गंगा के इस पावन जल से,
तन-मन अपना पवित्र बनाएँ।
ये गंगा दशहरा का पावन पर्व,
आस्था-श्रद्धा सन्देश सुनाता।
सत्य, सेवा और सद्भावना से,
हमारा जीवन है सुंदर बनाता।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

## पुरुषोत्तम मास आया...!

पुरुषोत्तम मास आया है, भक्ति का उपहार,
हरि स्मरण से भर उठे, सारा जीवन संसार।
अधिक मास कहलाता, पुण्य महीना खास,
जप-तप, दान व साधना से मिटे सारे त्रास।
गंगा-सा निर्मल बने, मन का हर एक विचार,
राम-कृष्ण के नाम से, जगमग होता संसार।
भक्ति की इस राह में, स्नेह बने बड़ा आधार,
दीन-दुखियों की सेवा कर मिलें सुख अपार।
वेद-पुराणों में गूँजे इसकी महिमा अपरम्पार,
विष्णुजी का प्रिय महीना, देता शुभ उपहार।
जो श्रद्धा से उपवास करें, रखते सच्चा ध्यान,
उसके जीवन में सदा बरसे हरिनाम का ज्ञान।
ये पुरुषोत्तम मास सिखाए, सेवा और सद्भाव,
तब मन मंदिर में दीप जले, मिट जाए दुर्भाव।
हरि चरणों में शीश धर, करें सभी का सत्कार,
पुरुषोत्तम मास लेके आया, मंगलमय त्योहार। - **मोनिका डागा**

## एक साथ हो चुनाव

हमारे यहाँ बारह महीनों चुनाव का मौसम रहता है एक चुनाव खत्म नही कि अगले की तैयारी कभी लोकसभा तो कभी किसी राज्यों के विधानसभा चुनाव, नगर निगम तो नगर पालिका तो कभी पंचायत चुनाव तो कभी उपचुनाव. लगातार चुनाव होने से समय व धन का काफी नुकसान होता है साथ ही चुनाव संबंधी आचार संहिता के कारण विकास की योजनाएं भी थम जाती है कर्मचारियों के चुनाव कार्यों की वजह से आमजनता को भी परेशानी उठानी पड़ती है।?. यदि सरकारे हर वक़्त चुनाव की चिंता करती रहेगी तो विकास और जनकल्याण के कार्य प्राथमिकता से नहीं हो पाएंगे. पहले भी चुनाव एक साथ होते आए हैं वही व्यवस्था अब पुनः अपनाने की आवश्यकता है 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे फिर धीरे- धीरे मध्यावधि चुनाव की नौबत आयी साथ ही दलबदल कर सरकार गिराने की स्थिति हमारे यहाँ है। एक साथ चुनाव की राह में सबसे बड़ी बाधा राजनीतिक सर्वसम्मति भी होगी?. एक साथ चुनाव पर अब गंभीरता से विचार होना चाहिए जिसकी शुरूआत हो चुकी है पिछले कुछ समय से केंद्र सरकार इस बात के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की कोशिश कर रही है लोकसभा,विधानसभा,पंचायत या नगर निगम चुनावों के लिए केवल एक मतदाता सूची का उपयोग होना चाहिए । - **साजिद अली चंदन नगर इंदौर**

# नौतपा: सूर्य की प्रचंड गर्मी का प्रकोप



सरिता सुराना
(दैनिक अवन्तिका)

नौतपा नौ दिन की वह अवधि होती है, जब धरती का तापमान सबसे अधिक होता है। नौतपा सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश से प्रारंभ होता है, जो सूर्य के मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करने से समाप्त होता है। ज्येष्ठ मास के इन नौ दिनों में भीषण गर्मी पड़ती है। इन नौ दिनों की अवधि में धरती सूर्य की ऊष्मा को अवशोषित करके बारिश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है।

इस वर्ष नौतपा 25 मई, रविवार से शुरू हो रहा है, जो 2 जून, रविवार को समाप्त होगा।

**नौतपा का ज्योतिष से संबंध**

ज्योतिष के अनुसार, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में होता है, तो गर्मी और अधिक बढ़ जाती है। दरअसल, रोहिणी नक्षत्र के स्वामी शुक्र ग्रह हैं। शुक्र को सूर्य का शत्रु माना जाता है, इसलिए सूर्य और शुक्र के एक साथ आने से गर्मी ज्यादा होती है। इसके अतिरिक्त नौतपा की अवधि में सूर्य पृथ्वी के सबसे निकट होता है। इसलिए भी इस अवधि में सबसे तेज गर्मी पड़ती है। सूर्य की किरणें धरती पर सीधी पड़ती हैं।





नौतपा की अवधि में हमें ग्रह शान्ति हेतु कुछ उपाय करने चाहिए -

- नौतपा की अवधि में सूर्यदेव की पूजा करनी चाहिए। सुबह उठकर स्नान करके सूर्यदेव को अर्घ्य चढ़ाएं। ऐसा करना शुभ माना जाता है।
- नौतपा के दौरान आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना बहुत फायदेमंद होता है। इससे मानसिक शक्ति बढ़ती है और जीवन में सकारात्मकता आती है।
- नौतपा के दौरान कोई आपके दरवाजे पर कुछ मांगने आए, तो उसे खाली हाथ न जाने दें। अपनी क्षमता के अनुसार कुछ न कुछ दान जरूर करें। ऐसा करने से आपको शुभ फल मिलेगा।
- नौतपा के दौरान कुछ चीजों से परहेज करें, जैसे- लहसुन, बैंगन और मांसाहार। इस दौरान शुद्ध जल और फलों का अधिक से अधिक सेवन करें।
- नौतपा में प्यासे लोगों को पानी पिलाना बहुत अच्छाकाम है। इससे पुण्य मिलता है।
- राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था करें। इससे आपको शुभ फल मिलेंगे।
- नौतपा में जरूरतमंद लोगों के मध्य दान करने से महापुण्य की प्राप्ति होती है। नौतपा की यह अवधि ज्येष्ठ मास में पड़ती है और शास्त्रों में ज्येष्ठ मास का दान महादान माना गया है। इस अवधि में जरूरतमंद लोगों को मौसमी फल, सत्तू, छाता, मटका, सूती वस्त्र और पंखे आदि का दान करना चाहिए। ऐसा करने से जातक की कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होती है।
- धार्मिक मान्यता के अनुसार, नौतपा में पीपल का पेड़ लगाना बहुत ही शुभ होता है। इससे पितरों का आशीर्वाद मिलता है। नौतपा में शमी का पौधा लगाने से कुंडली में सूर्य की स्थिति ठीक हो जाती है।
- नौतपा में तुलसी का पौधा जरूर लगाएं। मान्यता है कि इस उपाय से कुंडली में अशुभ ग्रहों का प्रतिकूल प्रभाव कम होता है।

**धर्म-आस्था**

# गंगा दशहरा: नदियों को पवित्र और प्रवाहमान रखने का संदेश



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की सभ्यता और संस्कृति का विकास नदियों के किनारे ही हुआ है। यहाँ नदियाँ केवल जलधाराएँ नहीं, बल्कि जीवन, आस्था, संस्कृति और प्रकृति की आधारशिला के रूप में मान्य हैं। नदी छोटी हो या लंबी, उथली हो या गहरी, मौसमी हो या बारहमासी,सभी का अपना महत्व है और सभी वंदनीय हैं। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा पर्व माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का प्रतीक है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन राजा भगीरथ की घोर तपस्या से प्रसन्न होकर माँ गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं, जिससे मानवता का कल्याण हुआ।

गंगा दशहरा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का पर्व नहीं है और न ही यह केवल गंगा नदी तक सीमित है, बल्कि यह पर्व हमें देश की सभी नदियों की पवित्रता, स्वच्छता और अविरलता बनाए रखने का संदेश देता है। आज जब भीषण ग्रीष्म ऋतु में भारत के अधिकांश शहर पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं और हमारी नदियाँ प्रदूषण, अतिक्रमण व अत्यधिक जल दोहन के संकट से ग्रसित हैं, तब यह पर्व हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। यह समय विचार करने का है कि क्या हम अपनी जीवनदायिनी नदियों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से कर रहे हैं?

भारतीय परंपरा में गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और क्षिप्रा जैसी नदियों को 'माँ' कहकर संबोधित किया गया है। वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में भी इनका विस्तृत गुणगान मिलता है। ऋग्वेद में नदियों को समृद्धि, शुद्धता और चेतना का स्रोत बताया गया है। भारतीय ज्ञान परंपरा में जल को पंचमहाभूतों में विशिष्ट स्थान प्राप्त है और अपो हिष्ठा मयोभुवः कहकर जल को सुख और कल्याण का आधार माना गया है।

वास्तव में नदियाँ केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे कृषि, पेयजल, जैव विविधता, मत्स्य पालन, ऊर्जा उत्पादन और आजीविका का मुख्य आधार भी हैं। भारत की करोड़ों की आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन्हीं नदियों पर निर्भर है।?परंतु वर्तमान में नदियाँ बहुआयामी समस्याओं का सामना कर रही हैं। नगरों का अनुपचारित सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरा, रासायनिक खेती से बहकर आने वाले उर्वरक और कीटनाशक इन्हें विषैला बना रहे हैं। कई स्थानों पर धार्मिक आस्था के नाम पर भी पूजा सामग्री, मूर्तियाँ और अन्य कचरा नदियों में प्रवाहित कर दिया जाता है, जो चिंताजनक है। आज स्थिति यह है कि अनेक नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो चुका है। बाँधों के अनियोजित निर्माण, अतिक्रमण और अत्यधिक दोहन के कारण कई बारहमासी नदियाँ अब मौसमी बनकर रह गई हैं और कई विलुप्त होने की कगार पर हैं। इसका सीधा असर भूजल स्तर पर पड़ रहा है और नदियों की जैव विविधता नष्ट हो रही है। अनेक जलीय जीव विलुप्ति की कगार पर पहुँच चुके हैं।

इन विषम परिस्थितियों में गंगा दशहरा का मूल संदेश केवल स्नान और अर्घ्य देने तक सीमित नहीं रह जाता। इसका वास्तविक उद्देश्य जल के प्रति श्रद्धा, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का भाव जगाना है। यदि हम सचमुच नदियों का सम्मान करना चाहते हैं, तो हमें उन्हें प्रदूषण मुक्त रखने का दृढ़ संकल्प लेना होगा।?नदियों की पूजा और उनके तटों पर होने वाली आरती तभी सार्थक होगी जबः नदियों में कचरा और प्लास्टिक डालना पूरी तरह बंद हो। सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट का शत-प्रतिशत उपचार सुनिश्चित किया जाए।

नदी तटों पर सघन वृक्षारोपण कर हरित पट्टी विकसित की जाए। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप दिया जाए। नदियों के प्राकृतिक और निर्बाध प्रवाह को अक्षुण्ण रखा जाए।

हमें यह समझना होगा कि नदियों की रक्षा केवल सरकार का दायित्व नहीं है, बल्कि यह समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। एक ओर जहाँ प्रशासन को प्रभावी सीवेज प्रबंधन, कड़े औद्योगिक नियमों और नदी संरक्षण कानूनों का सख्ती से पालन कराना होगा; वहीं दूसरी ओर समाज को अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर नदियों को मानव-जनित कचरे से मुक्त रखना होगा। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और ग्राम सभाओं, साधु-संतों के धार्मिक सम्मेलनों आदि को नदी संरक्षण के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने की आवश्यकता है। हमारे तीर्थस्थलों पर स्वच्छ स्नान, सुरक्षित स्नान और संवेदनशील स्नान की संस्कृति विकसित करनी होगी।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,52,100 रवा- 1,52,000 चांदी- टंच- 2,60,000 पाट- 2,59,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## पुलिस विभाग में चयनित तीन बेटियों का जगह-जगह हुआ सम्मान

**जगोटी।** एक गरीब परिवार की तीन बेटियां अपनी लगन व मेहनत के दम पर मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में कांस्टेबल पद पर चयनित हुई, ट्रेनिंग दी व अब भोपाल, जबलपुर व उज्जैन के थानों पर ड्यूटी देते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है। जगोटी निवासी मोतीराम परमार लघु कृषक है उनकी पत्नी मधुकांता कन्या विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना संचालित करती है, इस दंपति की तीन बेटियां ममता, ज्योति व सोना परमार के पुलिस कांस्टेबल बनने के पश्चात शुक्रवार को जगोटी में स्वागत जूलुस निकाला गया जिसका जगह-जगह विभिन्न वर्गों के लोगों ने स्वागत किया। चौक बाजार में पूर्व सरपंच हाकमसिंह बापू, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, रवि बोडाना मित्र मंडल, संत रविदास समाज, सुनील आंजना मित्र मंडल , मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के मोहनलाल हेड़ा, अनंत शर्मा, गोपाल गुजराती,बिरमानंद सेन, मुन्ने खां पठान रजनीश तिवारी सहित सामाजिक संगठनों द्वारा तीनों बहिनों का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। स्वागत यात्रा का कबीर चौराहा पर भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## चारधाम यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत



**सुसनेर।** चारधाम यात्रा पूर्ण कर सुसनेर नगर लौटे गोवर्धनलाल नागर एवं गिरिराज पाटीदार का मनकामनेश्वर समिति एवं प्रभात फेरी झंडा पार्टी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। दोनों श्रद्धालुओं के नगर आगमन पर समिति सदस्यों ने पुष्पमालाएं पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कहा कि चारधाम यात्रा भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखती है। यात्रा पूर्ण कर लौटने वाले श्रद्धालुओं का सम्मान करना धार्मिक परंपरा का हिस्सा है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा के अनुभव साझा करते हुए भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के दर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की। कार्यक्रम में मनकामनेश्वर समिति, प्रभात फेरी झंडा पार्टी के सदस्य एवं नगर के धर्मप्रेमीजन उपस्थित रहे।

## गट्टानी अध्यक्ष व हेड़ा सचिव निर्विरोध निर्वाचित

**जगोटी।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के निर्देशानुसार वर्ष 2026-29 के लिये माहेश्वरी भवन जगोटी में श्रीमाहेश्वरी समाज जगोटी की कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया का





निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव अधिकारी अशोक हेड़ा व कैलाश गट्टानी के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गट्टानी, उपाध्यक्ष मोहनलाल हेड़ा, सचिव गोपाल कृष्ण हेड़ा, संयुक्त मंत्री देवेन्द्र कुमार गट्टानी, कोषाध्यक्ष संदीप गट्टानी, संगठन मंत्री सत्यनारायण अगाल, प्रचार मंत्री अजय हेड़ा, जिला प्रतिनिधि पश्चिमांचल राकेश बसैर व मनोज बजाज का निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवीन पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठ जनों ने सम्मान किया।

## धार्मिक यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत

**सारंगपुर।** विगत 15 दिवस की उत्तराखंड चार धाम यात्रा की सुखद आनंदानुभूति लेकर हमारे नगर के समाजसेवी महादेव मित्र मंडल परिवार के महेश सरिता पाटीदार एवं गुंजन लता सोनी ने सपत्नीक यात्रा कर हर्षोल्लासित होकर सकुशल लौटने पर उनके परिवार, निकटतम रिश्तेदार एवं साईं समिति सदस्य अर्जुन प्रजापति, पर्यावरण प्रेमी सदस्य नंदकिशोर सोनी, लक्ष्मी नारायण त्रिकार सपत्नीक अपने इष्टमित्रों ने आगवानी करते हुए स्थानीय साई मंदिर पर आत्मीय स्वागत किया।

वर्षा से पहले सक्रिय हुआ नपा प्रशासन :

# नालों की सफाई के लिए मैदान में उतारी जेसीबी

### सीएमओ ने जताई चिंता, बोले: जल्द पूरी होगी शहर के सभी नालों की सफाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

मानसून आने से पहले ही नगर परिषद प्रशासन जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर आ गया है। इसको लेकर हमारे द्वारा नपा प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया था जिसके बाद आगामी बारिश के मौसम में शहरवासियों को जलजमाव की समस्या से न जूझना पडे, इसे लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक रानवे ने गहरी चिंता व्यक्त की है। सीएमओ रानवे के कडे निदेर्शों के बाद नगर परिषद के स्वच्छता अमले ने युद्ध स्तर पर शहर के प्रमुख नालों की सफाई का अभियान शुरू कर दिया है।

शहर के विभिन्ना वार्डों और मुख्य मार्गों पर स्थित भारी गाद से पटे नालों को साफ करने के लिए जेसीबी मशीनों को मैदान में उतारा गया। नपाकर्मियों की मुस्तैदी और भारी मशीनों की मदद से नालों के भीतर जमा कचरा, पॉलीथिन और मलबे को बाहर निकाला जा रहा है, ताकि बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के सुगमता से शहर से बाहर निकल सके।

इन प्रमुख और संवेदनशील नालों पर केंद्रित है नपा का अभियान

प्रशासन ने शहर के उन हिस्सों को चिन्हित किया है, जहाँ हर साल बारिश



के दिनों में बाढ जैसी स्थिति बन जाती है। मुख्य रूप से उन्ही जलमार्गों पर सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। सीएमओ रानवे ने बताया कि अकोदिया रोड कॉन्वेंट स्कूल से आदर्श कॉलोनी पर भी नाले की सफाई की जरूरत है इस मार्ग पर स्थित नाले की सफाई से रहवासी इलाकों को बडी राहत मिलेगी। अस्पताल रोड, बदलीपुरा, अंबिका पुरी कॉलोनी और भेरू दरवाजा रोड नाला यह शहर के बेहद व्यस्त और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, यहाँ जलभराव रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। दशहरा मैदान से कीडी रोड का नाले की सफाई से निचली बस्तियों में पानी भरने का खतरा टल जाएगा। नपा के पीछे मदन गंगा गार्डन के समीप का नाला में कचरा जमा होने से पानी का बहाव रुक जाता है जिसे अब दुरुस्त किया जाना जरूरी है।

सबसे बड़ी दिक्कत पुलिस एसडीओपी कार्यालय के सामने के नाला के चौक होने से आती है क्योंकि इस शासकीय कार्यालयों के आसपास जलजमाव की स्थिति सबसे ज्यादा बनती है और पुराना नेशनल हाइवे तक जलमग्न हो जाता है, इसके लिए यहाँ मुस्तैदी दिखाई जा रही है। जबकि रहवासी क्षेत्र सिदाखाल से काली मस्जिद तक के सघन आबादी वाले इस क्षेत्र में नाले की गहराई से सफाई की आवश्यकता है। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह साफ करने के बाद बारिश का पानी बिना रुके सीधे मुख्य नालों से होते हुए शहर के बाहर निकल जाएगा। नपा ने आम जनता से भी अपील की है कि वे नालों और नालियों में कचरा, प्लास्टिक की थैलियां या अन्य अपशिष्ट न फेंकें। यदि नालों में दोबारा कचरा डाला गया, तो सफाई के बावजूद चोक होने की समस्या खडी हो सकती है। फिलहाल, नपाकर्मियों की टीमें लगातार अलग-अलग शिफ्टों में काम कर रही हैं, और उम्मीद जताई जा रही है कि प्री-मानसून की बौछारों से पहले ही शहर के सभी संवेदनशील नालों को पूरी तरह साफ कर लिया जाएगा।

**बिना रुके निकलेगा बारिश का पानी, सीएमओ ने की अपील**

हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पहली ही बारिश में शहर की सडकों पर पानी न जमा हो। सभी मुख्य और सहायक नालों की सफाई समय रहते पूरी कर ली जाएगी ताकि ड्रेनेज सिस्टम सुचारू रूप से काम करे।

**दीपक रानवे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नपा, सारंगपुर**

कलेक्टर के निर्देश पर चले फ्री जोन अभियान में मिली शराब और प्रतिबंधित सामग्री

# शैक्षणिक संस्था और सार्वजनिक स्थानों पर बिक रही अवैध शराब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जिले में सैक ड़ों स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है, अवैध शराब विक्रय के लिए लायसेंसी ठेकेदारों में विवाद की स्थिति भी कई स्थानों पर बन रही है, इतना ही नहीं अवैध शराब विक्रय स्थल को लेकर लायसेंसी ठेकेदारों के मध्य चल रहे विवाद को निपटाने के लिए आबकारी व पुलिस विभाग के नुमाइंदे भी अपनी भूमिका निभा रहे है, जिन्हे अवैध शराब पर रोकथाम व कार्यवाही करना चाहिए वे विभागीय नुमाइंदे समझोते और सेटिंग में व्यस्त है।

यही वजह है कि अवैध शराब की बिक्री क्षेत्र में तेजी से पनप रही है। आलम यह है कि शैक्षणिक संस्थाओं, देवालयों व सार्वजनिक स्थानों पर अवैध शराब का विक्रय खुले आम हो रहा है, इसका खुलासा शनिवार को ड्रग फ्र ी जोन अभियान के तहत की गई कार्यवाही के दौरान हुआ। शनिवार को प्रशासन ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास अवैध गतिविधियों के विरुद्ध आक्रामक कार्रवाई की।



अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदार के नेतृत्व में गठित दल ने शासकीय जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर एवं कृषि उपज मंडी क्षेत्र के समीप गुमठियों पर से अवैध शराब का जाखिरा पकड़ा। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास गुमठियों व ठेलों में तम्बाकु व प्रतिबंधित सामग्री विक्रय होते मिली। प्रशासन की कार्रवाई विशेष रूप से स्कूल-कॉलेज परिसरों के आसपास संचालित अवैध शराब बिक्री को लेकर केंद्रित रही। इसी प्रकार नगर की मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए सैंपल लिए गए।

जांच में कुछ दुकानों पर एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिलने पर उसे जप्त कर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध प्रकरण बनाए जाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी निमेष देशमुख, तहसीलदार किरण धाकड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**इनका कहना**

मीडिया से चर्चा में कहा कि स्कूल, कॉलेज व शैक्षणिक संस्थाओं के 500 मीटर के दायरे में नशीले व तम्बाकु उत्पादनों की बिक्री पर पूर्व से ही प्रतिबंध है, जेएनएस कॉलेज के सामने नशीले पदार्थ बीढ़ी सिंगरेट और शराब मिली है, जो कि गलत है और चिंता जनक है, क्षेत्र में कही भी अवैध शराब की बिक्री गलत है, इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सामग्रियों की दुकानों पर भी जांच की गई है।

**राजकुमार हलदर एसडीएम शुजालपुर**

## पुण्य कभी दगा नहीं करता और पाप कभी माफ नहीं करता - मसा

**महिदपुर।** जिन शासन गौरव, पूज्य आचार्य श्री उमेश मुनिजी म.सा. की सुशिष्या एवं धर्मदास गणनायक पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्तनी संयम रुचिका पूज्य महासती श्री संयम प्रभाजी म.सा. ने स्थानीय जैन स्थानक भवन में एक धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मानव दैनिक जीवन चर्या में पाप के बीज बोया करता है, किंतु पाप का फल नहीं चाहता है। जब तक हमारे पुण्य है, हमारा कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। पुण्यवानी समाप्त हो जावेगी, तो हमारे घर के सदस्य भी हमारी नहीं सुनेंगे। मानव जीवन में पुण्य कभी दगा नहीं करता है, तथा पाप कभी माफ नहीं करता है। आपने कहा कि कषाय एवं अपरिग्रह की प्रवृत्तियां हमारे ज्ञान, दर्शन और चारित्र को लूट रही है, इसलिए हमें सुदेव, सुगुरु और सुधर्म पर श्रद्धा करनी चाहिए। समयकत्व श्रद्धा वीतराग देवों पर होनी चाहिए। समयकत्व की नींव मजबूत होगी तो हम मिथ्यात्व में नहीं भटकेंगे और मिथ्यात्व से दूर रहेंगे तो हमारी धर्म आराधना मजबूत होगी।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 27 से

**महिदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 27 से 31 मई 2026 तक निशुल्क बाल व्यक्तित्व विकास समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। शिविर गोपाल धर्मशाला में प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक लगेगा। इसमें 8 से 14 वर्ष के बच्चों को योग, मेडिटेशन, डांस, ड्रामा, स्पीच, क्राफ्ट व खेलों के माध्यम से मानसिक व शारीरिक विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन निशुल्क है। इच्छुक अभिभावक ब्रह्माकुमारी सेंटर (रामलीला मैदान, यशवंत मार्ग) पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।



हाथ की सफाई से पेट भरने की जंग:

## जादू का खेल दिखाकर परिवार पाल रहे कलाकारों के सामने रोजी-रोटी का संकट

**सारंगपुर।** विज्ञान और तकनीक के इस दौर में जहां मनोरंजन की परिभाषा पूरी तरह बदल चुकी है, वहीं अपनी पारंपरिक कला के दम पर परिवार का भरण-पोषण करने वाले जमीनी कलाकारों का संघर्ष लगातार बढता जा रहा है। स्थानीय हाट-बाजारों और कस्बों की गलियों में राजस्थान के टोंक का एक परिवार सारंगपुर में बस स्टैंड के पास ढेरा जमाए हुए हैं। इसमें से एक सदस्य 11 वर्षीय मन्न सिंह जादु की कलाकारी दिखा रहा था, उसके बताया कि मेरे दादा और पिता भी यही काम करते है और हम इससे ही पेट पालते है। इसी तरह आज भी कुछ ऐसे जादूगर और उनके परिवार मिल जाते हैं, जो डिब्बे से सामान निकालने, खाली हाथ से सिक्के बरसाने और ताश के पत्तों के खेल दिखाकर लोगों का मनोरंजन करते हैं। लेकिन इस जादू के पीछे छिपा सच बेहद कडवा और अभावों से भरा है। कभी राजा-महाराजाओं और आम जनता के बीच कौतूहल का विषय रहने वाली यह विधा आज चंद रुपयों की मोहताज होकर रह गई है।

## व्यवसायिक शिक्षा अपनाकर उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र संवार रहे भविष्य



**सारंगपुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में व्यावसायिक शिक्षा (वोकेशनल एजुकेशन) के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास रंग ला रहा है। विद्यालय में संचालित एग्रीकल्चर और आईटी ट्रेड के जरिए छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक और कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं। यह पूरा कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या पूजा विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। व्यावसायिक पाठ्यक्रम के व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करने के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की ऑन जॉब ट्रेनिंग आयोजित की गई। प्राचार्या पूजा विजयवर्गीय के कुशल प्रबंधन और दिशा-निर्देशन में दोनों ट्रेड की यह ट्रेनिंग सफलतापूर्वक संपन्ना हुई। इस ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों को कृषि और तकनीकी क्षेत्र की बारीकियों को जमीन पर समझने का अवसर मिला।

## महिदपुर रोड मंडलम में मांगीलाल आंजना अध्यक्ष मनोनीत

**महिदपुर रोड।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार ने महिदपुर रोड मंडलम क्षैत्र के विभिन्न चौदह मंडलम



अध्यक्षों की नियुक्तियां करते हुए विभिन्न मंडलम में युवा कार्य शील नियुक्त किया है। महिदपुर रोड मंडलम की गई नई नियुक्तियों के अनुसार महिदपुर रोड मंडलम में मांगीलाल आंजना को झुटा वद मंडलम में भूपेन्द्र सिंह पंवार को डेलचीखुर्द मंडलम में गिरधारी लाल चौहान को पेटलावद मंडलम में लखन वर्मा को सगवाली मंडलम में रघुवीर सिंह को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया इसी के साथ आठ अन्य मंडल में भी अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई है मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## इन्वेंचर किड्स एकेडमी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सुसनेर।** नगर के इन्वेंचर किड्स एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी देवनारायण यादव ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ साइबर ठगी की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में सभी को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

## चौहान अखिल भारतीय बलाई महासभा के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

**कानड़** । अखिल भारतीय बलाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक



बाबूलाल बछेर की सहमति से समाजसेवी गोकुल चौहान को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। चौहान की नियुक्ति पर उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया साथ ही चौहान ने बताया की समाज जो जिम्मेदारियां संगठन द्वारा सौंपी गई है वह निष्ठा के साथ निभाएंगे शोषित पीड़ित व्यक्तियों के न्याय के खिलाफ जरूरतमंदों की आवाज उठाएंगे और मदद करेंगे।

## संत मोहनगिरी जी की पुण्य तिथि पर पूजन

**खाचरोद।** महान त्यागी तपस्वी पूज्य संत श्री श्री मोहन गिरी जी महाराज की पुण्यतिथि पर स्थानीय श्री गुरुद्वारा धाम में आयोजित गुरु पूजन एवं छाछ प्रसादी वितरण में अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू, मण्डल भाजपा अध्यक्षा मनीषा शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरवा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्विन डिंडोरकर, समाज सेवी गुड्डू सेहगल, नागेन्द्र गिरी, लोकेंद्र गिरी,शरद गौतमी,डॉ घनश्याम अहिरवार, राजेश तिवारी, राधेश्याम बंबोरिया, जगदीश खटोलिया, प्रद्युम्न नायक, ललित यादव, राजेश जायसवाल, सी एम ओ बी एल पाटीदार, प्रणव नायक, स्वच्छता प्रभारी शिव रघुवंशी, पार्षद गण, अधिकारी, कर्मचारी गण आदि अनेक भक्तों की उपस्थिति में समाधि पूजन कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।

स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश लेकर निकला जागरूकता मार्च

# समर कैंप में सामूहिक नमस्कार भी किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के क्रीड़ा विभाग एवं एनएसएस द्वारा स्वच्छ शुजालपुर स्वस्थ शुजालपुर थीम पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। समर कैंप 2026 के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में विशाल पैदल मार्च एवं सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया। प्रातः 6 बजे महाविद्यालय परिसर से निकले मार्च में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों और नागरिकों ने भाग लिया। बस स्टैंड, श्रीनगर कॉलोनी, रोकडिया हनुमान मंदिर एवं टेंपो चौराहा मार्ग से निकले मार्च में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी नारों से वातावरण गूंज उठा। अभियान का मुख्य आकर्षण छात्राओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक लाठी कला प्रदर्शन रहा, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। भाजपा जिला महामंत्री विजय बैस एवं लाड़ सिंह राजपूत ने भी लाठी युद्ध का प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार के मार्गदर्शन में किया गया।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार पवन शर्मा पिता अमृतजी शर्मा, निवासी ग्राम रत्नाखेड़ी, मंगरोला, उज्जैन ने विक्रेता लीलाबाई पति मदनलालजी माली निवासी ग्राम मादुपुरा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम खेड़ाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 499/6 रकबा 0.50 हैक्टयर कृषि भूमि एवं विक्रेतागण कोशल्याबाई पति राधेश्यामजी माली एवं गायत्री पति राजेश माली निवासीगण ग्राम भीमाखेड़ा तहसील महिदपुर के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम खेड़ाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 499/1 रकबा 3.80 हैक्टयर कृषि भूमि एवं विक्रेता कोशल्याबाई पति राधेश्यामजी माली निवासी ग्राम भीमाखेड़ा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम खेड़ाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 493 रकबा 0.50 हैक्टयर कृषि भूमि एवं विक्रेता बद्रीलाल पिता राधेश्यामजी माली निवासी ग्राम भीमाखेड़ा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम खेड़ाखजुरिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 499/5/1 रकबा 0. 75 हैक्टयर में से रकबा 0.49 हैक्टयर कृषि भूमियों को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा अनुबंध पत्र भी निष्पादित करवा लिया है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेतागणो से उक्त कृषि भूमियों का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांकः-25-05-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) मो.न. 9669443020**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण (1) श्रीमती आमना बी कुरैशी पति मुबारिक कुरैशी एवं (2) श्री मुकेश पिता कचहरू सिंह, निवासीगण उज्जैन (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि, ग्रामः चंदेसरी सर्वे नंबर 184/1/2 34/1/2, 184/2,183/2, 183/1 कुल रकबा 9 बीघा भूमि मेन रोड़ नेशनल हाईवे टच स्थित तहसील व जिला उज्जैन (मप्र) को क्रय करने का सौदा हुआ है। मेरे पक्षकार द्वारा आंशिक प्रतिफल राशि विक्रेतागण को अदा कर दी गई है। शर्त अनुसार विक्रेतागण द्वारा मेरे पक्षकार के हक एवं हित में विक्रय पत्र निष्पादित कर दिया जावेगा। अतः उक्त भूमि/संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक वित्तीय संस्था, शासकीय/अर्थशासकीय विभाग या अन्य किसी वैध वारिसान को कोई आपत्ति, भार (Charge), स्वत्व, लीन या बंधक अधिकार हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपने वैध दस्तावेजी साक्ष्यों/ प्रमाणों के साथ मेरे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त अवधि बीत जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय-पत्र निष्पादन की अग्रिम वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर लेंगे। तत्पश्चात प्रस्तुत किसी भी दावे या आपत्ति का मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी प्रभाव नहीं रहेगा। दिनांक 24/05/2026

**सन्नी राजपूत, एडवोकेट**
**पता 16, अभिलाषा अपार्टमेंट, इन्दौर म.प्र**
**मो.नं. 91117-98863**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राकेशकुमार कारपेंटर पिता दिनेशजी कारपेंटर निवासी उज्जैन मक्सी मेन रोड कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा विक्रेता-अनिता कुँवर पति देवेन्द्रसिंहजी जाति राजपूत निवासी कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) नाम के मालिकी स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि 00-49 खाता नं. 931 सर्वे नं. 2356/2 रकबा 0.73 आरे की भूमि में 0.50आरा भूमि याने 2 बिघा भूमि जो उज्जैन मक्सी मेनरोड कायथा से लगी भूमि है जिसकी चर्तुःसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में महेन्द्रसिहजी भूमि तथा पश्चिम में-विक्रेता की शेष भूमि तथा उत्तर मे. फोरलेन मक्सी उज्जैन रोड तथा दक्षिण में कृष्णपालजी आदि की भूमि स्थित है। उक्त वर्णित भूमि में से 0.50 आरा भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता अनिताकुँवर से क्रय करने का करार किया है व मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी विक्रेता को अदा कर दी है तथा शीघ्र ही रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र उपपंजीयक कार्यालय तराना में मेरे पक्षकार के हित में संपादित किया जाना है।

अतः इस विज्ञप्ति जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति जाहिर सूचना के प्रकाशन के 8 दिवस में मेरा पक्षकार उक्त वर्णित समस्त भूमि को विक्रेता अनिताकुँवर से अपने पक्ष में रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र उपपंजीयक कार्यालय तराना में संपादित करवा लेगा। यदि उक्त समस्त भूमि व उसके किसी अंश के संबंध में किसी भी प्रकार से किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म आदि को किसी को किसी प्रकार से कोई उज या आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से मेरे कार्यालय में उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन के 08 दिवस मे मय दस्तावेजी वैध असली प्रमाण के प्रस्तुत करे। बाद अवधि के मेरा पक्षकार उक्त भूमि का अपने पक्ष में रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र संपादित करवा लेवेगा। अवधि बीतने के पश्चात ली गई समस्त आपत्ति व कार्यवाही/कार्यवाहियाँ शून्यवत रहेगी। सूचित हो। दिनांक :-25/05/2026

**विक्रमसिह राठौर एडवोकेट**
**तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) मो.नं. 9691148744**

**क्रमांक / रीडर/2026/63 प्रकरण क्रमांक 09/ब-121/2026-27**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला शाजापुर (म.प्र)**

## सार्वजनिक सूचना

**(दिनांक 07/05/2026 को जारी)**

आवेदकगण (वर) 1-रितिक पिता रामफूल आयु 27 वर्ष जाति बैरवा निवासी तिरूपति धाम कानिपुरा रोड उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र.एवं (वधू) राधा मेहरा पिता श्री रामप्रसाद मेहरा उम्र 28 वर्ष जाति मीणा निवासी कृष्णा नगर कालोनी तोमर स्कूल के पीछे शुजालपुर तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. द्वारा इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत उनके विवाह का पंजीयन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदकगण द्वारा आवेदन के साथ स्वयं के शपथ पत्र, अंकसूची, आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पुरोहित गिरीश जोशी विद्या नगर शुजालपुर का प्रमाणीकरण, एवं विवाह पंजीयन अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी शुजालपुर द्वारा किये गये विवाह पंजीयन तथा तीन गवाहों के शपथ पत्र, की छाया प्रति चालान प्रति भी पेश की गई है।

2-आवेदकगण द्वारा उनका विवाह दिनांक 11-12-2025 को स्थान-कृष्ण नगर कालोनी तोमर स्कूल के पीछे शुजालपुर तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. में सम्पन्न होना उल्लेखित किया गया है। आवेदकगण अब अर्न्तजातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत सहायता राशि प्राप्त करने हेतु हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत उक्त विवाह का पंजीयन कराना चाहते है।

3-आवेदकगण के उपरोक्त विवाह पंजीयन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो और वह कोई आक्षेप प्रस्तुत करना चाहता है तो वह इस सूचना के जारी किये जाने के दिनांक से तीस दिन की समाप्ति पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि में कोई आक्षेप प्राप्त नहीं होने पर उक्त विवाह का पंजीयन कर दिया जावेगा ।

**(अनुपमा चौहान)**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला शाजापुर (म.प्र.)**

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित

**भाटपचलाना।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत भाटपचलाना के सोनामा घाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनजागरूकता एवं जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सभापति सदस्य बड़नगर रौनक जैन सरपंच प्रतिनिधि महेंद्रप्रताप सिंह राठौर पंच पूनमचंद खुंडिया , ग्रामवासियों, पंचायत सचिव राजाराम धानक सहायक सचिव दिनेश पाठक मांगीलाल योगी गोपाल रजक आकाश योगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए जल बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गंगा पूजन एवं जल शपथ के साथ हुई, जिसमें जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता, वर्षा जल संचयन तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थितजनों को बताया गया कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार है और इसका संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। आंगनवाड़ी अधिकारी एवं कार्यकर्ता, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जल स्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण एवं जल बचाने के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। वक्ताओं ने कहा कि यदि आज जल संरक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाले समय में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी से सफल होने वाला जनआंदोलन है। सभी ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने गांव, खेत एवं घरों में जल संरक्षण के उपाय अपनाएं तथा वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जल उपलब्ध कराया जा सके। अंत में जल है तो कल है के संदेश के साथ सभी ने जल संरक्षण हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## एमपी में ईद की छुट्टी अब 28 मई को पहले 27 मई को

**भोपाल।** ईद उल जुहा (बकरीद) की सरकारी छुट्टी अब 27 की बजाय 28 मई को रहेगी। राज्य शासन ने सोमवार शाम को इसके आदेश जारी कर दिए। इसके मुताबिक, 27 मई को सभी सरकारी दफ्तर और बैंक खुले रहेंगे, लेकिन 28 मई को बंद रहेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने यह आदेश जारी किए। बता दें कि पहले बैंकों की भी 27 मई को ही छुट्टी थी। इसके चलते यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस मध्य प्रदेश ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की थी कि बैंकों का हॉली-डे 28 मई को ही रखा जाए। संगठन के कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने बताया, मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि ईद के अवसर पर बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत पूर्व में घोषित 27 मई के अवकाश को संशोधित कर 28 मई घोषित किया जाए। दिल्ली और गुजरात में भी सरकारों ने पूर्व घोषित अवकाश में संशोधन किया है और वहां अब 28 मई को ही अवकाश रहेगा। इसके चलते सोमवार को राज्य शासन ने यह आदेश जारी किए।

## श्रद्धालुओं और मंदिर कर्मचारियों के बीच चले लात-घूंसे

**खंडवा।** ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रविवार देर शाम करीब 6 बजे दर्शन व्यवस्था को लेकर विवाद हुआ। नए झूला पुल क्षेत्र के प्रतिबंधित मार्ग से प्रवेश को लेकर नोएडा से आए 20-25 श्रद्धालुओं और मंदिर कर्मचारियों में कहासुनी हुई, जो धक्का-मुक्की में बदल गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अभद्रता के आरोप लगाए, हालांकि अभी तक पुलिस शिकायत दर्ज नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, नोएडा से आए श्रद्धालु नए झूला पुल मार्ग से मंदिर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। सुखदेव मुनि द्वार के चौड़ीकरण कार्य के कारण यह मार्ग आम श्रद्धालुओं के लिए बंद है और यहां केवल वीआईपी मूवमेंट होता है। बाहर से आए श्रद्धालुओं को इस बदलाव की जानकारी नहीं थी, जिससे ये स्थिति बनी।

## गर्लफ्रेंड की जिद में 700 किमी दूर एमपी आया

**दतिया।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले का रहने वाला 26 वर्षीय राजकुमार गुप्ता अपनी गर्लफ्रेंड की जिद पूरी कर मध्य प्रदेश के दतिया आ गया। गर्लफ्रेंड ने उससे कहा था कि अगर वह सच में उससे प्यार करता है तो दतिया के कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े के साथ फोटो खिंचवाकर दिखाए, नहीं तो वह उससे बात नहीं करेगी। राजकुमार गुप्ता के मुताबिक, शर्त पूरी करने के लिए करीब 700 किलोमीटर दूर आया। राजकुमार पेशे से टैक्सी ड्राइवर है। वह सोशल मीडिया पर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े के काम और व्यक्तित्व से काफी प्रभावित था। गर्लफ्रेंड की बात को दिल पर लेकर वह शुक्रवार को ट्रेन से झांसी पहुंचा। इस दौरान राजकुमार झांसी से बस के जरिए दतिया आया। दतिया पहुंचने के बाद वह एक होटल में रुका। शनिवार को वह कलेक्ट्रेट पहुंचा, लेकिन छुट्टी होने के कारण मुलाकात नहीं हो सकी। रविवार का दिन भी उसे होटल में बिताना पड़ा।

## कांग्रेस का पोल खोल हल्ला बोल आंदोलन 26 मई से

**जबलपुर।** कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बिजली कटौती, किसानों की समस्याएं, जल जीवन मिशन में कथित गड़बड़ियां, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली, महिलाओं को आर्थिक सहायता, वन अधिकार पट्टों का वितरण और अवैध रेत उत्खनन जैसे मुद्दों को लेकर 26 मई से कांग्रेस स?कों पर उतरेगी। कांग्रेस पोल खोल हल्ला बोल जनजागरण अभियान शुरू कर रही है, जो 25 जून तक चलेगा। अभियान के दौरान कांग्रेस बूथ, पंचायत, मंडलम, ब्लॉक, तहसील और जिला स्तर पर धरना देकर प्रदर्शन करेगी और अर्थी, जुलूस निकाले जाएंगे। जबकि 20 से 30 जून तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संगठन प्रभारी हरीश चौधरी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। पूर्व विधायक और कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

# तंत्र-मंत्र से परेशानी दूर करने का झांसा देकर महिला से 2.97 लाख की ठगी

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

तंत्र-मंत्र और पूजा-पाठ के नाम पर साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। शुजालपुर मंडी निवासी एक महिला को भूत-प्रेत बाधा दूर करने का झांसा देकर आरोपी ने करीब 2 लाख 97 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार कृष्णानगर कॉलोनी निवासी रश्मि पति संतोष कुमार ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12.×0 बजे उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फ ोन आया। आरोपी ने खुद को जावेद भाई अजमेर निवासी बताते हुए कहा कि उनके घर में भूत-प्रेत की बाधा और पारिवारिक परेशानी चल रही है, जिसे वह तंत्र-मंत्र और पूजा-पाठ से दूर कर सकता है।

### पहले 2 हजार, फिर लगातार मांगता रहा रुपए

आरोपी ने पूजा शुरू करने के नाम पर महिला से पहले 2 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफ र करवाए। इसके बाद उसने व्हाट्सएप पर स्कैनर भेजकर कहा कि पूजा में बाधा आ रही है और अधिक राशि की आवश्यकता है। महिला उसकी बातों में आती गई और आरोपी अलग-अलग बहाने बनाकर बार-बार रुपए ट्रांसफ र करवाता रहा। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने 21 अप्रैल से 10 मई 2026 के बीच करीब 1×1 ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवाकर महिला के खाते से कुल 2 लाख 97 हजार रुपए विभिन्न खातों में डलवा लिए।

### मानसिक रूप से करता रहा प्रभावित

महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी लगातार फ ोन कर डर और अंधविश्वास का माहौल बनाता रहा। वह पूजा अधूरी रहने, अनिष्ट होने और बाधा बढ़ने जैसी बातें कहकर रुपए मांगता रहा। लंबे समय तक रकम ट्रांसफर होने के बाद महिला को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उसने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर धोखाधड़ी एवं साइबर अपराध से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मोबाइल नंबर, बैंक खातों एवं ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटा रही है।

### पुलिस की अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि तंत्र-मंत्र, ऑनलाइन पूजा-पाठ या अंधविश्वास के नाम पर रुपए मांगने वाले अज्ञात लोगों से सावधान रहें। किसी भी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन भुगतान करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें।

## पुरस्कार राशि सामाजिक संस्थाओं को दान की

**शुजालपुर।** नगर के बीटीआई स्कूल परिसर में उ'च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के संरक्षण में आयोजित रा'य स्तरीय ओपन हैंडबॉल प्रतियोगिता एवं शुजालपुर वॉलीबॉल प्रीमियर लीग का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मंत्री परमार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में बीटीआई ए विजेता एवं बीटीआई.बी उपविजेता रही, जबकि जूनियर वर्ग में जेएनएस ए ने खिताब जीता। वहीं रा'य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रदेशभर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। रात्रिकालीन मुकाबले दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। मंत्री परमार ने कहा कि खेल अनुशासन, समर्पण और टीम भावना विकसित करने का माध्यम हैं।

### क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन
### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत श्री रौनक जैन सीओ श्री अशोक कुमार जैन, ऑर्दी मुर्रम क्वारी, माइनिंग ऑफ मिनरल्स, कैपेसिटी मैक्स.9,000 एम3/ईयर मुर्रम, एरिया 1.0 हेक्ट.. खसरा नो. 618, विलेज-ऑर्दी तहसील बड़नगर दोस्त. उज्जैन (एम.प.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) ग्राम पंचायत ओरड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17. भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड व्ब्ल्यू.एमपीपीसीबी.निक.इन पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 29.06.2026 को समय दोपहर 03:00 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम ओरड़ी तहसील बडनगर जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**( क्षेत्रीय अधिकारी )**
**उज्जैन**

### विज्ञप्ति

**अनुविभागीय अधिकारी महोदय, नागदा - श्रीमती रंजना पाटीदार**
**ऑर्डर 5 नियम 20 सीपीसी 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**
**प्र.क्र. 0030/अपील/2026-27 आगामी पेशी दिनांक 29/05/2026**
**दिनांक- 20/05/2026**

**रतलबाई ........... अपीलार्थी**
**विरुद्ध**
**बालचंद आदि .......... प्रत्यर्थीगण**

प्रेषिति-

श्यामलाल पति स्व. राधेश्याम शर्मा, जाति ब्राह्मण निवासी शुगर मिल, महिदपुर रोड तह. महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र.

कंचनबाई पति स्व. पन्नालाल निवासी ग्राम भड़ूला तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र.

यह कि, अपीलार्थीगण ने आपके विरुद्ध अपील अंतर्गत धारा 44(1) एमपीएलआरसी में अपील पेश की है। आपको इस न्यायालय से सूचना प्रकाशन के सात दिवस भीतर न्यायालय में नियत प्रकरण पेशी दिनांक 29/05/2026 को उपस्थित/हाजिर होकर अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया जाता है। आप स्वयं या किसी ऐसे मनोनीत अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो जो इस अपील में संबंधित सभी सवालात बयानों का जवाब दे सके। आपको निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे। जिन पर आपका प्रतिरक्षा या गुजारिश का दावा या प्रतिवाद आधारित हो सके और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रति दावे के संबंध में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हो तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई पेशी दिनांक में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो अपील में आपके विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराए। आज दिनांक 20/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर से व न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। कृपया ध्यान रखें। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**( न्यायालय की मुद्रा )** **( रंजना पाटीदार )**
**अनुविभागीय अधिकारी महोदय**
**नागदा जिला उज्जैन**

## गंगा दशहरा पर निकली भव्य कलश यात्रा

**शुजालपुर।** गंगा दशहरा के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर शुजालपुर अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति फ्रीगंज शुजालपुर द्वारा धार्मिक एवं जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के तहत मां गायत्री मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण ने भूखण्ड विक्रेतगण शबाना बी पति स्व. शाहिद खान 02 जुनैद खान पिता स्व. शाहिद खान 03, जैद खान पिता स्व. शाहिद खान निवासीगण 94, जबरन कॉलोनी बेगमबाग उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड म्यू क्रमांक 180, सेक्टर बी-3 स्थित आदर्श नगर कॉलोनी नागझिरी देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका मौके पर कुल क्षेत्रफल 50.00 वर्गमीटर है। उक्त भूखण्ड को क्रय करने का लिखित करार करते हुवें मेरे पक्षकारगण द्वारा विक्रय मूल्य में बयाना राशि भुगतान कर दी गयी है, और निकट भविष्य में मेरे पक्षकारगण अपने स्वयं अथवा अपने द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर हैं। यदि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें। बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकारगण अपने हित में उक्त भूखण्ड के विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लेवेगे और तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 23.05.2026

**जी.एफ. शेख, ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**123, बेगम बाग चौराहा मस्जिद जामा-ए-षकेब के पास**
**उज्जैन मो. 9300647361,9303040316, 8103674189**
**कार्यालय क्रमांक डी-9 तल मंजिल भरतपुरी**
**आर.टी.ओ कार्यालय के पीछे उज्जैन**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अर्जुनसिंह पिता श्री भुवानसिंह निवासी ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 341/3 रकबा 0.190 हेक्टर, सर्वे नंबर 342/2/2 रकबा 0.410 हेक्टर कुल किता 2 रकबा 0.600 हेक्टर स्थित ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 25/05/2026 उज्जैन

कार्यालयीन समय सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल ( सेवा प्रदाता )**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन ( म.प्र. )**
**बंसल टाइपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन**
**मो. 9425092149, 9009304444**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 28-ए, इंद्रपुरी कॉलोनी, उज्जैन क्षेत्रफल 137.16 वर्गमीटर को दुर्गादेवी शर्मा पुत्री पूरालालजी शर्मा द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र तारीखी 16/09/1994 को श्रीमती सीमा शर्मा पत्नि अवधेश शर्मा द्वारा रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम बनराजसिंह पिता श्री दुलेसिंहजी से क्रय किया था। श्रीमती दुर्गादेवी शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 30/06/2005 को हो गई है तथा उनके पति श्री देवेन्द्रकुमार की भी मृत्यु हो चुकी है। श्रीमती दुर्गादेवी की मृत्यु के बाद श्रीमती रेखा अग्नीहोत्री पति श्री यशवंतजी अग्नीहोत्री अपने आपको स्वर्गीय दुर्गादेवी का एक मात्र उत्तराधिकारी होना बताते है। स्वर्गीय श्रीमती दुर्गादेवी का उक्त उत्तराधिकारी के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान में हित रखते हो तो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 28-ए, इंद्रपुरी कॉलोनी, उज्जैन क्षेत्रफल 137.16 वर्गमीटर को बंधक कर रेखा अग्नीहोत्री पत्नि श्री यशवंतजी अग्नीहोत्री को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। दिनांक- 25/05/2026, स्थान- उज्जैन

**( मदनलाल दुग्गड़ ) अभिभाषक**
**1. युवराज लाइब्रेरी स्ट्रीट, छत्री चौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री सेवाराम पिता श्री रामसिंह, जाति-आंजना, निवासी ग्राम मीन तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-210/2 (एस) रकबा 1.1700 हेक्टर ग्राम मीन प. ह. नं.-98 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबे को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-25.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

### ( जाहिर सूचना )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने वकील उर्फ वकील खा पिता अकबर खा निवासी-ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-508/1/1 रकबा 0.13 हैक्टर व सर्वे नं.-510 रकबा 0.03 हैक्टर व सर्वे नं.-510/1 रकबा 0.17 हैक्टर स्थित ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सोदा किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त कृषि भूमि को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि दो 2 दिनों में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी ! सूचित हो !

इति दिनांक 25-05-2026 स्थान उज्जैन,

**मनोहरसिंह राणावत ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दशरथलाल नीमा पिता श्री छगनलालजी नीमा निवासी 88 नीमा कुंज अरविन्दनगर उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान जिसका नगर पालिक निगम क्रं. बी-7 श्रेणी एलआईजी स्थित अरविन्दनगर कालोनी उज्जैन में स्थित है जो एक मंजिला पक्का बना हुआ है जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट अर्थात 139.40 वर्गमीटर का है जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व की ओर-भवन कमांक बी/6 एलआईजी, पश्चिम की ओर-भवन कमांक बी/8 एलआईजी, उत्तर की ओर ईएसआई हॉस्पिटल, दक्षिण की ओर-रोड तथा पेमाईश लंबाई 50 फीट चौडाई-30 फीट का है। उक्त मकान को कय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र व विकय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र, विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 25/5/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 9425091124, 8959999299**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शिवकुंवर पत्नी भैरूसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम गुलाब तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे न. 651/2 रकबा 0.80 हेक्टर, प.ह.नं. 138 ग्राम मकड़ावन तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की धनराशि में से आंशिक धनराशि अदा कर दी है तथा अनुबंध अनुसार शेष धनराशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय बैंक या अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी या अन्य किसी संस्थान का कोई ऋण, भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के आपति कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति/कृषि भूमि के अनुबंध की शेष धनराशि अदा कर उसके अंतरण लेख का विधिवत निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

दिनांक 25/05/2025

**गुलनाज़ मन्सूरी एडवोकेट**
**डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड,**
**उज्जैन मो. 9907101111**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्री हेमेन्द्रसिंह चन्द्रावत पिता श्री माधवसिंह चन्द्रावत, निवासी-319/7 शास्त्री नगर, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन म्यु. क्रमांक-35 जो कि शंकराचार्य मार्ग गली क्रमांक-6 कलालसेरी उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन वर्तमान में दो (जी+1) मंजिला आर. सी. सी. की छत का नव निर्मित है। उक्त भवन की पैमाईश में लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 21.02 मीटर बतरफ दक्षिण 21.20 मीटर तथा चौड़ाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 03.96 मीटर बतरफ पश्चिम 03.65 मीटर होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-87.30 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में मकान मान्टू का, पश्चिम दिशा में-गली, उत्तर दिशा में-मकान टीकमचन्द सकलेचा का एवं दक्षिण दिशा में मकान रमेशचन्द्रजी कटारिया का स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-25.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय - ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

## 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने घेराबंदी कर 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रूपरा फंटा भानपुरा रोड गरोठ के पास दी, जहां अर्जुनसिंह (45) पिता करणसिंह जाति सौंधिया राजपूत, निवासी चिकनिया कुएं के पास प्लास्टिक की छह केन (15-15 लीटर) और दो अन्य बड़ी केन (40-40 लीटर) लिए बैठा मिला। केनों को खोलकर देखा तो उसमें से महुआ की कच्ची शराब की तेज गंध आ रही थी, जिसकी कुल मात्रा ६० लीटर पाई गई। इसके साथ ही अन्य केनों में कच्ची हाथ भट्टी शराब बनाने का महुआ लहान भी भरा हुआ पाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर म.प्र. आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## विमल सरावगी दिगंबर जैन समाज नीमच के अध्यक्ष निर्वाचित

**नीमच** । दिगंबर जैन समाज नीमच के 2026 से 3 वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव रविवार को संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी सुमित जिंदाणी सीए नकुल जैन ने बताया कि सुबह 11 बजे दिगंबर जैन मांगलिक भवन में दिगंबर जैन समाज नीमच के निर्वाचन प्रक्रिया हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए विमल सरावगी जीटी तथा अनिल बज गोटे वाला ने निर्वाचन फार्म जमा किये। उसके बाद चुनाव में समाज के 180 लोगों ने मतदान किया। मत गणना दोपहर 1 से 4 बजे के बीच में की गई जिसमें 113 वोट विमल सरावगी को और 67 वोट अनिल बज को प्राप्त हुए। इस प्रकार चुनाव परिणाम में विमल सरावगी ४६ फोटो के अंतर से विजयी हुए। उपस्थित सभी समाज जनों ने निर्वाचित अध्यक्ष को माला पहनाकर शुभकामनाएं दी । नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल सरावगी ने दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा के दर्शन करने के बाद मुनि वैराग्य सागर जी महाराज और सुप्रभ सागर जी महाराज के पास पहुंचकर आशीर्वाद ग्रहण किया।

## खेलो इंडिया क्लब ने जीती हॉकी प्रतियोगिता

**मन्दसौर।** जिला मंदसौर हॉकी एसोसिएशन एवं खेल व युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय स्व. श्री अमर सिंह शेखावत स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेलो इंडिया क्लब और फीडर सेंटर के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में खेलो इंडिया क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फीडर सेंटर को 2-0 से पराजित कर खिताबी जीत हासिल की। पूरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर्षित एवं मधु को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि फाइनल मैच में तनिष्का परिहार को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पहले तृतीय स्थान के लिए खेले गए मैच में दुबेला क्लब ने अमर क्लब को 5-2 से मात दी, जिसमें दुबेला क्लब की सराहना राठौर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन संगठन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय तथा जिला खेल अधिकारी उपस्थित थे।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**ई -निविदा सूचना**

संख्या : W/623/5/3/NIT. दिनांक : 21/05/2026, मंडल रेल प्रबंधक मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम, निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है। **ई-टेंडरिंग** : RTM-2025-26-103R2, **कार्य का नाम** : दाहोद स्टेशन - लिफ्ट (3 नग) के प्रावधान के संबंध में आरसीसी लिफ्ट वेल का निर्माण। **अनुमानित मात्रा** : टेंडर के अनुसार, **अनुमानित लागत** : ₹1,00,94,849.38/-, **बयाना राशि** : ₹201,900.00/- **कार्य समापन अवधि** : 12 महीने। **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि** : 20/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि** : 15/06/2026 • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

SNP-072

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**ई -निविदा सूचना**

संख्या : W/623/5/3/NIT. दिनांक : 22/05/2026, मंडल रेल प्रबंधक मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम, निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है। **ई-टेंडरिंग** : RTM-2026-27-50, **कार्य का नाम** : दाहोद वर्कशॉप - रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप पर जीरो लेवल ट्रैक, पॉकेट लाइन और द्वितीय प्रवेश गेट का प्रावधान। **अनुमानित मात्रा** : टेंडर के अनुसार, **अनुमानित लागत** : ₹4,69,49,419.52/-, **बयाना राशि** : ₹9,39,000.00/- **कार्य समापन अवधि** : 18 महीने। कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य, **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि** : 14/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि** : 08/06/2026 • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

SNP-073

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly


# गंगासागर रीजनल पार्क नागरिकों की महती योजना-मंत्री श्री काश्यप

### गंगासागर से मांगल्य मंदिर तक की सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



गंगा सागर रीजनल पार्क पर्यावरण एवं नागरिकों के लाभदायी सिद्ध होगा वहीं गंगा सागर से मांगल्य मंदिर तक बनने वाली सड़क से यातायात के दबाव में कमी के साथ औद्योगिक क्षेत्र व नागरिकों के लिये लाभकारी सिद्ध होगा।

उक्त उद्गार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने महापौर निधि से निर्मित किये जाने वाले गंगा सागर रीजनल पार्क व सूक्ष्म, लघु व मध्यम विभाग निधि से गंगा सागर से मांगल्य मंदिर तक निर्मित की जाने वाली सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिये पर्यावरण को सहेजना अति आवश्यक हो गया है, महापौर प्रहलाद पटेल पर्यावरण को सहेजने का कार्य बखुबी कर रहें है उन्ही के प्रयास से आज नगर के नागरिकों गंगा सागर रीजनल पार्क की सौगात मिली है यह सौगात पुराने गंगा सागर को जीवित करेगी ओर दशकों दशक तक यह पार्क मनोरंजन, पर्यावरण सहित अन्य सुविधाऐं नागरिकों को उपलब्ध करायेगा। इसके अलावा 1.89 करोड़ की लागत से गंगा सागर से मांगल्य मंदिर तक बनने वाली सड़क रतलाम नगर को विकास के पायेदान पर ओर आगे बढ़ायेगी।

मंत्री माननीय श्री काश्यप ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण के प्रति नागरिकों का जागरूक होना आवश्यक है, नगर के नागरिक आने वाली वर्षा ऋतु में एक-एक पौधा लगाकर उसे पेड़ बनाकर रतलाम को हरियाली से आच्छदित करें। इस अवसर पर मंत्री श्री काश्यप व महापौर श्री पटेल ने पीएम विश्वकर्मा योजना के केलेण्डर का विमोचन किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर में पूर्व में सैलाना रोड पर गंगा सागर क्षेत्र के नाम से हरित क्षेत्र स्थित था जिसका उपयोग नगर वासियो द्वारा पिकनिक स्पॉट के रूप में किया जाता था किन्तु समय के साथ कारणवश यह स्थान विलोपित हो गया एवं नागरिक एक प्रकृति से परिपूर्ण पिकनिक स्पॉट से वंचित हो गए।

उन्होने कहा कि पूर्व में स्थापित गंगा सागर क्षेत्र की तर्ज पर पुनः उसी क्षेत्र में हरित क्षेत्र से आच्छदित क्षेत्रीय उद्यान विकसित किया जा रहा है ताकि नागरिको को प्रकृति का आनंद लेने हेतु एक सर्वसुविधा युक्त स्थान उपलब्ध हो सके द्य इसके लिए निगम द्वारा लगभग 10 हेक्टेयर भूमि पर रूपए 6.82 करोड़ से उद्यान विकसित किया जा रहा है इस उद्यान में दो एंट्री गेट, हरित क्षेत्र अंतर्गत उद्यान में सघन वन के रूप में भिन्न प्रजाति के पेड़ो का रोपण इसके अतिरिक्त समस्त प्रकार के छोटे पोधो, झाड़ियों तथा विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के फूलो के पौधो को लगाया जायेगा।

## रीवा में साध्वी दुर्घटना पर आक्रोश, जैन समाज ने सुरक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर ज्ञापन सौंपा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

विगत दिनों रीवा जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने वाहन दुर्घटना में शादी की मृत्यु की घटना के विरोध में सुरक्षा की मांग को लेकर पारसनाथ दिगंबर जैन समाज नीमच के तत्वाधान में सकल जैन समाज ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि तहसील दार संजय मालवीय को ज्ञापन सौंपा।

मुनि वैराग्य सागर जी एवं मुनि सुप्रभ सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में विरोध प्रदर्शन का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिगंबर जैन समाज नीमच के मीडिया प्रभारी अमन विनायका ने बताया कि सुबह 11 बजे सकल जैन समाज जन फोर जीरो विद्युत केंद्र के यहां एकत्रित हुए वहां से वाहन रैली निकाली गई वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकली और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

सकल जैन समाज द्वारा मंगलवार को जिलाधीश के नाम साधु संतों की सुरक्षा के प्रोटोकॉल के लिए ज्ञापन दिया गया सुबह 11 बजे पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से वाहन रैली के रूप में समाजजन निकले और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल सरावगी , संतोष चोपड़ा, ओसवाल लोढ़ा समाज अध्यक्ष पारस नागोरी, राजमल छाजेड़ , दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मेन, जीनागम, सीनियर सिटीजन ग्रुप के अध्यक्ष ओर सदस्य, मुनि पैदल विहार संघ के सदस्य वह समाज के महिला पुरुष वर्ग उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विमल सरावगी ने किया

## 13 घंटे चले रेस्क्यू के बाद तालाब में डूबी युवती का शव निकाला बाहर

**मन्दसौर।** जिले के संजीत कस्बे में रविवार शाम से लापता हुई एक 20 वर्षीय युवती का शव सोमवार दोपहर स्थानीय तालाब से बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान वाल्मीकि समाज की चेतना पिता जगदीश निवासी संजीत फोसरी के रूप में हुई है। घटना के बाद नाहरगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम अस्पताल में करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, चेतना रविवार शाम अपने घर से निकली था, लेकिन जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान संजीत बस स्टैंड के पास स्थित तालाब के किनारे उसकी चप्पलें रखी हुई मिलीं, जिससे उसके पानी में डूबने की आशंका गहरा गई। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना नाहरगढ़ पुलिस को दी, जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से रविवार शाम को ही सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। रविवार को रात के अंधेरे और कम विजिबिलिटी के कारण करीब साढ़े चार घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन को रोकना पड़ा था, सोमवार सुबह को बार फिर एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम ने संयुक्त रूप से खोजबीन अभियान शुरू किया। करीब पौने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर करीब 12.15 बजे युवती के शव को पानी से बाहर निकाला जा सका।

## गंगा दशहरा पर शिवना घाट पर हुआ सामूहिक श्रमदान



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

गंगा दशहरा पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर स्थित शिवना नदी के घाट पर सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, कलेक्टर अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी श्रमदान में शामिल हुए।

इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है और जल को प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभ्यताओं का विकास हमेशा नदियों के किनारे हुआ है और नदी का स्वभाव मनुष्य को परम आनंद की अनुभूति कराता है। गंगा दशहरा का यह पावन दिवस पूरे समाज को जल संरक्षण एवं स्वच्छता का एक बड़ा संदेश देता है। उन्होंने सचेत किया कि भविष्य में गंभीर जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए वर्तमान समय में ही जल संरक्षण के लिए विशेष और सामूहिक प्रयास बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने किसानों से ड्रिप सिंचाई अपनाने की अपील की ताकि पानी की अधिकतम बचत हो सके। उन्होंने देश में बढ़ती इलेक्ट्रिक ऊर्जा और मंदसौर-नीमच क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा की संभावनाओं पर हो रहे सर्वे की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण सुरक्षित रखने और मां शिवना को प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ दिलाई, जिसमें सभी ने तन, मन और धन से योगदान देने का संकल्प लिया।

## अघोषित कटौती व भारी-भरकम बिलों के खिलाफ फूटा गुस्सा

### किसानों ने किया बिजली कार्यालय का घेराव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिले में भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती, फर्जी बिजली बिलों और किसानों के कथित उत्पीड़न के विरोध में सोमवार को किसान नेता श्यामलाल जोकचंद व दीपकसिंह गुर्जर के नेतृत्व में किसान, ग्रामीण व आमजन बीपीएल चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां से एक बाइक रैली निकालकर चंबल कॉलोनी स्थित अधीक्षक यंत्री कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय का घेराव करते हुए करीब एक घंटे तक नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि सात दिवस में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जिलेभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने आरोप लगाया कि विभागीय कर्मचारी आम उपभोक्ताओं को प्रताड़ित कर रहे हैं और विजिलेंस टीमों के माध्यम से किसानों पर झूठे बिजली चोरी के प्रकरण बनाकर भारी-भरकम बिल थमाए जा रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह गुर्जर सहित अन्य वक्ताओं ने भी बिजली विभाग में व्याप्त अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लाइनमैनों की कमी और अनअप्रूव्ड चार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं से की जा रही वसूली तुरंत बंद होनी चाहिए। प्रदर्शन के अंत में बिजली विभाग के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें अघोषित कटौती तत्काल बंद करने, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और जर्जर विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने की मांग की गई।

## श्री अरिहंत कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन का बीबीए एवं बीसीए में शत-प्रतिशत रिजल्ट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्री अरिहंत कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन ने इस वर्ष बीबीए एवं बीसीए परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर शिक्षा जगत में एक नया इतिहास रच दिया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे रतलाम शहर का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

बीबीए संकाय में श्रुति व्यास ने 86.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दिशा सारस्वत ने 85.30 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा श्रियल पिरोदिया ने 84.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार बीसीए संकाय में नवनीत राव सालुंके ने 85.70 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। वहीं शिवानी पटेल ने 84.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं सुरेंद्र पाटीदार ने 81.70 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर महाविद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई तथा इस उपलब्धि को संस्था के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## अघोषित बिजली कटौती, बढ़ती महंगाई और तेल की कीमतों से जनता परेशान

**पिपलिया मंडी।** मध्यप्रदेश में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, बढ़ती महंगाई एवं पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दामों ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। भीषण गर्मी में घंटों बिजली बंद रहने से जहां लोग परेशान हैं, वहीं महंगे तेल और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस मध्यप्रदेश विनोद पटेल डूंगलावदा ने कहा कि मोहन सरकार केवल बड़े-बड़े दावे और विज्ञापन करने में व्यस्त है, जबकि जमीन पर जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। गांवों और शहरों में बिना सूचना बिजली कटौती की जा रही है, जिससे किसान, व्यापारी, विद्यार्थी एवं आम नागरिक परेशान हैं।उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली दी जा रही है।

## गंभीर बीमारी के चलते महिला ने खाया जहर हुई मौत

**नीमच ।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में शनिवार शाम घर से लापता हुई एक महिला का शव देर रात भरभड़िया रोड स्थित एक खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। प्रारंभिक जांच सामने आया है कि महिला लंबे समय से गंभीर बीमारी से परेशान होकर,मानसिक तनाव मे जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विकास नगर निवासी अर्पिता पति आशीष जैन शनिवार शाम करीब 6 बजे अपनी स्कूटी लेकर घर से निकली थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। जिसकी तलाश के बाद परिजनों ने कैंट थाने में सूचना दी। साथ ही सोशल मीडिया पर गुमशुदगी का पोस्टर भी वायरल किया गया, जिसके बाद परिचित और रिश्तेदार भी उनकी तलाश में जुट गए। देर रात परिजन महिला को तलाशते हुए नीमच भरभड़िया रोड प्राइवेट स्कूल समीप एक खेत पर स्कूटी खडी देख पहुंचे जहाँ खेत मे महिला बेसुध हालत मे मिली । पास ही जहरीले पदार्थ का पाउच भी पड़ा हुआ दिखा द्य घटना की सूचना तत्काल कैंट पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद नीमच जिला नीमच (म.प्र.)**

**क्रमांक 114/ई-टेण्ड./01/सा.प्र./2026/** **नीमच, दिनांक 25.05.2026**

**ऑनलाईन ( Online ) निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट Website http://mptenders.gov.in पर देख सकते हैं।

| क्र./टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा प्रपत्र की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_50950 | वर्ष 2026-27 हेतु कम्प्यूटर/लेपटाप प्रिंटर रिपेयरिंग व अन्य कार्य | 12 Months 500000 | Rs.2000 Rs. 5000 | 06.06.2026 |
| 2026_UAD_509488 | वर्ष 2026-27 हेतु फोटो कापी मशीन टोनर रिफलिंग व अन्य कार्य | 12 Months 1500000 | Rs.2000 Rs. 5000 | 06.06.2026 |

1- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**श्रीमती स्वाती गौरव चौपड़ा** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नीमच | **श्री नीरज अहीर** सभापति सामान्य प्रशासन | **मुख्य नगरपालिका अधिकारी** नगर पालिका परिषद नीमच


## न्यूज कालम



## जल गंगा संवर्धन में नपा ने पारसी बावड़ी पार्क पर चलाया सफाई अभियान


**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच ने शासन के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के दिन 25 मई को जलकल सभापति श्रीमती छाया वीरेंद्र जायसवाल की उपस्थिति में गांधी वाटिका के पास स्थित पारसी बावड़ी पार्क में अभियान के तहत पार्क की साफ सफाई कर शहर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जलकल सभापति श्रीमती छाया वीरेंद्र जायसवाल ने बगीचा शाखा, स्वास्थ्य शाखा, जलकल शाखा के कर्मचारियों के साथ बगीचे में स्थापित शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा को नमन कर हाथ में झाड़ू थामी और बगीचे की साफ सफाई करते हुए पारसी बावड़ी स्थित कुएं का भी निरीक्षण किया और कुए की रिपेयरिंग सहित सभी आवश्यक कार्य करवाने के निर्देश दिए।

## लायंस क्लब मंदसौर ने जीते तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार




**मन्दसौर।** इंदौर में आयोजित मल्टीपल कन्वेंशन च्उर्विशज कार्यक्रम में लायंस क्लब मंदसौर ने तीन बड़े और प्रतिष्ठित अवाड्र्स अपने नाम किए हैं। क्लब को मिले इन गौरवशाली पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड, रत्नेश कुदार को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष अवार्ड तथा क्लब को सर्वश्रेष्ठ नेत्रदान क्लब का अवार्ड शामिल हैं।क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार व सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि सभी सदस्यों के अटूट सहयोग, सेवा भावना और निरंतर समर्थन का ही परिणाम है। यह पुरस्कार टीमवर्क की एक अनूठी मिसाल को दशार्ता है। यह सम्मान समारोह लायंस इंटरनेशनल के सेकंड वाइस प्रेसिडेंट लायन मनोज शाह, पीआईडी लायन राजू मनमानी, एमसीसी लायन मनीष शाह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रामकिशोर गर्ग सहित कई प्रबुद्ध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान मंदसौर क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## नलों से आ रहा मटमैला व दूषित पानी रहवासियों ने जताई नाराजगी



**आलोट।** नगर में विगत तीन चार दिनों से नलों में दूषित एवं मटमैला पानी आने से रहवासियों में नाराजगी फैल रही हे। लोगों का कहना है कि घरों में सप्लाई हो रहा पानी पूरी तरह गंदा ओर मटमेला पानी दिखाई दे रहा है, जिससे इसे पीना तो दूर घरेलू उपयोग में लेना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद की ओर से दो दिनों में एक बार नल दिया जाता हे उसमें भी गंदा पानी आ रहा हे सुबह नलों में बदबूदार और मिट्टी मिश्रित पानी आ रहा है। बाल्टी और टंकियों में भरने पर पानी का रंग पीला नजर आ रहा है। रहवासियों ने आशंका जताई कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में जलजनित बीमारियां फैल सकती हैं।लोगों ने नगर परिषद और जल विभाग से पाइपलाइन की जांच कर साफ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पहले ही पानी की समस्या बनी हुई है, ऊपर से दूषित पानी आने से परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सप्लाई व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## व्यवसायिक शिक्षा के तहत 20 दिवसीय ओजीटी संपन्न कराई गई




**पिपलिया मंडी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के तहत आईटी और अपेरल(फैशन डिजाइनिंग) ट्रेड की छात्राओं का 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न कराया गया प्रशिक्षण स्थानीय संस्थाओं नव्या कंप्यूटर सेंटर एवं महक बुटीक पिपलिया स्टेशन में दिया गया । क्या सीख रही छात्राए - कक्षा दसवीं पास आउट आईटी ट्रेड रिज्यूम बनाना ,टाइपिंग, गूगल फॉर्म एच टी एम एल कोडिंग, समग्र आईडी बनाना कक्षा 12वीं एवं 10वीं पास आउट अपेरल(फैशन डिजाइनिंग)ट्रेड ब्लाउज, कुर्ता ,अंब्रेला स्कर्ट ,डिजाइनर ड्रेस कटिंग एवं स्टिचिंग हैंड एंब्रायडरी ,मेहंदी संस्था प्राचार्य उमाशंकर पांडे ने बताया कि शासन के नियमों अनुसार व्यावसायिक शिक्षा की कक्षा दसवीं और बारहवीं की पास आउट छात्राओं के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग अनिवार्य है इससे उनमें न केवल कौशल विकसित होगा बल्कि वे स्वरोजगार के अवसर भी तलाश सकेगी विशेषज्ञ दे रहे प्रशिक्षण- यह प्रशिक्षण व्यावसायिक ट्रेनर धीरज कुमार गहलोत व सपना पाटीदार के मार्गदर्शन में इंस्टिट्यूट के विशेषज्ञ शिवपाल सिंह सिसोदिया एवं ललिता गुप्ता द्वारा कराया गया है।

## आठ दिवसीय संस्कार, आत्मरक्षा योग शिविर

**पिपलिया मंडी।** निनोरा ग्राम में आर्य समाज के तत्वाधान में 17मई से 24 मई तक बच्चों, युवाओ के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षक श्री समरथ पाटीदार, कु रक्षिता पाटीदार, कु रुचिता पाटीदार श्री परशराम धनगर द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम, युद्धम, तलवार संचालन, लाठी संचालन, लेझिम आदि का अभ्यास सफलतापूर्वक करवाया गया। इस शिविर में लगभग 75 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया ।



## अवैध रेत परिवहन पर हुई कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**सारंगपुर।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध रेत परिवहन का कारोबार लगातार जारी है। वैध रेत खदान नहीं होने के बावजूद बिना रॉयल्टी पर्ची के खुलेआम रेत ढोई जा रही है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद तहसीलदार आकाश शर्मा ने कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में लगे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। जानकारी के अनुसार बिना किसी वैध दस्तावेज और रॉयल्टी के रेत का परिवहन किया जा रहा था। तहसीलदार द्वारा कार्रवाई करते ही अवैध कारोबारियों में हडकंप मच गया। जब्त वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। नगर में लंबे समय से रात के अंधेरे से लेकर दिन में भी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध रेत परिवहन किया जा रहा है। जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के कारण शासन को राजस्व का नुकसान उठाना पड रहा है। तहसीलदार आकाश शर्मा ने कहा कि अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और बिना रॉयल्टी रेत परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सारंगपुर में भीषण गर्मी, गर्म हवाओं का ओरेंज अलर्ट रहा**

## बाजार और सडकों पर पसरा सन्नााटा, लू और रात की गर्म हवाओं से लोग परेशान



**सारंगपुर।** सारंगपुर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। रविवार को तापमान लगातार 43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जबकि मौसम विभाग के द्वारा क्षेत्र के लिए गर्म हवाओं का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया था। इसके चलते तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय शहर की सडकें सुनसान नजर आती हैं, और लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही बाहर निकल रहे हैं। जो निकले उन्हें भी बार-बार पानी पीकर अपने कंठो को तर करना पड़ा। दिन में चलने वाली लू के साथ-साथ रात में भी गर्म हवाओं का दौर जारी रहने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। घरों में कूलर और पंखे भी गर्म हवा फेंक रहे हैं, जिससे लोग रातभर बेचैन रहते हैं। भीषण गर्मी का असर बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है, जहां दोपहर में सन्नााटा पसरा रहता है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। 12

## अवैध स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन शुद्धि के तहत थाना भोजपुर पुलिस ने 46.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मोहन पिता भंवरलाल तंवर निवासी ग्राम खाजली थाना भोजपुर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 46.50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख 60 हजार रुपये है। आरोपी के विरुद्ध थाना भोजपुर में अपराध क्रमांक 171/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## चोरी किया गया 5 बोरी गेहूं जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार



**राजगढ़।** जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया 5 बोरी गेहूं जप्त किया है। फरियादी बद्रीलाल पिता रामचरण खाती निवासी ग्राम निपानियागढी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर 1 बजे करीब दो अज्ञात व्यक्ति फरियादी की पिकअप वाहन मे रखे 5 बोरी गेहू कीमत 12000 रुपये चोरी कर ले गये है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 158/2026 धारा 302(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध की पहचान कर आरोपी धर्मेन्द्र जाटव पिता रामचंदर जाटव निवासी बगूची मोहल्ला नरसिंहगढ से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी राजेन्द्र दांगी पिता चंदरलाल दांगी निवासी बाडलिया बना ने जुर्म स्वीकार किया व आरोपी राजेन्द्र पिता चंदरलाल दांगी निवासी पाडलिया बना से चोरी गये 5 बोरी गेहूं कीमत 12000 रुपये जप्त किये।

न मिला मंडप, न आई दुल्हन; शादी के नाम पर देवास में अनोखी महाठगी

# शादी के नाम पर 42 दूल्हों से लाखों ठगे

## फोन पर मॉडल्स की तस्वीरें भेजीं, रात 10 बजे तक इंतजार के बावजूद नहीं पहुंची दुल्हनें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में शातिर बदमाशों ने शादी के नाम पर 42 परिवारों को चूना लगा दिया। उन्होंने सामूहिक समारोह में इंदौर के अनाथ आश्रम की युवतियों से शादी कराने की बात कही और हर परिवार से 12 हजार से लेकर 20 हजार रुपए तक वसूल लिए। रविवार को मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों से दूल्हों को देवास बुलाया गया, लेकिन दुल्हनें ही नहीं पहुंचीं।

सुबह करीब 8 बजे आयोजन स्थल पर पहुंचे वर पक्ष के परिवारों को आयोजनकर्ताओं में से मुकेश बैरागी और उसकी पत्नी सुनीता मिले। उन्हें इंदौर से दुल्हनों के जल्द आने की बात कही। रात 10 बजे तक संबंधित परिवारों के सामने अलग-अलग बहाने बनाते रहे। इससे नाराज लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मुकेश बैरागी, सुनीता और परेशान परिजन को थाने ले आई।



### सोशल मीडिया से निकालकर तस्वीरें भेजीं

शिकायतकर्ता राहुल मीणा ने कहा- हम देवास के हरनियाकलां से आए हैं। हमसे रजिस्ट्रेशन के नाम पर ढाई-ढाई हजार रुपए लिए गए थे। कहा गया था कि इंदौर के मातृ छाया आश्रम की युवती से शादी कराई जाएगी। फोटो दिखाने को कहा तो सोशल मीडिया से निकालकर मॉडलों की तस्वीरें मोबाइल पर भेज दी गईं।

आयोजनकर्ताओं ने 24 अप्रैल को देवास पहुंचने और 25 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन होने की जानकारी दी थी। कहा था कि दहेज का सामान भी दिया जाएगा। जब यहां पहुंचे तो कोई नहीं मिला। फोन भी बंद आ रहा है।

वहीं, एक और दूल्हे अशोक ने बताया कि शादी के नाम पर उनसे 12 हजार रुपए लिए गए थे। कहा गया था कि सादे कपड़ों में आना है। दूल्हे की ड्रेस समेत सभी प्रक्रिया यहीं की जाएंगी। हल्दी और मेहंदी लगाने के लिए भी मना किया गया था।

### माता टेकरी पर शादी होने की बात कही थी

भोपाल से आए दूल्हे ओमप्रकाश प्रजापति ने कहा- हमें बताया गया कि देवास की माता टेकरी पर शादी होगी। मोबाइल पर भेजे गई तस्वीरों में से हमने दुल्हन पसंद की थी।

राजकुमारी ने कहा- भाई रोहित की शादी कराने हम यहां आए थे। ऑनलाइन कागज जमा कराए गए थे।

### चार आरोपियों पर केस दर्ज, दो गिरफ्तार

पुलिस ने मुकेश से पूछताछ की तो उसने कहा- मेरे बड़े भाई दिनेश दास बैरागी इंदौर में काम करते हैं। उन्होंने कहा था कि इंदौर के अनाथ आश्रम की लड़कियों की शादी कराना है। उन्होंने वर पक्ष के लोगों के फोन नंबर भी दिए थे। दूल्हे और उनके परिवारों के देवास पहुंचने के बाद मैंने भाई को फोन लगाया। उन्होंने कहा कि कुछ देर में दुल्हनों समेत वे पहुंच रहे हैं लेकिन कोई नहीं आया। कई बार पूछने के बाद मैंने दिनेश को फोन लगाया तो वह स्विच ऑफ था। मुकेश ने यह भी बताया कि पूरे मामले में उसका ससुर नरसिंह दास बैरागी भी शामिल था, जो लोगों से संपर्क करवाता था। फिलहाल, पुलिस ने मुकेश बैरागी, सुनीता बैरागी, दिनेश बैरागी और नरसिंह दास बैरागी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मुकेश और सुनीता को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिनेश और नरसिंह दास की तलाश में पुलिस पार्टियां भेजी गई हैं।

जब यहां पहुंचे तो बताया गया कि कोई मैडम आ रही हैं, लेकिन रात 12 बजे तक कोई नहीं पहुंचा।

उन्होंने कहा कि कई दूल्हे किराए की कार लेकर आए थे तो कई ने रिश्तेदारों समेत मेहमान भी बुलाए थे।

मानवीयता की मिसाल बनी पुलिस, सुरक्षित हुई महिला की डिलीवरी

# रात में प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को पहुंचाया अस्पताल

## एम्बुलेंस नहीं पहुंची तो गश्त कर रही पुलिस बनी सहारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

पुलिस को आमतौर पर कानून व्यवस्था और सख्ती से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन शनिवार-रविवार की दरमियानी रात सुसनेर पुलिस ने अपने संवेदनशील और मानवीय व्यवहार से एक जरूरतमंद परिवार के लिए देवदूत की भूमिका निभाई। देर रात दिखाई गई पुलिस की तत्परता और मानवता के चलते प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका, जहां उसकी सुरक्षित डिलीवरी करवाई गई। जानकारी के अनुसार नगर की सब्जी मंडी क्षेत्र में बाहर से आकर जूस का व्यवसाय करने वाला एक परिवार निवास कर रहा है।



शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे परिवार की गर्भवती महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसे तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। महिला दर्द से कराह रही थी और परिवार घबराया हुआ था। महिला के पति मोनू शंकर ने आसपास मदद की तलाश शुरू की और नगर के युवा कमल चौहान से चर्चा कर अस्पताल पहुंचने का रास्ता पूछा तथा पूरी समस्या बताई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कमल चौहान ने तुरंत एम्बुलेंस सेवा पर कॉल किया। परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने कई बार फोन लगाए लेकिन काफी देर तक एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी। समय बीतने के साथ महिला की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी और परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हो रहे थे।

इसी दौरान नगर में रात्रि गश्त कर रहे पुलिस आरक्षक आशिष सोनी की नजर वहां खड़े लोगों पर पड़ी। उन्होंने बाइक रोककर लोगों से बातचीत की और पूरी जानकारी ली। कमल चौहान एवं महिला के पति ने पुलिस को बताया कि कई बार कॉल करने के बावजूद एम्बुलेंस नहीं पहुंची है और महिला की स्थिति गंभीर होती जा रही है।

स्थिति को समझते हुए आरक्षक आशिष सोनी ने बिना देर किए थाना वाहन मौके पर बुलवाया। कुछ ही देर में पुलिस वाहन वहां पहुंचा। पुलिसकर्मी एसआई नारायण पुरी, आरक्षक सीताराम दांगी एवं रामेश्वर यादव ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला को सावधानीपूर्वक वाहन में बैठाया और तत्काल सुसनेर सिविल अस्पताल पहुंचाया। रात के कठिन समय में पुलिस की तत्परता के चलते महिला को समय पर उपचार मिल सका। सिविल अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवाई गई। बताया जा रहा है कि महिला और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। घटना के बाद परिजनों ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। परिवारजनों ने कहा कि यदि समय पर पुलिस मदद के लिए नहीं पहुंचती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। इस घटना के बाद मोहल्ले सहित पूरे नगर में सुसनेर पुलिस की सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस सिर्फ अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत पड़ने पर आमजन की मदद के लिए हर समय तत्पर रहती है। रात्रि के समय दिखाई गई पुलिस की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ने लोगों का भरोसा और अधिक मजबूत किया है। नगरवासियों ने पुलिस के इस मानवीय कार्य को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत करते हैं। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि आपात स्थिति में पुलिस आमजन के लिए सबसे बड़ा सहारा बन सकती है।

## सिविल अस्पताल मोबाइल चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सुसनेर।** गत दिनों शासकीय सिविल अस्पताल में हुए मोबाइल चोरी मामले में सुसनेर पुलिस को सफलता मिली है। थाना प्रभारी अक्षय बेस के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल परिसर में सो रहे युवक का मोबाइल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थी, जिसके बाद पीड़ित द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अक्षय बेस के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू की गई। जांच एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी सीताराम पिता नैन सिंह प्रजापत निवासी लालाखेड़ी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कार्रवाई की गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अस्पताल परिसर में होने वाली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं नागरिकों ने भी पुलिस कार्रवाई की सराहना करते हुए अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने की मांग की है।

## पिपलिया मीरा में मैदा मिल में लगी भीषण आग

**सीहोर।** जिले के ग्राम पिपलिया मीरा में बीती रात एक मैदा मिल में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने इतनी तेजी से विकराल रूप धारण किया कि उसने आसपास की कई चीजों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, हालांकि गनीमत रही कि हादसे में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। चश्मदीदों के मुताबिक, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि मिल के पास खड़ा एक ऑटो पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। इसके अलावा, मिल परिसर में रखे कई कीमती कृषि उपकरण भी आग की चपेट में आ गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में भारी आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और फायर ब्रिगेड (दमकल) को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से यह और अधिक नहीं फैल सकी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

सारंगपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी:

# बाइक चोर गिरोह का राजफाश, दो शातिर आरोपित गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन में सारंगपुर पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों और अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस को सफलता हाथ लगी है। क्षेत्र में सक्रिय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का राजफाश करते हुए एक फरार आरोपित सहित 2 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी की 2 मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं।



थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी ने बताया कि एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में गठित विशेष टीम द्वारा चोरी की दो वारदातों का खुलासा किया है। रघुवंशी ने बताया कि पिछले कुछ समय में क्षेत्र से वाहन चोरी की दो प्रमुख शिकायतें दर्ज की गई थीं। पहली घटना 5 अप्रैल 2026 फरियादी लालसिंह पिता हीरालाल तंवर निवासी निपानिया तुला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शासकीय अस्पताल परिसर सारंगपुर से अज्ञात चोर उनकी मोटरसाइकिल चुरा ले गया है। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 270/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। दूसरी घटना 20 मई 2026 फरियादी अरविंद पिता रमेशचंद गुर्जर निवासी पडाना) ने शिवधाम कॉलोनी सारंगपुर में अपने घर के बाहर खडी रेड-ब्लैक रंग की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 39 जेडए 6019) चोरी होने की रिपोर्ट लिखवाई थी। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 412/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### 50 सीसीटीवी खंगाले, साइबर सेल की ली मदद

वारदातों को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने पुलिस टीमों का गठन किया। एक टीम को जमीन पर संदिग्धों की धरपकड के लिए लगाया गया, वहीं दूसरी टीम ने तकनीकी साक्ष्य जुटाने के लिए लगभग 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके साथ ही साइबर सेल की मदद से मिले महत्वपूर्ण तकनीकी सुरागों के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुँचने में कामयाब रही। सघन पूछताछ के बाद आरोपितों ने सारंगपुर क्षेत्र से मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एवं रेड-ब्लैक रंग की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस ने आरोपित उमेश पिता बनेसिंह कंजर (उम्र 30 वर्ष) निवासी कंजर डेरा, थाना पीपलरावा, जिला देवास को पकड़ा। यह आरोपी थाना सारंगपुर के ही एक अन्य अपराध क्रमांक 194/26 धारा 303(2) बीएनएस में लंबे समय से फरार चल रहा था। नरेन्द्र पिता लखन कंजर (उम्र 25 वर्ष) - निवासी कंजर डेरा, थाना पीपलरावा, जिला देवास को भी गिरफ्तार किया गया। चोरी के गिरोह का राजफाश करने में सारंगपुर थाना प्रभारी उनि राहुल रघुवंशी, उनि राहुल सेंधव, सउनि जमनाप्रसाद सिसोदिया, आरक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी, प्रधान आरक्षक गिरीराज मीणा और आरक्षक बनवारी गुर्जर की अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही।



## स्वच्छता के लिए खुद नाली में उतरे सरपंचः मजदूरों संग किया श्रमदान, बोले- साफ गांव में होगा यज्ञ

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र के चाटक्या गांव में रविवार को स्वच्छता को लेकर ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसने ग्रामीणों को प्रेरित कर दिया। भीषण गर्मी और दोपहर की तपती धूप के बीच गांव के सरपंच दुर्गाप्रसाद नागर खुद फावडा लेकर नालियों की सफाई करते नजर आए। उनके साथ 10 से 12 मजदूर भी पूरे उत्साह के साथ सफाई अभियान में जुटे रहे। गांव की गलियों में जमा गंदगी और नालियों में भरे कचरे को निकालने के बाद टैंकर से पानी डलवाकर पूरी नालियों को साफ कराया गया। सरपंच को खुद नाली में उतरकर काम करता देख कई ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। किसी ने सफाई में हाथ बंटाया तो किसी ने इस पहल की सराहना की। सरपंच दुर्गाप्रसाद नागर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित होकर गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उनका कहना है कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि गांव साफ रहेगा तो बीमारियां कम होंगी और लोगों का जीवन भी बेहतर बनेगा। उन्होंने बताया कि गांव में जल्द ही धार्मिक यज्ञ का आयोजन होना है। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरे गांव की साफ-सफाई करवाई जा रही है ताकि स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण में धार्मिक आयोजन संपन्ना हो सके।

## गंगा दशहरा पर साकल बावड़ी की सफाई:जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद का श्रमदान



**बदनावर।** गंगा दशहरा के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को नगर परिषद द्वारा नगर की माथुर कॉलोनी स्थित अति प्राचीन साकल बावड़ी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वर्षों पुरानी इस ऐतिहासिक बावड़ी की सफाई के लिए जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और नगर परिषद अमले ने श्रमदान किया। सफाई अभियान के दौरान श्रमदानियों ने सीढ़ियों के सहारे बावड़ी में उतरकर गाद निकाली। उन्होंने सीढ़ियों और आसपास के हिस्से की भी साफ-सफाई की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार, सीएमओ लाल सिंह राठौर, एल्डरमैन मितेश शर्मा, कन्हैयालाल गुर्जर, कपिल नाहर, भूपेंद्र सिंह मस्ताना, पार्षद अनिता चौहान और सन्तोष चौहान सहित बड़ी संख्या में पार्षद एवं नगर परिषद का अमला मौजूद रहा। साकल बावड़ी बदनावर की प्राचीन जल संरचनाओं में से एक है।

## कलश यात्रा निकाल कर किया पौधारोपण



**महिदपुर रोड।** सोमवार को ग्राम पंचायत बरूखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत गंगा दशहरा पर्व पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के बाद पौधारोपण किया गया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिनिधि बाबूदास बैरागी उपस्थित हुए। सरपंच प्रतिनिधि भरत जाट ने बैरागी का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। ग्राम में निकाली गई कलश यात्रा में कुसुम सांखला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रामकन्या राठौर आशा कार्यकर्ता, नन्ही नन्ही बालिकाओं सहित बड़ी संख्या ग्रामीण महिला ओ ने भाग लिया यात्रा के समापन पर सभी ने संयुक्त रूप से पंचायत प्रांगण में सभी की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया यह जान कारी पंचायत सचिव नौशाद नूर मंसूरी ने दी।

## रेल्वे प्रशासन ने बंद किया शीतला माता मंदिर का रास्ता

**महिदपुर रोड।** नगर के रेल्वे परिसीमा में स्थित शीतला माता मंदिर का रास्ता रेल्वे प्रशासन ने बंद कर दिया है करीब 50 से अधिक वर्षों से इसी रास्ते से नगर की महिलाओं द्वारा माता पूजन, शीतला माता पूजन,और दशा माता पूजन के अलावा बच्चों की शादी के दौरान आयोजित माता पूजन का कार्य होता आया है। नगर वासियों ने विधायक दिनेश जैन बोस, जिला पंचायत सदस्य दलजीत कौर गुर जनपद सदस्य भागवंता बैरागी तथा ग्राम पंचायत की महिला सरपंच ऋतु पाटीदार से संयुक्त रूप से प्रयास कर रेल्वे प्रशा सन के माध्यम से इस रास्ते की आ वाज आवाजाही निरंतर बरकरार रख वाने की मांग की है। इस संबंध में पत्रकार गोपाल उपाध्याय रेल्वे सुविधा विस्तार समिति के प्रहलाद धारविया, कमलसिंह पंवार, कृष्णकांत मीणा, रमेश छाबड़ा ने उज्जैन आलोट संसदीय क्षैत्र के सांसद अनिल फिरोजिया तथा डीआरएम कोटा को भी पत्र लिखकर उनका ध्यान इस और आकर्षित किया है वही इस संबंध में सेक्शन इंजीनियर राजीव रंजन सिंह से संपर्क कर रेल्वे प्रशासन का पक्ष जानने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने मोबाइल अटेंड नहीं किया।



# वेट लॉस के लिए डिनर में सलाद खाना कितना सही?



**फिट रहने के लिए वजन को कंट्रोल में रखना और वजन कम करना कई लोगों की प्राथमिकता बन चुकी है। इसलिए, वर्तमान में कई लोग वजन कम करने के लिए अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करते हैं, जो वजन कम करने में मदद कर सके। ऐसे में सलाद का सेवन भी लोगों में काफी ट्रेंड कर रहा है, जिसमें अलग-अलग तरीकों से तैयार सलाद हल्का, पौष्टिक और कम कैलोरी वाला होता है। इसलिए, वजन कम करने वाले लोग अपनी डाइट में कई बार सिर्फ सलाद शामिल करते हैं, खासकर डिनर के समय। लेकिन क्या रात के खाने में सिर्फ सलाद खाना वजन घटाने का सही तरीका होता है?**

न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि रात के खाने में सिर्फ सलाद खाना वजन कम करने के लिए न ही अच्छा होता है और न ही बुरा। आमतौर पर सलाद सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन डिनर में सिर्फ सलाद खाना वजन म करने में कितना प्रभावी है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके सलाद में क्या-क्या चीजें शामिल हैं। इसके साथ ही, आपका शरीर रोजाना कितनी कैलोरी बर्न कर रहा है और साम का समय कच्चा खाना खाने पर आपका पाचन कैसे रिएक्ट करता है।




## वजन कम करने के लिए डिनर में सलाद कैसे खाएं?

न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा का कहना है कि वेट लॉस के लिए रात के खाने में सलाद शामिल करना तभी फायदेमंद हो सकता है, जब आप इसे संतुलित और सही तरीके से खाते हैं। सलाद में सिर्फ कच्ची सब्जियां खाने के स्थान पर उसमें हेल्दी फैट्स और प्रोटीन भी शामिल करें, जैसे उबला अंडा, पनीर, दाल, चना, टोफू या ग्रिल्ड चिकन मिला सकते हैं। डिनर में सिर्फ सलाद खाने से सेहत को कुछ नुकसान भी पहुंच सकता है, जैसे- सलाद को हेल्दी बनाने के लिए इसमें क्रीम ड्रेसिंग, क्रूटन, चीज, मीठे ड्राई फ्रूट्स आदि मिलाने से कैलोरी इनटेक बढ़ जाता है। सिर्फ लेट्यूस और सब्जियों से भरपूर बाउल खाने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। इसके कारण आपका मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो सकता है। अगर आप अपनी जरूरत से कम खाते हैं तो देर रात आपको भूख ज्यादा लग सकती है और फूड क्रेविंग बढ़ सकती है। रात में ज्यादा मात्रा में कच्ची और रेशेदार सब्जियां खाने से कुछ लोगों में पाचन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकती है, जिससे लेटने पर पेट फूलना, गैस या एसिड रिफ्लक्स की समस्या बढ़ सकती है।

**प्रोटीन को करें शामिल:** केवल सब्जियों से पेट जल्दी खाली हो जाता है। इसलिए सलाद में उबले हुए चने, राजमा, पनीर के टुकड़े, टोफू, या उबला हुआ अंडा जरूर मिलाएं।

**वजन बढ़ाने वाली सब्जियां:** खीरा, ककड़ी, गाजर, मूली, शिमला मिर्च और टमाटर का भरपूर इस्तेमाल करें। ये बहुत कम कैलोरी में पेट भरते हैं।



**हाई-फाइबर हरी पत्तियां:** सलाद में पालक के पत्ते, लेट्यूस, या पत्तागोभी जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें?

कैलोरी से बचें (ड्रेसिंग और टॉपिंग):मेयोनेज और क्रीम से बचें: क्रीमी और रेडीमेड ड्रेसिंग में बहुत अधिक कैलोरी होती है। इसके बजाय जैतून का तेल, नींबू का रस, या घर के गाढ़े फेंटे हुए दही का इस्तेमाल करें।

# पेट का फैट दूसरे अंगों के फैट के मुकाबले घटाना क्यों होता है ज्यादा मुश्किल



आमतौर पर आपने देखा होगा कि वजन कम करने की प्रक्रिया में गाल, हाथ और पैरों की चर्बी तो आसानी से कम होती है, लेकिन सबसे मुश्किल बेली फैट कम करना होता है। यह दिखने में भी बहुत बुरा लगता है। यहां तक कि बेली फैट कम न किया जाए, तो यह हमारे अंदरूनी अंगों पर भी बुरा प्रभाव डाल सकता है। सवाल है, बेली फैट कम होता क्यों नहीं है?

## बेली फैट घटाना क्यों होता है सबसे मुश्किल?

हमारे शरीर की फैट सेल्स में दो तरह के रिसेप्टर्स होते हैं, अल्फा-2 और बीटा-2। बीटा रिसेप्टर्स फैट को तेजी से बर्न करने का संकेत देते हैं, लेकिन अल्फा रिसेप्टर्स फैट को बर्न होने से रोकते हैं। इसके बजाय, इसे स्टोर करके रखते हैं। शरीर के अन्य हिस्सों (जैसे चेहरा या पैर) की तुलना में हमारे पेट और कमर के निचले हिस्से की फैट सेल्स में अल्फा-2 रिसेप्टर्स की संख्या बहुत अधिक होती है। इसी वजह से एक्सरसाइज करने से शरीर के अन्य हिस्सों का फैट बर्न हो जाता है, लेकिन पेट का नहीं।

विसरल फैट पेट के अंदरूनी अंगों जैसे लिवर और आंतों के पास होता है। यह फैट मेटाबॉलिक रूप से बहुत एक्टिव होता है, जो कि शरीर में सूजन और इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ावा देता है।

## हार्मोनल असंतुलन



जब कोई बहुत ज्यादा तनाव में होता है, तो शरीर कोर्टिसोल हार्मोन रिलीज करता है। यह एक तरह का स्ट्रेस हार्मोन है। कोर्टिसोल का सीधा संबंध पेट की चर्बी से है। यह हार्मोन शरीर को संकेत देता है कि वह इमरजेंसी कंडीशन के लिए पेट के आसपास फैट स्टोर करके रखे। इसके अलावा, उम्र बढ़ने के साथ-साथ इंसुलिन का स्तर बढ़ना और महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन के स्तर में कमी भी बेली फैट को बढ़ावा देता है।




# आर्चर के दम पर राजस्थान प्लेऑफ में

## अपने अंतिम मैच में मुंबई को 30 रनसे हराया, पंजाब और कोलकाता बाहर, जोफ्रा ने 32 रन बनाने के बाद चटकाए तीन विकेट

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जिस समय राजस्थान रॉयल्स को सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब जोफ्रा आर्चर संकट मोचक बन गए। उन्होंने अपने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन से रविवार को राजस्थान की टीम को प्लेऑफ में पहुंचा दिया।

बारबाडोस के 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पहले बल्ले से कमाल किया। फिर गेंद से भी धमाल मचाते हुए राजस्थान की मुंबई इंडियंस पर 30 रन जीत दिला दी। इसके साथ ही पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की उम्मीदों पर पानी फिर गया।



आर्चर ने पहले 32 रन बनाकर राजस्थान को 200 के पार पहुंचाने में मदद की। उसके बाद रोहित, नमन और हार्दिक के विकेट लेकर मुंबई को नौ विकेट पर 175 रन पर रोक दिया। अंतिम पांच ओवर में मुंबई को 59 रन चाहिए थे। राजस्थान के गेंदबाजों ने सिर्फ 28 रन दिए और चार विकेट भी हासिल किए। आर्चर ने 16वें ओवर में मुंबई के कप्तान हार्दिक (34) को आउट कर मैच का पासा पलट दिया। अगले ओवर में पुंजा ने शॉर्ट गेंद पर बॉश को चलता कर दिया। मुंबई की टीम पूरी तरह से दबाव में आ गई। सूर्यकुमार (60) को नांद्रे बर्गर ने अपनी गेंद पर आउट कर राजस्थान की जीत तय कर दी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने 38 रन तक चार विकेट गंवा दिए। आर्चर ने पहले ओवर में रोहित को खाता खोले बिना विकेट के पीछे कैच कराने के बाद दूसरे ओवर में नमन की गिल्लियां बिखेरी। बर्गर ने रिकेलटन को सूर्यवंशी से कैच कराया। बृजेश ने पहली ही गेंद पर तिलक का विकेट उखाड़ दिया। पावरप्ले के बाद स्कोर चार विकेट पर 49 रन था। सूर्यकुमार का 27 रन पर यश की गेंद पर बृजेश ने कैच टपकाकर दिया। इसका फायदा उठाकर उन्होंने अर्धशतक जड़ा। जैक्स ने छक्के से टीम के रनों का शतक पूरा किया। वह इसी ओवर में आउट हो गए। राजस्थान के लिए बर्गर, पुंजा और बृजेश ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले राजस्थान ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई भी खिलाड़ी 40 तक भी नहीं पहुंचा। बावजूद इसके टीम ने आठ विकेट पर 205 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने 38, जोफ्रा आर्चर ने 32, दासुन शनाका ने 29 और यशस्वी ने 27 रन बनाए। अंत में रवींद्र जडेजा (19) और नांद्रे बर्गर (10) ने 13 गेंदों में 30 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को दो सौ के पार पहुंचाया।

# जीत के साथ खत्म किया अभियान

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

दिल्ली कैपिटल्स की टीम बेशक प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी लेकिन उसने आईपीएल में सांत्वना भरी जीत के साथ अपना अभियान खत्म किया। रविवार को उसने लीग चरण के आखिरी मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 40 रन से पराजित कर दिया।

इस जीत से दिल्ली की टीम 14 अंक के साथ अंकतालिका में छठे स्थान पर जबकि कोलकाता 13 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहा। जिस मैच की कोई अहमियत नहीं रह गई थी, उसमें दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (60 रन) ने अर्धशतक जड़ दिया। उसकी मदद से टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 203 रन बना लिए। फिर लुंगी एनगिडी और कुलदीप यादव के तीन-तीन विकेट से कोलकाता को 18.4 ओवर में 163 रन पर ढेर कर दिया। दो विकेट मिचेल स्टार्क और एक विकेट अक्षर पटेल को मिला।

राहुल ने 30 गेंद में पांच चौके और चार छक्के से सत्र में छठा अर्धशतक जड़ा। वह 13वें ओवर में आउट हुए जिसके बाद डेविड मिलर (28), अक्षर पटेल (39) और आशुतोष (नाबाद 18) अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए।

बड़ी साझेदारी नहीं- दिल्ली की ओर से कोई बड़ी साझेदारी भी नहीं हुई। सबसे बड़ी साझेदारी दूसरे विकेट के लिए हुई जिसमें राहुल ने साहिर परख के साथ 47 रन जोड़े। दूसरी ओर मेजबान उप-कप्तान रिंकू सिंह ने साहिल परख का कैच तब छोड़ दिया, जब वह सात रन पर थे।

वरुण से गेंदबाजी !- यह बात समझ से परे थी कि इस बेमानी मैच में भी वरुण चक्रवर्ती से गेंदबाजी क्यों करवाई जबकि इस भारतीय स्पिनर के बाएं पैर के अंगूठे में ह्यहेयरलाइन फ्रैक्चरह्व था। उन्होंने 35 रन देकर दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल (39) के रूप में एक विकेट लिया।

## 22 भारतीय शूटर साधेंगे निशाना

नई दिल्ली। भारत राइफल/पिस्टल विश्व कप में 22-सदस्यीय टीम उतारेगा। इसमें दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर मिश्रित टीम के अलावा दो व्यक्तिगत पिस्टल स्पधाओं में भी हिस्सा लेंगी। म्यूनिख में 31 मई तक होने वाले टूर्नामेंट के मुकाबले 26 मई से शुरू होंगे।

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### क्षतिग्रस्त रोड का डामरीकरण शुरू एमआईसी मेंबर ने खुद देखी स्थिति



**इंदौर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहा सुखलिया से चंद्रगुप्त चौराहा एमआर-10 तक मेट्रो कॉरिडोर निर्माण के कारण खराब हुई सड़क का डामरीकरण शुरू कर दिया गया है। सोमवार को एमआईसी सदस्य एवं जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। राजेंद्र राठौर ने कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मेट्रो कॉरिडोर निर्माण कार्य के दौरान सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम ने यातायात व्यवस्था सुचारु करने और लोगों की सुविधा के लिए सड़क के नवीनीकरण और संधारण का काम तेज कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि सड़क के सेंट्रल डिवाइडर और मीडियन का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। यहां आकर्षक पौधारोपण किया जा रहा है। सड़क पर आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था स्थापित की जा रही है। इससे मार्ग की रोशनी और सौंदर्य दोनों बेहतर होंगे। राजेंद्र राठौर ने बताया कि आने वाले समय में इस मार्ग को आदर्श सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां बेहतर यातायात व्यवस्था के साथ सौंदर्यीकरण के सभी मानकों का ध्यान रखा जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी पुलिस घेराबंदी तोड़कर फरार



**इंदौर।** इंदौर और धार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान अवैध हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी चेतन नाथ पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जबकि उसका साथी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध पिस्टल सप्लाई करने के आरोप हैं। पुलिस के मुताबिक राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र से फरार चल रहे आरोपी चेतन नाथ निवासी अहीरखेड़ी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। उस पर द्वारकापुरी और राजेंद्र नगर इलाके में करीब एक दर्जन लोगों को अवैध हथियार सप्लाई करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार करीब 12 दिन पहले राजेंद्र नगर पुलिस ने अक्षय शर्मा को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में अक्षय ने चेतन नाथ का नाम उजागर करते हुए बताया था कि चेतन कई लोगों को अवैध पिस्टल बेच चुका है। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। रविवार को धार जिले के नौगांव थाना पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने संजय उर्फ सत्या को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी पिस्टल और मोपेड बरामद की। हालांकि मौके पर मौजूद चेतन नाथ पुलिस को देखकर फरार हो गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार चेतन नाथ पर हत्या, लूट और मारपीट सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। बताया गया है कि वह हाल ही में एक हत्याकांड के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद वह अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त में सक्रिय हो गया। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी चेतन नाथ की तलाश में जुटी है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### बुलेट चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार, 10 से ज्यादा बाइक बरामद

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को वाहन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की करीब एक दर्जन बुलेट और बाइक बरामद हुई हैं। आरोपी महंगी बुलेट चोरी कर उसे ऑर्डर पर उपलब्ध कराते थे। टीआई सियाराम गुर्जर की टीम ने शिवेंद्र, वीरेंद्र और पंकज नाम के तीन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों से चोरी की लगभग चार बुलेट और अन्य बाइक बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी सूने इलाकों से वाहन चोरी करते थे और इसे शौक-मौज के लिए अंजाम देते थे। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वे ऑर्डर पर बुलेट उपलब्ध कराते थे। इस मामले में एक अन्य आरोपी साहिल का नाम भी सामने आया था, जिसे पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया। मामले की जांच जारी है।

**तिलक नगर क्षेत्र में एक ज्वेलर्स संचालक के घर चोरी की वारदात हुई :** सुमन बेरा निवासी गोयल नगर ने बताया कि रविवार दोपहर वह घर पर ताला लगाकर कॉलोनी में कार्यक्रम में गई थीं। लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अलमारी से जेवर व नकदी गायब थे। चोरी की गई सामग्री में सोने की पांच अंगूठियां, दो लॉकेट, चेन, कंगन, चूड़ियां और नकदी शामिल है। तिलक नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। विजयनगर क्षेत्र में रहने वाली कीर्ति गघोरिया ने मालवीय नगर में हुई चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 15 मई को कार्यक्रम में जाने के बाद घर लौटने पर अलमारी से सोने का हार और कान की बालियां गायब थीं। पीड़िता ने इस मामले में अपने रिश्तेदार दंपती पर संदेह जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रीवा में दो साध्वियों की सड़क हादसे में मौत के विरोध में सोमवार को इंदौर में जैन समाज ने मौन रैली निकाली

# समाजजन राजबाड़ा से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रीवा में दो साध्वियों की सड़क हादसे में मौत के विरोध में सोमवार को इंदौर में जैन समाज ने मौन रैली निकाली। बड़ी संख्या में समाजजन राजबाड़ा से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को सीधे ज्ञापन देने की मांग पर अड़ गए।

जैन समाज के लोग सुबह 8 बजे से कलेक्टर कार्यालय पहुंचना शुरू हो गए थे। समाज प्रतिनिधियों ने कलेक्टर शिवम वर्मा से स्वयं उपस्थित होकर ज्ञापन लेने की मांग की। प्रशासन की ओर से समाज के कुछ पदाधिकारियों को ऊपर बुलाकर ज्ञापन देने का प्रस्ताव दिया गया, लेकिन समाजजन इस पर सहमत नहीं हुए। उनका कहना था कि मामला समाज की आस्था और सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए ज्ञापन कलेक्टर को ही सौंपा जाना चाहिए।




समाजजन दोपहर 1.30 बजे तक कलेक्टर को नीचे बुलाकर ज्ञापन देने की मांग पर डटे रहे। इसी दौरान जानकारी मिली कि कलेक्टर वृद्धजन की समस्याओं से संबंधित सुनवाई में व्यस्त हैं। इसके बाद जैन समाज की महिलाएं अंदर पहुंचीं और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

मांग पूरी नहीं होने पर समाजजन कलेक्टर कार्यालय परिसर में जमीन पर बैठ गए। कई लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए वहीं डटे रहे। समाजजन लगातार कलेक्टर से सीधे मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने की मांग करते रहे।

#### हाथों में तख्तियां लेकर निकली रैली

राजबाड़ा से निकली मौन रैली में शामिल समाजजन हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। इन पर हम न्याय चाहते हैं, संतों की सुरक्षा के लिए प्रोटोकॉल लागू करो और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले असुरक्षित क्यों जैसे संदेश लिखे थे। समाज प्रतिनिधियों ने प्रशासन से साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू करने और इस दिशा में ठोस कार्रवाई का आश्वासन देने की मांग की है।

#### रीवा हादसे के विरोध में प्रदर्शन

दरअसल, 20 मई को रीवा कलेक्ट्रेट के सामने सड़क किनारे पैदल विहार कर रही तीन जैन साध्वियों को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इस हादसे में पूज्य श्रुतमति माताजी और उपशममति माताजी का समाधिमरण हो गया, जबकि एक अन्य आर्यिका माताजी गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है।

# नगर सैनिक ने युवक को घर में घुसकर पीटा

## घसीटते हुए बाहर लाकर अपशब्द कहे, साथ आई मंगेतर ने भी मारीं लातें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में होमगार्ड के एक नगर सैनिक ने घर में घुसकर एक व्यक्ति से जमकर मारपीट की। उसने उस व्यक्ति को घर के अंदर पीटा, फिर घसीटते हुए बाहर लाया। बाहर उसने डंडों से मारपीट की। इस पूरे घटनाक्रम का एक और वीडियो सोमवार को सामने आया है।

घटना रविवार शाम करीब 4.30 बजे की है। इसके बाद एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कीचड़ से सनी वर्दी पहने नगर सैनिक दिखाई दे रहा था। उसके आसपास रहवासियों की भीड़ भी मौजूद थी। सोमवार दोपहर एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें वह और उसकी मंगेतर युवक को झाड़ू और लातों से मारते दिखाई दे रहे हैं।

जब नगर सैनिक युवक को बेरहमी से पीट रहा था, तब मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। रहवासियों ने उसे पकड़



लिया। इस दौरान झूमाझटकी में उसकी वर्दी भी कीचड़ में खराब हो गई थी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों ने नगर सैनिक पर घर में चोरी की नीयत से घुसने का आरोप लगाया। हालांकि, बाद में हुई शिकायत में पीड़ित पक्ष ने पुराने विवाद के चलते उसके घर आने की बात कही। वहीं, नगर सैनिक ने मंगेतर के विवाद में एक युवक को ढूंढते हुए वहां पहुंचने की बात कही। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। छत्रीपुरा थाना पुलिस ने 12 खोली राजमोहल्ला निवासी महिला यशोदा पथरोड की शिकायत पर हवा बंगला कुंदन नगर निवासी होमगार्ड सैनिक प्रशांत श्रीवास और उसकी मंगेतर साक्षी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। यशोदा ने शिकायत में पुलिस को बताया कि वह घर पर थी। तभी उसके देवर राजेश की दोस्त ममता की बेटी साक्षी एक वर्दी पहने युवक के साथ उनके घर आई। पुराने विवाद को लेकर दोनों देवर राजेश को अपशब्द कहने लगे। यह सुनकर मेरे पति हीरालाल पथरोड बाहर आए। उन्होंने और मेरे देवर ने उन दोनों को अपशब्द कहने से मना किया। इससे गुस्साई साक्षी ने साथ आए वर्दीधारी युवक प्रशांत को मारपीट करने के लिए कह दिया। इतना सुनते ही प्रशांत ने राजेश को गिरा दिया। वह उसे घसीटते हुए सड़क पर ले गया। यहां साक्षी ने राजेश पर पत्थर से मारा, जो उसके सिर पर लगा।

महिलाओं ने अधिकारियों से कहा

# पानी नहीं दे सकते तो फिर बिल किस बात का ले रहे हो?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बढ़ते जलसंकट को लेकर लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर नजर आने लगा है। शहर की बस्तियों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। महावर नगर के रहवासियों ने पानी की समस्या से परेशान होकर जोनल कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की।

जलसंकट के हालात और विकट हो चुके हैं। बस्तियों में लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। न नलों में पानी आ रहा है और न ही टैंकर बस्तियों तक पहुंच रहे हैं। इंदौर की महावर नगर बस्ती के लोगों ने जलसंकट से परेशान होकर नगर निगम के जोनल कार्यालय का घेराव कर दिया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। महिलाओं ने अधिकारियों से कहा, जब पानी नहीं दे सकते, तो फिर बिल किस बात का ले रहे हो? हम हर महीने 200 रुपये जलकर भरते हैं, लेकिन उसके बदले पानी नहीं मिल रहा है। प्रदर्शन के दौरान महापौर पानी दो, पानी नहीं तो इस्तीफा दो के नारे भी लगाए गए। महिलाओं ने मटके और खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए। ब्लॉक अध्यक्ष जतिन थौरात, वार्ड अध्यक्ष प्रवीण पाटनी और प्रकाश महावर कोली के साथ बड़ी संख्या में रहवासी जोनल कार्यालय पहुंचे। इस दौरान महिलाओं ने अधिकारियों को घेरते हुए कहा कि महावर नगर में पिछले दो माह से भीषण जल संकट बना हुआ है।

### भोजशाला में संस्कृत विश्वविद्यालय और सरस्वती लोक बनाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धार स्थित भोजशाला मामले में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर हाई कोर्ट के आदेश के बाद विभिन्न मांगों को पूरा करने का निवेदन किया है। संगठन ने भोजशाला को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे हैं। मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यकाल में न्यायालय द्वारा भोजशाला को मां सरस्वती मंदिर के रूप में मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि अब वहां वर्षभर पूजा शुरू हो चुकी है और शुक्रवार को नमाज भी नहीं हुई, जिसे हिंदू पक्ष बड़ी उपलब्धि मान रहा है। उन्होंने बताया कि हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजना अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में वरिष्ठ एडवोकेट हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन और अविनय जोशी के माध्यम से भोजशाला मामले में जनहित याचिका दायर की गई थी। इसी प्रकरण में 15 मई 2026 को हाई कोर्ट ने विस्तृत आदेश पारित किया। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ब्रिटिश संग्रहालय, लंदन में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा को भारत वापस लाने के प्रयास तेज किए जाएं और उसे पुनः भोजशाला में स्थापित किया जाए। पत्र में भोजशाला परिसर में मां सरस्वती लोक विकसित करने की मांग भी की गई है, ताकि इसे धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

### शादी के नाम पर 42 दूल्हों से लाखों ठगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवास में शातिर बदमाशों ने शादी के नाम पर 42 परिवारों को चूना लगा दिया। उन्होंने सामूहिक समारोह में इंदौर के अनाथ आश्रम की युवतियों से शादी कराने की बात कही और हर परिवार से 12 हजार से लेकर 20 हजार रुपए तक वसूल लिए। रविवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों से दूल्हों को देवास बुलाया गया, लेकिन दुल्हनें ही नहीं पहुंचीं। सुबह करीब 8 बजे आयोजनस्थल पर पहुंचे वर पक्ष के परिवारों को आयोजनकर्ताओं में से मुकेश बैरागी और उसकी पत्नी सुनीता मिले।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथिः 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा
2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com